CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 06°C

देहरादून, शुक्रवार 2 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 146 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की जताई उम्मीद पेज 2




भारतीय क्रिकेट जगत ने नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत खेल टाइम्स



जलवायु परिवर्तन के समाधानों को और अधिक व्यापक बनाना जरूरी सम्पादकीय



भारतवंशी ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर बने-कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली पेज 12

# स्विट्जरलैंड के रिसॉर्ट में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान ब्लास्ट, 40 की मौत

बर्न, वार्ता

**स्विट्जरलैंड** के क्रांस मोंटाना शहर के अल्पाइन स्की रिसार्ट में गुरुवार को न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान विस्फोट हुआ। न्यूज मीडिया 'द मिरर' ने लोकल मीडिया से हवाले से बताया कि विस्फोट में 40 लोग मारे गए हैं, जबकि 100 से ज्यादा घायल हैं।

स्विट्जरलैंड पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें बताया कि विस्फोट रिसार्ट के कॉन्स्टेलेशन बार में रात 1:30 बजे हुआ। हालांकि पुलिस ने मरने वालों की संख्या नहीं बताई गई लेकिन कहा कि कई दर्जन लोगों की मौत की आशंका है, जिनमें कई देशों के नागरिक शामिल हैं। फिलहाल क्रांस-मोंटाना शहर को नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों के मुताबिक अस्पताल झुलसे हुए मरीजों से भर गए हैं। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे वाली जगह क्रांस मोंटाना एडवेंचर गेम्स के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध टूरिस्ट प्लेस इंटरलाकेन से करीब 100किमी की दूरी पर है। वहां पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और ट्रेकिंग के लिए दुनियाभर के लोग पहुंचते हैं। थून और ब्रिएंज झील के बीच बसे इंटरलाकेन से आल्प्स माउंटेन रेंज के आइगर, मोंक और जुंगफ्राउ पर्वतों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और स्विस पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। हादसे के बाद गुरुवार सुबह इलाके में सन्नाटा था, यहां पुलिस और रेस्क्यू दस्ता ही दिखाई दिया। स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के मुताबिक यह धमाका और उसके बाद लगी आग शायद एक -शेष पृष्ठ दो पर



- 100 घायल, क्रांस-मोंटाना शहर नो फ्लाई जोन घोषित किया
- मृतकों में कई विदेशी लोग शामिल

### भारत से लेकर अमेरिका तक नए साल का जश्न

**नई दिल्ली।** भारत समेत दुनियाभर में साल 2026 का आगाज हो चुका है। दिल्ली में इंडिया गेट पर लोगों ने काउंटडाउन के साथ नए साल का स्वागत किया, जबकि जम्मू- कश्मीर में बर्फबारी के बीच जश्न मनाया गया। सबसे पहले न्यूजीलैंड ने 2026 में एंट्री की, जहां आकलैंड के स्काई टावर पर भव्य आतिशबाजी हुई। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर जश्न मनाने 10 लाख लोग पहुंचे। जापान, चीन, सिंगापुर, यूएई, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में आतिशबाजी की गई। अलग-अलग टाइम जोन के कारण भारत से पहले 29 देशों में 2026 का स्वागत हुआ। ब्रिटेन में टेम्स नदी के किनारे मौजूद लंदन आई पर शानदार आतिशबाजी कर नए साल का स्वागत किया गया। पेरिस में एफिल टावर पर नए साल के स्वागत में हुई आतिशबाजी, दुबई स्थित दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा में आतिशबाजी हुई। लाइट और साउंड शो से पूरी बिल्डिंग जगमगा उठी। चीन के बीजिंग में न्यू ईयर सेलिब्रेशन इवेंट के दौरान ड्रोन और लेजर शो किए गए।

# फरवरी से 15 वाली सिगरेट 18 रुपये की होगी!

- केंद्र सरकार ने सेस हटाकर एक्साइज ड्यूटी बढ़ाई
- राजस्व घाटे की भरपाई के लिए फैसला

**नई दिल्ली।** अगले महीने से सिगरेट की कीमतें 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसकी वजह है सरकार की और से लगाई गई एक्साइज ड्यूटी। इसे लेकर 31 दिसम्बर को एक नोटिफिकेशन जारी किया है।

इसके मुताबिक एक फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से लेकर 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। बाजार जानकारों का कहना है कि टैक्स के इस बोझ को कम करने के लिए कंपनियां सिगरेट की कीमतें बढ़ा सकती है। सिगरेट पर अभी तक 28 फीसदी जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50 फीसदी से ज्यादा हो जाता था। 3 सितम्बर को किए गए बदलाव के बाद सिगरेट पर जीएसटी को बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया गया, लेकिन सेस हटा दिया। नई दरें फरवरी 2026 से लागू होंगी, अगर सरकार एक्साइज को लेकर कुछ नहीं करती तो सिगरेट सस्ती हो जाती। रेवेन्यू बचाने के लिए सरकार ने सेस की जगह अब परमानेंट एक्साइज ड्यूटी लगा दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी-कोलकाता के बीच चलेगी

**नई दिल्ली।** पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है। सेकेंड एसी का किराया 3,000 होगा। फर्स्ट एसी का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा कर लिया है। स्लीपर ट्रेन को 1000 किलोमीटर से ज्यादा लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के आखिर तक लगभग 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी। दो दिन पहले इस ट्रेन का ट्रायल रन किया गया था। यह ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी।

### प्लेन उड़ाने से पहले एयर इंडिया पायलट ने शराब पी

**नई दिल्ली।** कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट के पायलट को विमान से उतार दिया गया। पायलट पर शराब पीने का आरोप था। मामला 23 दिसम्बर का है, एयर इंडिया की फ्लाइट एआई186 टेक-ऑफ करने वाली थी। तभी वैंकूवर एयरपोर्ट के एक स्टाफ ने पायलट को वाइन पीते हुए देखा। जिसके बाद कर्मचारी ने अधिकारियों से शिकायत की। कनाडाई अधिकारियों पायलट के पास जांच करने पहुंचे तो उसके मुंह के पास से महक आई। फिर पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट लिया गया। जिसमें वह फेल हो गया।

### सकल जीएसटी संग्रह दिसम्बर में 6.1 % बढ़कर 1,74,550 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत कुल राजस्व संग्रह दिसम्बर में सालाना आधार पर 6.1 प्रतिशत बढ़कर 1,74,550 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, दिसम्बर में जीएसटी का घरेलू संग्रह 1.2 फीसदी बढ़कर 1,22,574 करोड़ रुपये और आयात पर कर से प्राप्त राजस्व 19.7 फीसदी बढ़कर 51,977 करोड़ रुपये हो गया। कुल रिफंड में दिसम्बर 2024 की तुलना में 30.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# यूपी के 35 शहरों में घना कोहरा

## आज मेरठ सहित 14 जिलों में बारिश की संभावना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 35 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। कोल्ड वेव भी है। मेरठ-गाजियाबाद समेत 14 जिलों में बारिश की संभावना है। बुधवार को कानपुर सबसे ठंडा रहा, यहां मिनिमम टेम्परेचर 4.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

राजस्थान के जयपुर-चित्तौड़गढ़ में गुरुवार सुबह तेज बारिश हुई। 8 से ज्यादा जिलों में बारिश की चेतावनी है। हरियाणा के कुछ शहरों में बारिश हुई है। प्रदेश के सभी स्कूलों में विंटर वेकेशन घोषित किए गए। पंजाब के ज्यादातर जिलों में घना कोहरे छाया। बूंदाबादी भी हुई, कोल्ड वेव भी है। मौसम विभाग ने सभी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गुरदासपुर में सबसे कम टेम्परेचर 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। पहाड़ी राज्यों हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जारी है। दिल्ली में 31 दिसम्बर को पिछले 6 साल में सबसे कम टेम्परेचर 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। 2019 में ये 9.4 डिग्री सेल्सियस था। दिल्ली में भी बारिश का अलर्ट है। कश्मीर घाटी में 31 दिसम्बर को तेज बर्फबारी हुई। कश्मीर घाटी में तापमान में तेज गिरावट है। गुलमर्ग में बर्फबारी जारी है। यहां टूरिस्ट्स की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरेज में बर्फबारी हुई। सड़क पर 8 इंच से 1 फीट तक बर्फ जमा हो गई। 2 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ में घने कोहरे का अलर्ट है। जम्मू- कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निचले इलाकों में बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के आसार, जिससे सर्दी और बढ़ेगी। 3 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ में कोहरे का अलर्ट है। जम्मू-कश्मीर, -शेष पृष्ठ दो पर



गुलमर्ग में साल के पहले दिन बर्फ से ढके इलाके का एक दृश्य।

### हल्की बारिश के साथ दिल्ली ने किया नए साल का स्वागत, ठंड रहेगी बरकरार

- राजस्थान और हरियाणा में हुई बारिश
- दिल्ली में 31 दिसम्बर रहा छह साल में सबसे ठंडा दिन

**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन गुरुवार सुबह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली- एनसीआर में नए साल के पहले दिन लोगों के ऑफिस जाने से पहले हल्की बारिश हुई।

राष्ट्रीय राजधानी के पालम में हुई हल्की बारिश से हवाई अड्डे पर दृश्यता में सुधार देखा गया, जहां केवल हल्का कोहरा दर्ज किया गया। पालम और सफदरजंग दोनों स्थानों पर दृश्यता 500 मीटर रही, जबकि एक दिन पहले अत्यधिक घने कोहरे के कारण दृश्यता केवल 50 मीटर थी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, पूर्वाह्न और दोपहर के समय दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। आज सुबह 9:05 बजे राजधानी की वायु गुणवत्ता पिछले दिन के 24 घंटे के औसत एक्यूआई 373 की तुलना में मामूली सुधार के साथ 371 दर्ज की गई।

# बांग्लादेश में एक और हिंदू पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

## जिंदा जलाने की कोशिश, तालाब में कूदकर बचाई जान

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश** के शरियतपुर जिले के दामुद्या इलाके में बुधवार रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। बाजार बंद कर घर लौट रहे एक कारोबारी पर बदमाशों ने हमला कर दिया। पहले बेरहमी से पिटाई की गई, फिर धारदार हथियार से वार किया गया और आखिर में शरीर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई।

गंभीर हालत में कारोबारी को ढाका रेफर किया गया है। घायल कारोबारी की पहचान 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास के रूप में हुई है। वह केनश्वर यूनियन के केउरभंगा बाजार में दवा और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं।



- पुलिस जांच में जुटी, दो आरोपी चिन्हित

पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर वह दिन की कमाई लेकर सीएनजी आटो से घर लौट रहे थे। इसी दौरान दामुद्या- शरियतपुर रोड पर केउरभंगा बाजार के पास बदमाशों ने आटो रुकवाया और उन पर हमला कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बदमाशों ने पहले खोकन चंद्र दास की पिटाई की। इसके बाद उन पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। यहीं नहीं रुके हमलावर, बल्कि उन्होंने खोकन के सिर पर पेट्रोल डाला और आग लगा दी। अचानक हुए इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए खोकन चंद्र दास सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

### वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 7 % महंगा

**नई दिल्ली।** तेल विपणन कंपनियों ने नए साल पर वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब सात प्रतिशत की भारी-भरकम बढ़ोतरी की है, जबकि घरेलू सिलेंडर के दाम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार से 19 किलोग्राम वाला वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर 1,691.50 रुपये का हो गया है। यह जून 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। दिसम्बर में इसकी कीमत 1580.50 रुपये थी।

# राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश उच्चायोग जाकर खालिदा जिया को दी श्रद्धांजलि



- रक्षा मंत्री ने शोक पुस्तिका पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश उच्चायोग जाकर पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर संवेदना व्यक्त की। श्री सिंह ने एक पोस्ट में इसकी तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि मैं नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग गया।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार और बांग्लादेश की जनता के साथ हैं। भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त एम. रियाज हमीदुल्ला ने भी श्री सिंह के उच्चायोग आने के संबंध में एक्स पर एक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया। उन्होंने भारत की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष दिवंगत बेगम खालिदा जिया को श्रृद्धांजलि अर्पित की और संवेदना व्यक्त की।

### DRDO के हथियारों की ऑपरेशन सिंदूर में निर्णायक भूमिका

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियार प्रणालियों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति संगठन की पेशेवर क्षमता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री सिंह ने डीआरडीओ मुख्यालय में 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस कर भारत की स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए संगठन की सराहना की।

# भारत-पाक ने एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों की जानकारी दी

## 35 साल पुरानी परंपरा, नई दिल्ली-इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिये लिस्ट का आदान-प्रदान किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार एक जनवरी को एक-दूसरे के साथ अपने परमाणु ठिकानों की लिस्ट शेयर की है। ये ठिकाने वही हैं, जहां दोनों देशों के परमाणु हथियार रखे जाते हैं। यह परंपरा पिछले 35 साल से चल रही है।

भारत और पाकिस्तान ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक चैनलों के जरिये इस लिस्ट का आदान-प्रदान किया। यह सूची भारत और पाकिस्तान के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत आती है। यह समझौता 31 दिसम्बर 1988 को साइन किया गया था। इसमें लिखा है कि दोनों देश इन परमाणु ठिकानों पर हमला नहीं करेंगे। समझौता 27 जनवरी 1991 से लागू हुआ। इसके तहत भारत और पाकिस्तान हर कैलेंडर वर्ष के एक जनवरी को एक-दूसरे को परमाणु ठिकानों के बारे में बताते हैं। पहली बार लिस्ट एक जनवरी 1992 को शेयर की गई थी।




- सीपरी की रिपोर्ट में दावा- भारत के पास 180 परमाणु हथियार

### एक दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का भी किया आदान-प्रदान

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों और मछुआरों की सूची का गुरुवार को आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि कैदियों की सूची का आदान-प्रदान वर्ष 2008 के द्विपक्षीय वाणिज्य दूतावास संपर्क समझौते के अंतर्गत नई दिल्ली और इस्लामाबाद में कूटनीतिक माध्यमों से किया गया।

भारत ने उसकी जेलों में बंद 391 असैनिक कैदियों और 33 मछुआरों की जानकारी साझा की है। ये सभी पाकिस्तानी नागरिक हैं या माने जाते हैं। इसी प्रकार पाकिस्तान ने उसकी जेलों में बंद 58 असैनिक कैदियों और 199 मछुआरों की जानकारी साझा की है, जो भारतीय नागरिक हैं या भारतीय माने जाते हैं। भारत ने पाकिस्तान से उसकी जेलों में बंद असैनिक कैदियों और मछुआरों को उनकी नौकाओं सहित तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाजीवाद की तरह भारत में भी चरमपंथ खत्म होगा: फारूक

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि देश में कुछ लोग हिटलर की विचारधारा का पालन कर रहे हैं, लेकिन एक समय आएगा जब भारत में चरमपंथ समाप्त हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने नए साल के अवसर पर देश में अमन-चैन और खुशहाली की भी प्रार्थना की। अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी उस मामले में की जब देश के अलग-अलग हिस्सों में कश्मीरी शॉल बेचने वालों पर हुए हमलों के बारे में उनसे सवाल पूछे गए थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिटलर के रास्ते पर चल रहे हैं और और वे चाहते हैं कि यहां हिटलर का निजाम स्थापित हो। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने नाजीवाद के पतन का वर्णन करते हुए कहा कि हिटलर ने खुद को गोली मार ली और वह खत्म हो गया। जैसे नाजीवाद खत्म हुआ, वैसे ही एक समय आएगा जब हमारे देश में भी चरमपंथ समाप्त हो जाएगा।

### सड़क हादसे में बाल बाल बचे कबीना मंत्री संजय निषाद

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के कबीना मंत्री संजय निषाद आगरा के डौकी इलाके में गुरुवार को एक सड़क हादसे में बाल बाल बच गए। आज दोपहर निषाद आगरा में बाह इलाके से शहर की तरफ आ रहे थे। मंत्री का काफिला तेजी से शहर की तरफ बढ़ रहा था। तभी अचानक से संजय निषाद की गाड़ी के सामने कुत्ता आ गया। कुत्ता बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक लिए लिहा. जा पीछे से आ रही किसी अन्य व्यक्ति की गाड़ी टकरा गई। हादसे के बाद गाड़ियों का काफिला रुक गया और अफरा तफरी का माहौल हो गया। काफी देर तक गहमा गहमी रही उसके बाद संजय निषाद का काफिला शहर की तरफ बढ़ा।

### सेंट्रल जीएसटी अधिकारियों के काले कारनामों का चिट्ठा

# घर के फर्नीचर देख दंग रह गई सीबीआई टीम

**झांसी।**



- सोने-चांदी की ईंट और गहने, अपनी तैनाती के दौरान अफसरों ने जमा कर ली थी अकूत संपत्ति
- नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी, गद्दे फाड़कर रकम बरामद हुई, गिनने को मशीनें मंगवाई गई

झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों ने अपनी तैनाती के दौरान अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उनके आलीशान मकान एवं रहन-सहन देख सीबीआई टीम भी दंग रह गई। छापे के दौरान सीबीआई ने 1.60 करोड़ रुपये समेत सोने-चांदी की ईंट एवं जेव. रात बरामद किए। घरों में नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी। गद्दे फाड़ने के बाद रकम बरामद हो सकी।

भारी मात्रा में मिलनी नकदी को गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गईं। सीबीआई टीम सबसे पहले सेवाराम मिल कंपाउंड निवासी अनिल तिवारी के यहां पहुंची। अनिल के यहां महंगे फर्नीचर समेत पूरे घर में लग्जरी वस्तुएं थीं। एक से एक महंगे आइटमों का घर की सजावट में इस्तेमाल हुआ था। सीबीआई को यहां से कई गोपनीय फाइल भी मिली। टीम इसे अपने साथ ले गई। यहां से नकदी भी बरामद हुई। सीबीआई को बताया गया कि अनिल झांसी में करीब ढाई दशक से तैनात हैं। जीएसटी से जुड़े सारे विवादित मामले अनिल के सहारे सुलझाए जाते हैं। दो साल पहले उनका आगरा तबा. दला हो गया था, लेकिन कुछ महीनों बाद वह दोबारा झांसी आ गए। ढाई दशक की तैनाती के दौरान अनिल ने अकूत संपत्ति जमा कर ली। अनिल सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्तरा में पार्टनर समेत जमीन के कारोबार में भी शामिल हैं। जमीन के धंधे में करोड़ों रुपये लगा रखे हैं। वहीं स्टेशन रोड निवासी अजय शर्मा ने भी अपनी चार साल की तैनाती में अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उसके घर में भी लग्जरी आइटमों की भरमार मिली। उनके पास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। डिप्टी कमिश्नर आईआरएस प्रभा भंडारी की छह माह पहले तैनाती हुई थी। हालांकि उन्होंने भी अनिल एवं अजय के हवाले ही पूरा कार्यालय कर दिया था। बताया जाता है कि प्रभा ने कुछ माह पहले ही 68 लाख रुपये का फ्लैट खरीदा था। जीएसटी अफसरों के पास से घूस के तौर पर 70 लाख समेत 1.60 करोड़ रुपये बरामद हुए। उनके घर से सोने-चांदी की ईंट एवं शेयर मार्केट में पैसा लगाए जाने की बात भी उजागर हुई।

### मैडम पैसा मिल गया है, जवाब मिला: इसे गोल्ड में बदलकर दे देना

**झांसी।** झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों की मिलीभगत से सरक. ारी खजाने को चपत लगाए जाने का भी खेल काफी समय से चल रहा था। इसका भंडाफोड़ भी पिछले महीने ही हुआ। उसके बाद से ही सेंट्रल जीएसटी के अफसर सीबीआई के रडार पर आ गए थे। उस दौरान झांसी मंडल में 17 बोगस फर्म पकड़ी गई। साठगांठ करके इनको सिर्फ कागजों में बनाया गया था। इनके सहारे करीब 25 करोड़ रुपये का आरटीसी इनपुट क्रेडिट क्लेम का लेनदेन पकड़ में आया था। अभी तक की छानबीन में इस रैकेट के तार झांसी से लेकर मुरादाबाद, लखनऊ, महाराष्ट्र एवं गुजरात तक से जुडे हैं। झांसी परिक्षेत्र में कुल 71,861 फर्म जीएसटी में पंजीकृत हैं, इनमें 41,330 फर्म राज्य जीएसटी और 30,511 फर्म सेंट्रल जीएसटी के दायरे में हैं। नवंबर में मुरादाबाद एवं लखनऊ में फर्जी फर्मों की जांच के बाद झांसी मंडल में 17 फर्में सिर्फ कागजों पर कारोबार करती पाई गईं। जांच करने पर मालूम चला कि बगैर खरीद किए ही इनकी ओर से माल बिक्री दिखाई गई थी। खरीद और बिक्री के बीच बड़ा अंतर मिला। फर्जी दस्तावेजों के सहारे इन फर्मों का सीजीएसटी के माध्यम से पंजीकरण कराया गया था। पंजीकरण के बाद से इन्होंने 25 करोड़ रुपये की चपत लगाई।

## नववर्ष आत्ममंथन सकारात्मक सोच व नए संकल्पों का समय: आनंदीबेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- कहा: सभी को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को नववर्ष 2026 के अवसर पर राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नया वर्ष आत्ममंथन, सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का समय है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे विचार अपनाने, अच्छा कार्य करने और परिवार के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। असंतुलित खान-पान और गलत आदतों से दूर रहना आज की बड़ी आवश्यकता है। राज्यपाल ने कहा कि नववर्ष पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि अपने स्तर पर बीमारियों को दूर करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रयास करें। बिना मेहनत के सफलता संभव नहीं है, इसलिए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने नकारात्मक सोच छोड़कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने अपनी हाल की गुजरात यात्रा के अनुभव साझा करते हुए राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय तथा इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के भ्रमण को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित फोरेंसिक, साइबर सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरिक्ष तकनीकें देश को वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। भारत आज उपग्रहों के माध्यम से नवीन तकनीकों से जुड़ चुका है और इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना होगा। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में विकसित कौशल को उत्तर प्रदेश के बच्चों और युवाओं के लिए अवसरों में बदलना आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से राजभवन परिसर स्थित विद्यालय में इसरो-प्रेरित विशेष लैब की स्थापना की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान मिलेगा और वे भविष्य के लिए तैयार हो सकेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने बताया कि प्रदेश के 66 प्रतिशत विश्वविद्यालय नैक से एक्रेडिटेड हैं, जो राज्य के लिए गर्व की बात है।

## नया यूपी विकसित भारत की यात्रा में निभा रहा अहम भूमिका: योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश' आज 'विक. सित भारत' की विकास यात्रा में सहभागी बनकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक संदेश पोस्ट करते हुए कहा है कि प्रदेश में संचालित विकास एवं जन- कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेशवासियों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गरीब, किसान, युवा और मातृशक्ति सहित समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी रूप से पहुंचाया जा रहा है। योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास, कानून-व्यवस्था में सुधार और रोजगार के नए अवसरों के सृजन से प्रदेश की तस्वीर तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि ईसवी सन 2026 में डबल इंजन सरकार की विकासप. रक नीतियों के बल पर उत्तर प्रदेश समृद्धि, सुशासन और सर्वांगीण प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा।

## गरीब-बहुजन के अच्छे दिनों की उम्मीद: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- बसपा अध्यक्ष देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता व्यक्त की

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने नववर्ष 2026 के अवसर पर देश-विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि नया साल सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, सुरक्षा और आत्म-सम्मान के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल लेकर आए।

नववर्ष संदेश में मायावती ने कहा कि नया साल देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और बहुजन समाज के लिए राहत और खुशहाली का साल बने। उन्होंने कहा कि आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए। बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है। उन्होंने देश और उत्तर प्रदेश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिता जताते हुए कहा कि विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतम. ंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे। सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे। सुश्री मायावती ने कहा कि कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है। देश में नफरत, घृणा और हिसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को 'अने. कता में एकता' और 'सर्वधर्म समभाव' के संवैधानिक सिद्धांतों पर चलते हुए सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि देश संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों पर ईमानदारी से आगे बढ़ेगा, तो भारत न केवल अंदर से मजबूत होगा, बल्कि दुनिया में भी सम्मान और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। इससे आमजन का जीवन स्तर बेहतर होगा और देश की छवि मजबूत होगी।

### नए वर्ष की मस्ती में बूंदबांदी ने डाला खलल

**आगरा।** नए साल के पहले दिन आगरा में हुई हल्की बूंदा बांदी और खराब मौसम ने पर्यटकों की मौज मस्त में खलल डाल दिया। नववर्ष पर बड़ी संख्या में पर्यटक तांजमहल देखने के लिए उमड़े लेकिन मौसम ने साथ नहीं दिया। सुबह सुबह सुबह घने कोहरे से पर्यटक परेशान रहे। दूर दराज से आने वाले पर्यटक घने कोहरे की वजह से आने जाने में दिक्कत हुई। कोहरे के साथ बादल हो गए जिससे ठंड के साथ गलन भी बढ़ गई। दोपहर के बाद हल्की हल्की बूंदे गिरने लगीं जिससे पर्यटक और अधिक परेशान हो गए। आगरा में पूरे दिन धूप देखने को भी नहीं निकली।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# आईटीसी के दबाव में गिरावट में बंद हुए सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**



एफएमसीजी कंपनी आईटीसी में भारी बिकवाली के दबाव में गुरुवार को साल के पहले दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स लगभग दिन भर बढ़त में रहने के बाद अंत में लाल निशान में बंद हुआ।

सरकार ने बुधवार देर रात पान मसाला और तंबाकू उत्पादों पर उपकर लगाने तथा जीएसटी की दरों में बदलाव के लिए अधिसूचनाएं जारी कर दीं। नई दरें 1 फरवरी 2026 से लागू होंगी। अधिसूचना जारी होने के बाद देश की सबसे बड़ी सिगरेट कंपनी आईटीसी का शेयर आज करीब 10 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यह अप्रैल 2023 के बाद का इसका निचला स्तर है। सेंसेक्स 32 अंक (0.04 प्रतिशत) टूटकर 85,188.60 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 16.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की बढ़त में 26,146.55 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में भी निवेशकों ने विश्वास दिखाया, जबकि छोटी कंपनियों में वे बिकवाल रहे। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक तीन प्रतिशत से अधिक टूट गया। फार्मा, रसायन और स्वास्थ्य समूहों में भी गिरावट रही। बिक्री के रिकॉर्ड-तोड़ आंकड़े आने से ऑटो में 1. 03 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी, धातु, रियलिटी और बैंकिंग समूहों में भी तेजी रही। सेंसेक्स में आईटीसी के अलावा बजाज फाइनेंस का शेयर डेढ़ फीसदी के आसपास टूटा। एशियन पेंट्स, बीईएल और आईसीआईसीआई बैंक में भी गिरावट रही। एनटीपीसी और इटरनल का शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा, एलएंडटी, पावर ग्रिड और टाटा स्टील के शेयर एक से डेढ़ प्रतिशत के बीच चढ़े। टेक महिंद्रा, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, कोटक महिंद्रा बैंक, सनफार्मा, ट्रेंट, रिलायंस, हिदुस्तान यूनीलिवर और एक्सिस बैंक में भी तेजी रही।

## सोने में उछाल के साथ चांदी की तेजी में लगा ब्रेक

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार के लिए साल 2026 की शुरुआत मिश्रित रही है। जहां एक ओर सोने की कीमतों ने मजबूती के साथ नए साल का स्वागत किया, वहीं दूसरी ओर चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के बाजार में सोने की कीमतों में 640 रुपये की बढ़ोतरी देखी गई, जबकि चांदी में 1,600 रुपये की बड़ी गिरावट आई। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,37,700 रुपये पर बंद हुआ था। इसके विपरीत, चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट का सिलसिला जारी रहा। चांदी का भाव 2,37,400 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया, जो पिछले बंद भाव 2,39,000 रुपये से 1,600 रुपये कम है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि साल 2025 की रिकॉर्ड तेजी के बाद चांदी में कुछ मुनाफावसूली देखी जा रही है।

## बीएसएनएल ने सभी सर्कलों में शुरू की वाई-फाई कॉलिंग सुविधा

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने नव वर्ष पर पूरे देश में वॉयस ओवर वाई-फाई (वीओ वाईफाई) सेवा शुरू करने की घोषणा की है और इसके लिए किसी दूसरे ऐप के इस्तेमाल की जरूरत नहीं होगी।

संचार मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार देश की अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता सरकारी कंपनी बीएसएनएल की यह वाई-फाई कॉलिग सुविधा देश के प्रत्येक दूरसंचार सर्कल में सभी बीएसएनएल ग्राहकों के लिए उपलब्ध हो गई है। बयान में कहा गया है कि चुनौतीपूर्ण वातावरण में भी यह लोगों को निर्बाध और उच्च गुणवत्ता वाली संपर्क सुविधा सुनिश्चित करती है। वीओ वाई-फाई ग्राहकों को वाई-फाई नेटवर्क पर वॉयस कॉल और संद. ेश भेजने और प्राप्त करने की सुविधा देता है, जिससे घरों, कार्यालयों, बेसमेंट और दूरदराज के स्थानों जैसे कमजोर मोबाइल सिग्नल वाले क्षेत्रों में स्पष्ट और विश्वसनीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। वीओ वाईफाई आईएमएस-आधारित एक सेवा है, जो वाई-फाई और मोबाइल नेटवर्क के बीच निर्बाध हस्तांतरण का समर्थन करती है। इसमें कॉल ग्राहक के वर्तमान मोबाइल नंबर और फोन डायलर का उपयोग करके किए जाते हैं, जिसके लिए तीसरे पक्ष के एप्लिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। मंत्रालय का कहना है कि यह सेवा ग्रामीण और दूरदराज के उन क्षेत्रों में विशेष रूप से लाभप्रद है, जहां मोबाइल कवरेज सीमित होती है बशर्ते बीएसएनएल भारत फाइबर या किसी अन्य ब्रॉडबैंड सेवा जैसी एक स्थिर वाई-फाई कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वीओ वाई-फाई अधिकांश आधुनिक स्मार्टफोन पर समर्थित है। ग्राहकों को अपने हैंडसेट की सेटिंग्स में वाई-फाई कॉलिंग को सक्षम (इनेबल) करना होगा। इस सुविधा के संबंध में कंपनी ने हेल्पलाइन नंबर-18001503 की एक सुविधा भी प्रदान की है।

## पंकज चौधरी के सामने कठिन परीक्षा का दौर

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाकर बड़ा संगठनात्मक दांव खेला है। पार्टी सूत्रों और राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक यह नियुक्ति 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को हुए नुकसान के बाद 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर की गई है, लेकिन पंकज चौधरी के सामने राह आसान नहीं मानी जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ा झटका लगा। 2019 में जहां गठबंधन ने 64 सीटें जीती थीं, वहीं 2024 में यह आंकड़ा घटकर 36 पर सिमट गया। माना जा रहा है कि ओबीसी मतदाताओं, खासकर कुर्मी समाज के एक बड़े हिस्से के पार्टी से दूर होने का असर चुनाव नतीजों में दिखा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्विट्जरलैंड के...** कॉन्सर्ट के दौरान आतिशबा. जी की वजह से हुई हो सकती है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। विस्फोट वाली जगह और आसपास का इलाका सील कर दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर 10 मिनट में रेस्क्यू हेलीकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलीकॉप्टर मदद के काम में लगाए गए हैं। इटली ने भी एक हेलीकॉप्टर भेजा है।

क्रांस-मोंटाना स्विट्जरलैंड के आल्प्स पर्वत क्षेत्र में स्थित एक लग्जरी स्की रिसार्ट है। यह जगह स्विस राजधानी बर्न से करीब दो घंटे की दूरी पर है और यहां हर साल बड़ी संख्या में टूरिस्ट आते हैं, खासकर सर्दियों और नए साल के समय। 15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहार्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

**यूपी के...** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के निचले इलाकों में हल्की बारिश, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है। मध्य प्रदेश में दिसम्बर की सर्दी ने 25 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। उत्तराखंड के 11 जिलों में शुक्रवार को बारिश की संभावना है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में बर्फबारी की भी संभावना है। देहरादून में तापमान दो दिन में 7 डिग्री सेल्सियस गिर गया, जहां दो दिन पहले तापमान 23 डिग्री सेल्सियस था वो अब घटकर 16डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के एक्टिव होने का असर हरियाणा पर दिख रहा है। गुरुवार सुबह विजिबिलिटी 0 से 50 मीटर के बीच रही। कुछ जिलों में बारिश भी हुई है। शुक्रवार को भी 9 जिलों में बारिश की संभावना है।

# नई पेंशन योजना के विस्तार के लिए नीतिगत सुधार

**नई दिल्ली, वार्ता**

- प्रचार-प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी, वाणिज्यिक बैंक शुरू कर सकेंगे पेंशन कोष

पेंशन विनियामक ने अनुस. ूचित वाणिज्यक बैंकों को भी नई पेंशन योजना (एनपीएस) के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से पेंशन कोष चलाने की छूट देने की तैयारी के साथ साथ एनएपीए के प्रोत्साहन के लिए प्रबंधनाधीन निधि का कुछ पैसा योजना के प्रचार प्रसार के लिए बिचौलिया इकाइयों की मदद को मंजूरी दी है वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) को पेंशन कोष शुरू करने की छूट के नियमों को मंजूरी दे दी है।

इसका उद्येश्य प्रतिस्पर्धा और ग्राहक सुरक्षा मजबूत करना है। प्रस्तावित नए नियमों के तहत से पीएफआरडीए के समग्र मार्गदर्शन के अंतर्गत समन्वित जागरूकता, पहुंच और वित्तीय-साक्षरता पहल का समर्थन करने के लिए एयूएम का 0-0025 प्रतिशत एनपीएस इंटरमीडियरीज-(बिचौलिया फर्मों) के संघ (एएनआई) को दिया जाएगा। पीएफआरडीए के नियामकीय सुधारों में वर्तमान बाधाओं को दूर करने का प्रयास किया गया है। अभी एनपीएस में बैंकों की भागीदारी सीमित थी। भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुरूप मजबूत बैंकों को ही पेंशन फंड प्रायोजित करने की अनुमति होगी। वित्त मंत्रालय का कहना है कि विस्तृत मानदंड अलग से अधिसूचित किए जाएंगे और नए तथा वर्तमान दोनों पेंशन फंडों पर लागू होंगे।

इसके साथ ही एनपीएस ट्रस्ट के बोर्ड में तीन नए न्यासियों की नियुक्ति की गई है। इनमें भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा, यूटीआई एएमसी- ट्रस्टी की पूर्व कार्यकारी उपाध्यक्ष स्वाति अनिल कुलकर्णी, डिजिटल इंडिया फाउंडेशन के सह-संस्थापक और प्रमुख और सिडबी द्वारा प्रबंधित फंड ऑफ फंड्स स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय उद्यम पूंजी निवेश समिति के सदस्य डॉ. अरविद गुप्ता शामिल हैं। खारा को एनपीएस ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी नामित किया गया है। उभरती वास्तविकताओं, खुदरा और गिग-इकोनॉमी क्षेत्रों में बीमा सुरक्षा का विस्तार करने के उद्देश्य के साथ पीएफआरडीए ने पहली अप्रैल 2026 से पेंशन फंड के लिए निवेश प्रबंधन शुल्क (आईएमएफ) संरचना को संशोधित किया है। संशोधित स्लैब-आधारित आईएमएफ में सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र के ग्राहकों के लिए अलग-अलग दरें होंगी है। एमएसएफ कोष को अलग-अलग गिना जाएगा। कंपोजिट स्कीम के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों या स्वत: चयन और सक्रिय चयन और 100 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश का वविकल्प चुनने वालों के लिए आईएमएफ समान रहेगा। एयूएम के स्लैब (करोड़ रुपये में) गैर-सरकारी क्षेत्र के ग्राहकों (एनजीएस) के लिए आईएमएफ दरें 25,000 तक 0. 12 प्रतिशत, 25,000 से अधिक और 50,000 तक 0.08 प्रतिशत, 50,000 से अधिक और 1,50,000 तक तथा 0.06 प्रतिशत 1,50,000 से ऊपर 0. 04 प्रतिशत होगा। पेंशन फंड द्वारा पीएफआरडीए को देय 0.015 प्रतिशत का वार्षिक नियामक शुल्क (एआरएफ) अपरिवर्तित रहेगा। वित्त मंत्रालय का कहना है कि नए नियमों से दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति परिणामों में सुधार होगा और वृद्धावस्था आय सुरक्षा में वृद्धि होगी।

## नव वर्ष के पहले दिन धामी सरकार ने दी बड़ी सौगात

# उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 100 नई बसें शामिल

■ मुख्यमंत्री धामी ने किया फ्लैग ऑफ,परिवहन निगम की स्मारिका "अनवरत" एवं सड़क सुरक्षा पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया, कठिन परिस्थितियों में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सीएम ने किया सम्मानित



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** नववर्ष के पहले दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश वासियों को बड़ी सौगात दी है।उत्तराखंड परिवहन निगम के बेड़े में 100 नई बसें शामिल की गई है। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से फ्लैग ऑफ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 10 ए.सी. एवं 2 स्लीपर अनुबंधित बसों को भी जनता को समर्पित किया। साथ ही उन्होंने परिवहन निगम की स्मारिका "अनवरत" एवं सड़क सुरक्षा पर आधारित कैलेंडर का विमोचन किया तथा कठिन परिस्थितियों में कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये नई बसें राज्य के सार्वजनिक परिवहन तंत्र को सशक्त बनाएंगी। इससे यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यात्रा सुविधा मिलेगी तथा राज्य की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि दुर्गम और पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड में एक सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था नागरिक सुविधा के साथ-साथ आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परिवहन निगम को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अब तक 13 से अधिक नए बस अड्डों और कार्यशालाओं का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 14 अन्य स्थानों पर कार्य प्रगति पर है, जिनमें 4 आईएसबीटी भी शामिल हैं। शीघ्र ही निगम के बेड़े में इलेक्ट्रिक बसों को भी सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम की बसों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे, ई-टिकटिंग, फ्लीट मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध मेंटेनेंस जैसी आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, जिससे यात्रियों के साथ-साथ कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। सरकार ने निगम कर्मियों के हितों को ध्यान में रखते हुए डीए वृद्धि, सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों का क्रियान्वयन एवं नई भर्तियों के माध्यम से मैनपावर की कमी को दूर करने का कार्य किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार परिवहन निगम को "सेवा का माध्यम" मानते हुए इसे आधुनिक, आत्मनिर्भर और जनोन्मुखी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शी नीतियों और जवाबदेही के बल पर उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, एमडी परिवहन निगम एवं अपर सचिव रीना जोशी तथा परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# वर्ष 2026: धरातल पर उतरेगा 'सहकार से समृद्धि' का संकल्प

■ किसानों, श्रमिकों व युवाओं को मिलेगा प्रोत्साहन, मजबूत होगी आर्थिकी, तीन माह के भीतर सहकारी बैंकों में होगी 177 पदों पर भर्ती



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**वर्ष 2026 उत्तराखंड में सहकारिता के सशक्तिकरण एवं 'सहकार से समृद्धि' के संकल्प को पूरा करने का वर्ष होगा। राज्य सरकार सहकारिता को किसानों, श्रमिकों, काश्तकारों, कारीगरों एवं युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बनाने के लिये व्यापक और बहुआयामी कार्ययोजनाओं पर काम कर रही है। इसके अंतर्गत ग्रामसभा स्तर पर सहकारी समितियों की स्थापना कर प्रत्येक वर्ग को सहका. रिता से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। सहकारिता के विस्तार से किसानों, काश्तकारों, स्वयं सहायता समूहों, श्रमिकों एवं छोटे उद्यमियों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराया।

### राष्ट्रीय नीति की तर्ज पर बनेगी प्रदेश की सहकारिता नीति

प्रदेश में सहकारिता के दायरे को व्यापक बनाने एवं आम जनता को सहकारी आंदोलन से जोड़ने के लिये राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 की तर्ज पर राज्य सहकारिता नीति तैयार की जायेगी। इसके माध्यम से सहक. ारी समितियों में स्वायत्तता, पारदर्शिता तथा प्रक्रियाओं की सरलता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सहकारी समिति अधिनियम-2003 एवं नियमावली-2004 में आवश्यक संशोधन कर समितियों को और अधिक पारदर्शी एवं सक्षम बनाया जाएगा।

### प्रदेश में स्थापित होगा केन्द्रीय सहकारी विश्व. विद्यालय का पीएमयू

सहकारिता के क्षेत्र में युवाओं को करियर एवं शोध के अवसर उपलब्ध कराने तथा आम लोगों तक सहका. रिता की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित त्रिभुवन सहकारी विश्व. विद्यालय के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य में पीएमयू की स्थापना की जाएगी।

### सहकारी बैंकों व समितियों में होगी व्यापक भर्ती

राज्य एवं जिला सहकारी बैंकों में तीन माह के भीतर वर्ग-1, वर्ग-2 एवं वर्ग-3 के कुल 177 रिक्त पदों पर आई.बी.पी.एस. के माध्यम से भर्ती की जाएगी। पैक्स सचिवों की नियुक्ति हेतु कैडर नियमावली में संशोधन कर 350 सचिवों की नियुक्ति शीघ्र की जाएगी।

# बेटियों की बोली लगा रहे भाजपाई: कांग्रेस

■ मंत्री के पति के बयान से प्रदेश में उबाल महिलाओं की गरिमा पर हमला बर्दाश्त नहीं: रौतेला बाल विकास मंत्री के आवास का घेराव आज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू के कथित बयान को लेकर प्रदेश की सियासत में भूचाल आ गया है। 'बिहार से 20-25 हजार रुपये में लड़कियां आसानी से मिल जाती हैं' जैसे बयान पर प्रदेश महिला कांग्रेस आग-बबूला हो गई है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने इस बयान को महिलाओं और बच्चियों की गरिमा पर सीधा हमला बताते हुए कड़े शब्दों में निंदा की है।

ज्योति रौतेला ने कहा कि मंत्री के पति का यह बयान न केवल शर्मनाक और निंदनीय है, बल्कि यह महिलाओं को वस्तु के रूप में प्रस्तुत करने वाली विकृत मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सोच मानव तस्करी, बाल विवाह, महिला शोषण और लैंगिक अपराध जैसी जघन्य सामाजिक बुराइयों को बढ़ावा देती है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर दोहरे चरित्र का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर सरकार 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों का ढोल पीटती है, वहीं दूसरी ओर सत्ता से जुड़े लोगों की ऐसी सोच संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और महिला अधिकारों का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि यह बयान उस परिवार से आया है, जिसकी सदस्य स्वयं उत्तराखंड में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास जैसे संवेदनशील मंत्रालय की मंत्री हैं।महिला कांग्रेस ने इस मामले में तीन मांगें रखी हैं, पहली, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य तत्काल सार्वजनिक रूप से अपनी स्थिति स्पष्ट करें।दूसरी, गिरधारी लाल साहू अपने अमानवीय और आपत्तिजनक बयान के लिए देश व प्रदेश की समस्त महिलाओं और बच्चियों से बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगें। तीसरी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्रालय स्वयं संज्ञान लेते हुए गिरधारी लाल साहू के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने यह भी एलान किया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड और मंत्री के पति की और से महिलाओं को लेकर दिए गए बयान के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस कल (आज) को बाल विकास मंत्री रेखा आर्य के यमुना कॉलोनी स्थित आवास का घेराव करेगी।

## 2026 में बीमा कंपनियों की सशक्त उत्पाद पेश किए जाने की उम्मीद

**देहरादून।** वर्ष 2025 भारतीय बीमा क्षेत्र में कुछ ऐसे लैंडमार्क ग्राहक-केंद्रित सुधारों का साक्षी रहा, जो जीवन बीमा को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा का मुख्य आधार बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। इस वर्ष की शुरुआत श्सरेंडर वैल्यूश नियमों में हुए सकारात्मक बदलावों से हुई, जिसके बाद जीएसटी छूट और श्बीमा सुगमश पोर्टल की शुरुआत जैसे कदमों ने इस क्षेत्र के विकास पथ को और अधिक सुदृढ़ बनाया है। यह दृष्टिकोण कमलेश राव, चेयरपर्सन - इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (आईएसी-लाइफ) का है। वर्तमान में जीवन बीमा की मांग मुख्य रूप से सुरक्षा, एन्यूटी और बचत उत्पादों के इर्द-गिर्द केंद्रित है।

# राज्य आपदा निधि के प्रस्तावों को मिली मंजूरी

■ गुणवत्ता व प्रगति पर सख्त निगरानी के निर्देश



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन को लेकर राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए समिति की ओर से कई प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत कार्यों की गुणवत्ता और भौतिक प्रगति की निरंतर समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग को स्वीकृत प्रस्तावों के लिए जारी फंड और कार्यों की भौतिक प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। साथ ही विभागों से एमसीआर (मंथली कंसॉलिडेटेड रिपोर्ट) निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में सिंचाई विभाग को विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित नियोजन अभियंता समिति को सक्रिय करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी प्रस्ताव को भेजने से पहले समिति द्वारा उसके तकनीकी और वित्तीय पहलुओं का परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।मुख्य सचिव ने सचिव आपदा को निर्देश दिए कि राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठकों में ईएनसी, पीडब्ल्यूडी को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए स्पष्ट नॉर्म्स तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल की स्थिति और प्रकृति के अनुसार हर कार्य की आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं, इसलिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप ही कार्य किया जाना चाहिए। जहां संभव हो, वहां वेजिटेटिव प्रोटेक्शन वर्क को भी प्राथमिकता दी जाए।

इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग को देहरादून जनपद के अंतर्गत विभिन्न कैनाल सिस्टम को दुरुस्त करने, नहरों के सुधारीकरण एवं मजबूतीकरण से जुड़े प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए।बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. वी. षणमुगम, विनोद कुमार सुमन, आनंद स्वरूप, अपर सचिव रंजना राजगुरु सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

# आरोप लगाकर भागना अब स्वीकार्य नहीं:भट्ट

■ वर्ष 2026, जनकल्याण और विकास के कामों को जन जन तक पहुंचने को समर्पित : भाजपा कहा - नकारात्मक विषयों का प्रतिकार कर, सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाएंगे कार्यकर्ता



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा, वर्ष 2026 में जनकल्याण और विकास के कामों को जन जन तक पहुंचाएगी। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने स्पष्ट किया कि पार्टी नकारात्मक विषयों का प्रतिकार कर, राज्य में सकारात्मक राजनीति को आगे बढ़ाएगी। लेकिन अब ऐसा भी नही होगा कि झूठे आरोप लगाने वाले सबूत देने के बजाय गायब हो जाएं और उनके आधार पर आरोप लगाने वाले भ्रम एवं अफवाह फैलाते रहें।

उन्होंने वर्ष की शुरुआत में पार्टी की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रदेश विकसित होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है और नकारत्मक मुद्दों से इसकी गति प्रभावित न हो इसकी चिंता कार्यकर्ता करेंगे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अच्छी तरह जनता है कि पीएम मोदी मार्गदर्शन और सीएम धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास के नए आयामों को छू रहा है। प्रदेश की जनता का आशीर्वाद, हमारे केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व को लगातार प्राप्त हो रहा है क्योंकि वे सभी बदलाव को प्रत्यक्ष महसूस कर रहे हैं। शहरों से गांवों तक सुगम होता सफर, आंगन आंगन नल से पहुंचता जल, हर मकान के अंधेरे को बिजली से दूर भगाना, गरीबों के लिए फ्री अनाज की व्यवस्था, उस अनाज को पकाने के लिए उज्जवला और सीएम की मुफ्त सिलेंडर रिफिलिंग योजना, प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य की आयुष्मान से चिंता हरना, मातृ शक्ति को आरक्षण से सशक्त करना, आंदोलनकारियों को सम्मान, 26.5 हजार रोजगार से युवाओं का भविष्य निर्माण, लखपति दीदियां बनाकर महिलाओं को आगे बढ़ाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई और कड़ाई से बड़े बड़े अपराधियों को सबक, यूसीसी से सबको समान कानून का अधिकार, धर्म की आड़ में कब्जों से हजारों एकड़ भूमि को मुक्त करना, धर्मांतरण और दंगा करने की मंशा रखने वालों पर नकेल कसना।

उन्होंने कहा कि इन 365 दिनों में ऐसे अनगिनत विकासोन्मुख एवं जनकल्याणकारी कार्यों की चर्चा पार्टी कार्यकर्ता घर घर करेंगे। उन्होंने अपनी रणनीति स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारी कोशिश होगी, जनता के बीच स्थापित सत्य को और अधिक मजबूत करना है, ताकि नकारात्मक राजनीति का कुहासा खुद ब खुद छंट जायेगा।

साथ ही उन्होंने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति पर कड़ा प्रहार करते हुए चेताया कि आरोप लगाकर भागने की साजिश अब नहीं चलने वाली है। पूर्व में भी अने. कों बार विपक्ष के नेताओं द्वारा देश में और राज्य में भी अनेक बेबुनियादी मुद्दों पर झूठ और भ्रम फैलाने का असफल प्रयास किया है। जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रदेश की जागरूक जनता द्वारा करारा जवाब दिया गया।

# ऊन उद्योग आय का साधन व संस्कृति का संवाहक : जोशी

■ देहरादून में ऊन एक्सपोख्रराष्ट्रीय प्रदर्शनी का कैबिनेट मंत्री ने किया शुभारंभ



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को परेड ग्राउंड में आयोजित ऊन एक्सपोख्रराष्ट्रीय प्रदर्शनी का रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर ऊन उद्योग से जुड़े उत्पादों, नवाचारों और तकनीकों की जानकारी ली।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी केवल उत्पादों का प्रदर्शन नहीं, बल्कि कृषि, पशुपालन, ग्रामीण आजीविका, नवाचार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। ऊन उत्पादन से पर्वतीय, मरुस्थलीय और ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों किसान, पशुपालक, कारीगर और महिलाएं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। यह उद्योग आय का साधन होने के साथ-साथ हमारी परंपरा, कौशल और संस्कृति का संवाहक भी है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में ऊन उद्योग को तकनीक आधारित और गुणवत्ता केंद्रित बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए उन्नत नस्ल विकास, वैज्ञानिक पशुपालन, ऊन की ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग और मानकीकरण, आधुनिक मशीन. री, डिजाइन नवाचार तथा अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना आवश्यक है। सरकार इस दिशा में नीतिगत सहयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रम और संस्थागत समर्थन लगातार प्रदान कर रही है।

कैबिनेट मंत्री ने विश्वास जताया कि ऊन एक्सपोख्रराष्ट्रीय प्रदर्शनी देश के ऊन उद्योग को नई दिशा, नई गति और नई पहचान प्रदान करेगी।

## हरदा ने किया जोगाराम की पुस्तक का विमोचन

**देहरादून।** उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने गुरुवार को दिल्ली के इंजीनियरिंग हाल में प्रसिद्ध राज्य आंदोलनकारी जोगाराम की और से लिखित पुस्तक यादें का विमोचन किया।समारोह में हरीश रावत के अलावा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप, पूर्व आईएएस कृष्ण आर्य, कांग्रेस के पूर्व सैनिक सचिव हरिपाल रावत, राज्य आंदोलनकारी अनिल पेंट, कुशाल जीना, दाताराम चमोली, देव सिंह रावत, प्रताप थलवाल, सुरेंद्र हल्सी समेत अनेक लोग मौजूद थे।इस मौके पर हरीश रावत ने जोगाराम को उत्तराखंड समाज का एक चमकदार व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि 87 वर्षीय जोगाराम न केवल राज्य आंदोलनक. ारी रहे बल्कि एक विचारक के रूप में एक समाज सुधारक के रूप में और एक विकास के पूररोधा के रूप में उन्होंने लगातार उत्तराखंड के विकास के लिए काम किया है।

# रेखा आर्या ने गरीबों व पशु-पक्षियों की सेवा कर मनाया नव वर्ष



■ बरेली के बाबा बनखंडी नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दिव्य दर्शन कर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**बरेली / देहरादून ।** प्रदेश की कैबिनेट मंत्री ने नव वर्ष 2026 के पावन अवसर पर बरेली के प्राचीन एवं पावन बाबा बनखंडी नाथ मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दिव्य दर्शन कर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मंदिर प्रांगण में व्याप्त आध्यात्मिक वातावरण, घंटियों की मधुर ध्वनि और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच उन्होंने गरीबों और पशु पक्षियों की सेवा करते हुए नए साल का स्वागत किया।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि दर्शन के उपरांत मंदिर भंडारे में गरीबों को भोजन परोसने के साथ-साथ पशु-पक्षियों की भोजन सेवा कर पुण्य अर्जित किया, जो अत्यंत भाव-विभोर कर देने वाला अनुभव रहा।बाबा बनखंडी महादेव से प्रार्थना की कि नया साल समस्त नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि लाए।उन्होंने कहा कि बीता वर्ष 2025 प्रदेश के खेल इतिहास में ऐतिहासिक रहा, जब 38वें राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी की गई तथा खिलाड़ियों ने बड़ी सफलताएं हासिल कीं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभागों के दायित्वों के अंतर्गत महत्वाकांक्षी योजनाओं को आगामी वर्ष में सफल बनाएंगे।

## ग्राउंड जीरो पर उतरे डीजीपी, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नववर्ष के स्वागत के लिए उमड़ी पर्यटकों की भारी भीड़ के बीच उत्तराखंड के पुलिस महा. निदेशक स्वयं व्यवस्थाएं परखने सड़कों पर उतरे। नए साल की पूर्व संध्या पर डीजीपी ने देहरादून के व्यस्ततम मार्गों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने एसएसपी देहरादून को निर्देशित किया कि मसूरी और आसपास के पर्यटक स्थलों पर चप्पे-चप्पे पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ड्यूटी के दौरान पुलिस का व्यवहार संयमित रहे और पर्यटकों की हर संभव सहायता की जाए।

खास बात यह रही कि डीजीपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उनके साथ सूक्ष्म जलपान किया और उन्हें व समस्त प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुलिस मुस्तैदी के साथ जनता की सेवा के लिए तैयार है।

## एनएसएस शिविर युवाओं में जिम्मेदारी का सशक्त मंच : जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कालिदास मार्ग स्थित सैनिक विश्राम गृह में डी.ए.वी. इंटर कॉलेज करनपुर के आयोजित एनएसएस शि. विर के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह शिविर नशामुक्ति, जन-जागरूकता, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता एवं युवा प्रेरणा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि एनएसएस शिविर केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व को आत्मसात करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि एकता और अनुशासन केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत है और देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है। मंत्री गणेश जोशी ने नशामुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र को कमजोर करता है।

## नंदा-सुनंदा की शिक्षा रूपी पूजा से दून में नववर्ष का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला प्रशासन देहरादून ने नववर्ष 2026 के पहले दिन की शुरुआत समाज की जरूरतमंद बालि. काओं के जीवन में शिक्षा का उजाला भरकर की। जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल पर संचालित 'प्रोजेक्ट नंदा-सुनंदा' के 11वें संस्करण के तहत 04 बालिकाओं की बाधित हो रही शिक्षा को ₹1.55 लाख की सहायता राशि देकर पुनर्जीवित किया गया।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उन बेटियों को मदद दी गई जिनकी पढ़ाई आर्थिक तंगी या पारिवारिक आपदा के कारण रुकने की कगार पर थी। पिता आईसीयू में भर्ती हैं, प्रशासन ने उच्च शिक्षा के लिए हाथ बढ़ाया।पिता के निधन के बाद परिवार पर टूटे दुखों के पहाड़ के बीच शिक्षा जारी रखने का संबल मिला।दिव्यांग माता-पिता और खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद अब ये बेटियां स्कूल जा सकेंगी।

### लक्ष्य के आड़े नहीं आएगी निर्धनता: डीएम

जिलाधिकारी सविन बंसल ने चेक वितरित करते हुए कहा, ष्वर्ष के प्रथम दिन इन बालिकाओं की शिक्षा को सहारा देना किसी पूजा से कम नहीं है। माननीय मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी मेधावी बेटी संसाधनों के अभाव में पढ़ाई न छोड़े।ष उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से अब तक 93 बालिकाओं को ₹33.50 लाख की मदद दी जा चुकी है।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, और जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल भारती सहित कई अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# टीएचडीसी परियोजना की सुरक्षा व्यवस्था रामभरोसे

■ जिलाधिकारी ने दिए मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, टीबीएम साइट पर सुरंग निर्माण का कार्य बंद। रणबीर नेगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना पीपलकोटी में मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था में हुई बड़ी चूक से दो लोकों ट्रेन की आपस में जबरदस्त भिडंत हो गई। जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। घायलों का जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में इलाज चल रहा है।

चमोली जिले में टीएचडीसी की विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना 444 मेगावाट में कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। जिसके चलते मंगलवार को एक बड़ी लोकों ट्रेन दुर्घटना हो गई। जिसमें 109 वर्कर सवार थे। दुर्घटना में 80 से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला चिकित्सालय गोपेश्वर और स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय पीपलकोटी में भर्ती किया गया। जहां उपचार के बाद 70 से अधिक श्रमिकों को घर भेज दिया गया। जबकि आधा दर्जन से अधिक गंभीर घायलों का जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार पीपलकोटी हाट गांव से हेलंग की ओर 13 किमी सुरंग निर्माण का कार्य टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अभी तक 8 किमी सुरंग का निर्माण किया गया है। जबकि दो किमी सुरंग का निर्माण हेलंग डेम साइट से हो चुका है। शेष तीन किमी सुरंग का निर्माण कार्य गतिमान है।



मंगलवार को रात्रि सिफ्ट में हाट गांव से टीबीएम साइट में सुरंग निर्माण कार्य के लिए श्रमिकों को ले जा रही लोकों ट्रेन 2.5 किमी पर रात्रि साढ़े आठ बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना का मुख्य कारण पांच किमी दूर पर माल भाड़ा लोकों ट्रेन डे शिफ्ट में खड़ा किया गया था, नाइट शिफ्ट में जब बाहर से 2.5 किमी दूरी पर लोकों ट्रेन श्रमिकों को लेकर आगे बढ़ रही थी उसी वक्त अचानक पांच किमी पर खड़ी लोकों ट्रेन अपने आप चलकर ढाई किमी पर पहुंच गई। जहां पर दोनों लोकों ट्रेन की जबरदस्त भिड़ंत होने से लोकों ट्रेन के तीन डिब्बे नीचे गिर गए जिससे बैठे श्रमिक घायल हो गए। जिनमें 109 श्रमिक सवार थे। घायलों को जिला अस्पताल गोपेश्वर भेजा गया और कम चोटिल को स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय में उपचार किया गया। इस दुर्घटना में 80 से अधिक लोग घायल हो गए। जिनमें से 70 से अधिक श्रमिकों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। जबकि गंभीर घायल 6 से अधिक लोगों का जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में इलाज चल रहा है। दुर्घटना के बाद शासन - प्रशासन अलर्ट हो गया और जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना। वहीं दूसरे दिन बुधवार को टीबीएम साइट दुर्घटना स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल टीबीएम साइट पर सुरंग निर्माण का कार्य बंद है। वहीं दुर्घटना में प्रथम दृष्टा टीएचडीसी व एचसीसी कंपनी के सुरक्षा में बड़ी लापरवाही बताई जा रही है। पूर्व ग्राम प्रधान हाट राजेन्द्र हटवाल ने कहा कि टीएचडीसी और परियोजना निर्माण कंपनी एचसीसी की बड़ी सुरक्षा लापरवाही के कारण इतनी बड़ी दुर्घटना हुई है। उन्होंने कहा कि छह माह पूर्व डेम साइट में चट्टान टूटने से 8 लोग घायल हो गए थे। इसके बावजूद कंपनी द्वारा इससे कोई सबक नहीं लिया गया और जिसका परिणाम है कि आज इतनी बड़ी दुर्घटना हुई है।

# आंदोलनकारियों को भेजे नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** अगस्त्य ऋषि तपस्थली क्षेत्र में प्रस्तावित स्टेडियम निर्माण के विरोध में बीते 15 दिनों से चल रहा जन आंदोलन नववर्ष के दिन एक बार फिर तेज हो गया। बीती शांम मुनि महाराज के मैदान में पुलिस की मौजूदगी के बाद माहौल और भी गरमा गया। पुलिस की ओर से जारी नोटिस के चलते आंदोलनरत ग्रामीणो को नववर्ष के पहले दिन थाने जाना पड़ा और पुलिस को स्पष्टीकरण देना पड़ा।बता दें कि पुलिस ने आंदोलन में शामिल दर्जनभर लोगों को अलग-अलग धाराओं में नोटिस जारी किए गए हैं। इन्हीं नोटिसों को लेकर पुलिस के बुलाने पर सभी आंदोलनकारियों को साल के पहले दिन थाने में मौजूद होना पड़ा। एक ओर जहां नववर्ष पर अगस्त्यमुनि मैदान में सफाई अभियान आयोजित किया गया, वहीं दूसरी ओर स्टेडियम निर्माण के विरोध में आंदोलनकारी थाने पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराते नजर आए। आंदोलनकारी त्रिभुवन चौहान ने कहा कि सरकार की यह कार्रवाई निंदनीय है और आंदोलन को दबाने के लिए झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि खेल विभाग के अधिकारियों के इशारे पर आंदोलनरत आमजनों को डराने और दबाव में लेने का प्रयास किया जा रहा है। अन्य आंदोलनकारियों ने भी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल उठाए।

# जौनसार बावर में माघ मरोज पर्व की तैयारियां तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जौनसार-बावर क्षेत्र के चार प्रमुख लोक त्योहारों में शामिल माघ मरोज पर्व को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। लोक आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक यह पर्व आगामी 11 जनवरी से एक माह तक बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। पर्व के अवसर पर दूर-दराज में रहने वाले ग्रामीण अपने पैतृक गांवों की ओर लौटने लगे हैं।



माघ मरोज पर्व की शुरुआत कयलू महाराज मंदिर में पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होती है। इसके बाद यह पर्व पूरे जौनसार-बावर क्षेत्र में मनाया जाता है। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आ रहा है, तैयारियां भी तेज हो गई हैं। पर्व को लेकर ग्रामीण इलाकों में बकरों की खरीदारी शुरू हो चुकी है। लोक परंपरा के अनुसार माघ मरोज पर्व पर बकरों की बलि दी जाती है, जिसके चलते बाजारों में खासी रौनक देखने को मिल रही है। विकासनगर, कालसी, साहिया, हरिपुर सहित आसपास के गांवों में ग्रामीण पर्व के लिए पहले से ही बकरे खरीद रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि माघ मरोज पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक मेलजोल और पारिवारिक एकता का पर्व है। इस दौरान रिश्तों में प्रगाढ़ता आती है और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन जाता है। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जौनसार-बावर की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए हुए है।

# नहीं मिला दिसंबर माह का राशन कार्ड धारक परेशान

**सहिया।** देहरादून जिले के जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर के सातों राशन गोदामों में दिसम्बर माह का राशन नहीं पहुंचने से उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिल पाया। पूरा माह बीत जाने के बाद भी दिसम्बर माह का राशन सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के पास नहीं पंहुचा। जिससे क्षेत्रीय लोगों को दिसंबर माह का राशन वितरण नहीं हो पाया है।इन दिनों सभी राशन कार्डधारक सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं से ई केवाईसी करवाने पहुंच रहे है। राशन नहीं मिलने पर उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड रहा है। वहीं पिछले दो वर्षों से अन्त्योदय कार्ड धारकों को भी चीनी उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# नववर्ष पर लाखामंडल शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर देहरादून जनपद के जौनसार-बावर क्षेत्र स्थित पौराणिक लाखामंडल शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा सहित ग्राम क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की विधिवत आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

पांडव काल से जुड़ा यह ऐतिहा. सिक शिव मंदिर अपनी धार्मिक एवं पुरातात्विक महत्ता के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। मंदिर परिसर में अनेक देवी-देवताओं के प्राचीन चिन्ह एवं प्रतिमाएं विद्यमान हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु



यहां सच्चे मन से भगवान शिव की उपासना करता है, उसकी मनोक. ामना अवश्य पूर्ण होती है। लाखामंडल मंदिर की एक विशेष पहचान यहां स्थापित वह शिवलिंग है, जिसमें जल अर्पित करने पर श्रद्धालुओं को अपना प्रतिबिंब दिखाई देता है। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में कई अन्य शिवलिंग एवं प्राचीन मूर्तियां भी स्थापित हैं। यह मंदिर 12वीं-13वीं शताब्दी में नागर शैली में निर्मित बताया जाता है।

## एक नजर .......

### आरएसएस देवप्रयाग का प्राथमिक शिक्षा वर्ग का शुभारम्भ

**श्रीनगर।** राजकीय इंटर कॉलेज सजवाण काण्डा देवप्रयाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देवप्रयाग का प्राथमिक शिक्षा वर्ग का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षार्थियों को राष्ट्र निर्माण, संस्कार, अनुशासन, चरित्र निर्माण, व्यक्ति निर्माण, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक दायित्वों से जुड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। वर्ग का शुभारंभ करते हुए प्रान्त धर्म जागरण के प्रमुख नारायण ने कहा कि आरएसएस स्वप्रेरणा से कार्य करने वाला संगठन है, जो आज विश्व में सेवा, संस्कार, अनुशासन समयबद्धता की प्रमाणिकता के लिए जाना जाता है। कहा कि विश्व के 36 से अधिक देशों में संघ का कार्य चलता है। इस मौके पर आरएसएस के जिला संघचालक सुरेश कोरियाल, वर्ग पालक सुनय कुकसाल, महेन्द्र बंगवाल, शरत, अशोक तिवारी, राकेश टोडरिया, भगवती, संतोष, कैलाश, अशोक, पंकज, मनीष, श्याम पंचपुरी, प्रमोद राडरिया, माकूल विष्ट सहित आदि मौजूद थे।

### नववर्ष के पहले दिन रही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़

**कोटद्वार ।** कोटद्वार व आस-पास के क्षेत्रों में नववर्ष की पहली सुबह को. हरे की हल्की चादर लेकर आई। हल्का कोहरा होने के कारण पूरे दिन ठंडक का अहसास हुआ। नव वर्ष पर मंदिरों में भारी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे व प्रार्थना की।नव वर्ष के पहले दिन सुबह जहां कोहरे छाया रहा, दिन चढ़ने के साथ ही मौसम खुलने लगा था। ठंड होने के बावजूद श्री सिद्धबली मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। सुबह से ही लोगों का सिद्धबली मंदिर में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जोकि देर शाम तक जारी रहा। लोगों ने मंदिर परिसर में भंडारे भी खाया। मंदिर में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनात की गई थी। युवक-युवतियों में नववर्ष को लेकर खासा उत्साह नजर आया। क्षेत्र में छोटे-छोटे पार्कों के अलावा विभिन्न सड़कों व होटलों में युवक-युवतियों के जोड़े नजर आए। इससे पूर्व, बुधवार देर शाम से ही जश्न के नाम पर पियक्कड़ों ने हो-हल्ला मचाना शुरू कर दिया था।

### छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

**कोटद्वार ।** आर्य कन्या इंटर कॉलेज कोटद्वार में राष्ट्रीय सेवा योजना शि. विर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का भी संकल्प लिया। विद्यालय परिसर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ पार्षद प्रवेंद्र सिंह रावत, आर्य समाज के पुरोहित नितिन शास्त्री ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने छात्राओं को नशे के प्रति जागरूक किया। कहा कि समाज में नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। इस बुराई पर लगाम लगाने के लिए छोटे से बड़े लोगों को धरातल पर कार्य करना होगा। इस दौरान छात्राओं ने गढ़वाल-कुमाऊनी सहित अन्य गीतों पर नृत्य की भी प्रस्तुति दी । बालिकाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य पुष्पा बलोदी, कार्यक्रम अधिकारी विजय लक्ष्मी व सरोज रावत ने कहा कि एनएसएस शिविर के दौरान छात्राओं को समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

### नूतन वर्ष पर गेप्स के कार्यकर्ताओं ने कण्व आश्रम में चलाया स्वच्छता अभियान

**कोटद्वार ।** नूतन वर्ष के शुभागमन के अवसर पर ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा चक्रवर्ती सम्राट राजा भरत की जन्मस्थली कण्व आश्रम, कोटद्वार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर आश्रम परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ संस्था द्वारा पूर्व में रोपित एवं संरक्षित पौधों की निराई-गुड़ाई कर उन्हें जल प्रदान किया गया।इस स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान में संस्था के संस्थापक राम भरोसा कंडवाल, मनमोहन काला तथा इंजीनियर जगत सिंह नेगी ने सक्रिय सहभागिता की। अभियान के दौरान संस्था के संस्थापक राम भरोसा कंडवाल ने देशवासियों को नूतन वर्ष की हार्दिक मंगलकामनाएँ एवं शुभेच्छाएँ देते हुए स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का संदेश दिया।

# मिनी स्विट्जरलैंड चोपता में नए साल का जश्न फीका

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** नए साल का जश्न मनाने व बर्फ से ढकी घाटियों और हिमालय की मनमोहक वादियों का नजारा देखने की उम्मीद लेकर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और अन्य राज्यों से आए पर्यटक भारी संख्या में मिनी स्विट्जरलैंड चोपता पहुंचे थे। लेकिन इस बार प्रकृति मेहरबान नहीं हुई और बर्फबारी न होने से कई पर्यटक मायूस होकर वापस लौट गए।

चोपता में आमतौर पर दिसंबर-जनवरी में अच्छी बर्फबारी होती है, जो इसे सफेद चादर ओढ़े स्विट्जरलैंड जैसा रूप देती है। तुंगनाथ और चंद्रशिला ट्रेक के लिए मशहूर इस जगह पर नए साल की पूर्व संध्या पर बॉनफायर, कैंपिंग और ट्रेकिंग का प्लान लेकर आए परिवार और युवा निराश दिखे। मुबंई से आई तेजस्वी सेठी ने बताया कि "हमने सोचा था बर्फ में नए साल का जश्न मनाएंगे, स्नोमैन बनाएंगे, लेकिन यहां तो हरी-भरी घास ही दिख रही है। ठंड तो है, लेकिन बर्फ का मजा नहीं मिला। चोपता में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री तक पहुंच गया है, लेकिन बादल छाए रहने के बावजूद बर्फबारी नहीं हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण बर्फबारी का पैटर्न बदल रहा है, और कई बार जनवरी मध्य तक इंतजार करना पड़ता है। बर्फवारी न होने से कुछ पर्यटक जल्दी लौट गए।

# डीएम ने बीमार को दिलाया इलाज

■ कड़ाके की ठंड में कोई न रहे परेशान, डीएम ने रैन बसेरों में हीटर और कंबल की व्यवस्था के दिए निर्देश, पूर्णानंद पार्किंग में बहते पानी को देख बिफरीं जिलाधिकारी, अधिकारियों को दिए तत्काल ठीक करने के आदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने गुरुवार को मुनि की रेती क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जहां नागरिक सुविधाओं को दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए, वहीं रैन बसेरे में मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक बीमार व्यक्ति की मदद भी की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी की नजर पूर्णानंद पार्किंग के बाहर लीक हो रही एक पानी की टंकी पर पड़ी। पानी की बर्बादी और लीकेज को देखते हुए उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई और इसे तत्काल प्रभाव से ठीक कराने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को किसी भी प्रकार की जल आपूर्ति बाधित न हो और न ही गंदगी फैले।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने मुनि की रेती स्थित रैन बसेरे (आश्रय स्थल) का निरीक्षण किया। वहां ठहरने वाले लोगों से बातचीत के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि वहां एक व्यक्ति बीमार अवस्था में है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संवे. दनशीलता दिखाते हुए उप-जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तुरंत डॉक्टर की व्यवस्था कर उक्त व्यक्ति का समुचित उपचार सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मानवीय दायित्व है कि आश्रय स्थलों में रह रहे बेसहारा लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाए। सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी ने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को लेकर भी अधिकारियों को सतर्क किया। उन्होंने निर्देशित किया कि रैन बसेरे में ठहरने वाले जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए हीटर, गर्म कंबल, साफ चादर और स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे रैन बसेरों की निरंतर मॉनिटरिंग करें ताकि कोई भी व्यक्ति प्रशासन की उपेक्षा का शिकार न हो और हर जरूरतमंद को इस कड़ाके की ठंड में राहत मिल सके। इस दौरान एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल, अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी और तहसीलदार अयोध्या उनियाल सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर और उसके आसपास की स्वच्छता की। इससे पहले प्रात: कालीन बेला में स्वयं सेवियों द्वारा योग आसन और प्राणायाम किया गया। सभी स्वयंसेवियों को योग आसन और प्राणायाम का अभ्यास राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला ने कहा कि जीवन में स्वच्छता का बहुत बड़ा महत्व है क्योंकि स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मस्तिष्क का निवास होता है। प्रधानाचार्य द्वारा स्वयं स्वच्छता का निरीक्षण किया। उन्होंने शारीरिक श्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक श्रम करना किसी योग से कम नहीं है उन्होंने योग और आसान को जीवन का अभिन्न अंग होने की बात कही। इस दौरान सभी स्वयंसेवी दिव्या, आरुषि, हिमांशी, ऐश्वर्या, प्रिंस आर्यन, अंश, ललित, अर्जित, काजल, अंकिता, प्राची, जाह्नवी, निधि, दिव्यांशी, अना. मिका, वंशिका, नीतू, समीर, सार्थक, प्रियान्शु, मोहित, हितेश, राजेंद्र, सन्दीप आदि उपस्थित रहे।

## एनएसएस का सात दिवसीय शिविर बीडीएम कालेज में शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर बीडीएम इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में प्रारंभ।

शिविर का उद्घाटन विद्यालय के उप प्रधानाचार्य बाज सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, ग्राम प्रधान नेहा वर्मा ग्राम पंचायत एटम बाग हरबर्टपुर राहुल वर्मा, सचिन वर्मा, राजेश नेगी , मनमोहन सिंह रावत, कार्यक्रम अधिकारी कुलदीप जगवाण, गुलाब सिंह आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया।

शिविर में स्वयंसेवियों ने लोक गीत, लक्ष्य गीत, संकल्प गीत एकता गीत आदि प्रस्तुत किये। बाज सिंह ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य ऐसे स्वयंसेवियों का निर्माण करना है इस अवसर पर सुभाष चमोली, मनीष जगूड़ी, अक्षय गुसाईं, ललित बिजाल्वाण, मोतीलाल, गीता देवी, रेखा रानी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी स्वाती, वैष्णवी, स्वर्णिका, प्रियंका अंशिका, अंजू, आरती, शशांक, पार्थ, जगजीत, हर्ष, आदर्श, सूरज आदि उपस्थित रहे।

# गोरखा राइफल्स के जवानों को मिठाई खिलाकर दी नव वर्ष की शुभकामनाएं



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने नववर्ष 2026 के अवसर पर गढ़ी कैंट स्थित 5/1 जीआर (गोरखा राइफल्स) के जवानों से भेंट कर उन्हें नए साल की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने जवानों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात हमारे सैनिक राष्ट्र की शान हैं। सैनिकों का साहस, अनुशासन और समर्पण ही देश को सुरक्षित और मजबूत बनाता है। इस दौरान पूर्व सैनिक कैप्टन दिनेश प्रधान, 5/1 जीआर के सुबेदार मेजर सहित जीसीओ और जवान उपस्थित रहे।

# नए वर्ष पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

■ श्रद्धालुओं ने कि साल के लिए सुख-समृद्धि की कामना



शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** नए साल 2026 का पहला दिन गुरूवार को सुबह से ही प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें देखने को मिली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नए साल की शुरूवात में भगवान के दर्शन और पूजा से की। लोगों ने अपने परिवार के साथ प्रार्थना की और आने वाले साल के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। श्रद्धालुओं श्रीनगर स्थित सिद्धपीठ कमलेश्वर मंदिर, कलियासौंध्ड़ स्थित सिद्धपीठ धारी देवी मंदिर, देवलगढ़ स्थित सिद्धपीठ राजराज. ेश्वरी मंदिर के दर्शन कर साल के लिए सुख-स्मृद्धि की कामना की। इस मौके पर धारी देवी मंदिर में लगी भीड़ को नियंत्रित करने को लेकर पुलिस प्रशासन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहा। धारी देवी मंदिर के पुजारी लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि नए वर्ष में करीब 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवती के दर्शन कर सुख स्मृद्धि की कामना की। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर कुलदीप रावत ने बताया कि नए वर्ष पर किसी भी प्रकार की अनहोनी सहित अन्य मामले समाने नहीं आएं है। नया वर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# खुद नालियां साफ करके डीएम ने की नए साल की शुरुआत

■ नववर्ष पर स्वच्छता का संदेश: पर्यटकों को लुभाने के लिए चला सफाई अभियान, डीएम ने अधिकारियों को दिए नियमित चे. कंग के निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नववर्ष के प्रथम दिवस पर जहां एक ओर लोग जश्न और सैलानी पर्यटन स्थलों का लुत्फ उठाने में व्यस्त थे, वहीं टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने स्वच्छता की अलख जगाकर साल की एक अनूठी और प्रेरक शुरुआत की। गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से मुनि की रेती और तपोवन क्षेत्र में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने केवल निर्देश नहीं दिए, बल्कि स्वयं सफाई कर अधिकारियों और आम जनता के सामने एक नजीर पेश की।

अभियान की शुरुआत मुनि की रेती स्थित पूर्णानंद पार्किंग मैदान से हुई। यहां जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने पार्किंग क्षेत्र की नालियों में जमा कूड़े और गंदगी को देखकर स्वयं सफाई उपकरण उठाए और नालियों की सफाई की। जिलाधिकारी को सफाई करते देख अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उत्साह के साथ श्रमदान किया। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका परिषद मुनि की रेती की अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी को सख्त निर्देश दिए कि क्षेत्र की सभी नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उन्होंने प्रत्येक सप्ताह अभियान चलाकर नियमित चेकिंग करने की हिदायत दी, ताकि पर्यटन नगरी की छवि धूमिल न हो।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का लक्ष्य केवल एक दिन की सफाई करना नहीं है, बल्कि मुनि की रेती को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर लाना है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय नागरिक और व्यापारी भी अपनी जिम्मेदारी समझें। इसके बाद जिलाधिकारी का काफिला नगर पंचायत तपोवन पहुंचा, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष विनीता बिष्ट ने उनका स्वागत किया। कूड़े को साफ कर उसका उचित निस्तारण किया। इस अभियान में एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल, तहसीलदार अयोध्या उनियाल और ईओ तपोवन अंजलि रावत सहित कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैने अपना नाम MOHAMMAD SHAKIR(पुराना नाम)से बदल कर **MOHD SHAKIR** (नयानाम)कर लिया है । भविष्य में मुझे **MOHD SHAKIR**(नया नाम)पुत्र **MOHD AKHLAK** के नाम से जाना पहचाना जाए ।

**मो० शाकिर पुत्र मा० अखलाक निवासी ग्राम-सिरचन्दी, परगना व तहसील-भगवानपुर, जिला-हरिद्वार, पिन कोड-247661( उत्तराखंड )**

# रानीबाग से कॉलटैक्स तक लगा जाम

## नववर्ष के पहले दिन जूझते रहे भक्त और पर्यटक, शीतला माता मंदिर के पास ट्रैफिक प्रभावित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साल-2026 के पहले दिन भक्तों की भक्ति और मन्नतें पूरी करने का उत्साह था, लेकिन जाम के कारण उनका दिन परेशानियों से भरा रहा। शीतला माता मंदिर में दर्शन करने पहुंचे भक्तों के वाहनों ने सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा कर दी, जिससे रानीबाग से काठगोदाम कॉलटैक्स तक लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। यही स्थित नरीमन तिराहे से काठगोदाम थाने तक भी देखने को मिली।

भक्तों के साथ इस जाम में पर्यटक भी फंसे, जो नैनीताल को जा रहे थ और नैनीताल से लौट रहे थे। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए बड़े स्तर पर इंतजाम किए थे। इसे ऐसे समझें कि यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के बाद पुलिस जिले के बाहर से कर रही थी। इसके असर भी दिखा और हल्द्वानी शहर जाम से मुक्त रहा, लेकिन काठगोदाम नहीं। दरअसल, सारा डायवर्ट रूट नरीमन तिराहे पर ही आकर मिलता है और इसकी वजह से 31 दिसंबर की शाम से ही यहां जाम लगना शुरू हो गया। दो पहिया वाहन चालकों को रोकने की वजह से स्थिति और बिगड़ गई। इधर साल के पहले दिन गुरुवार सुबह की शुरुआत भी काठगोदाम में जाम के साथ हुई। दरअसल, अधिक्तर शहरवासियों ने परिवार के साथ दिन की शुरुआत करने के लिए मंदिरों का रुख किया। नैनीताल रोड पर रानीबाग स्थित शीतलामाता मंदिर में भी भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। दो पहिया और चार पहिया वाहन से मंदिर पहुंचे भक्तों ने अपने वाहन सड़क किनारे ही पार्क कर दिए। इससे पहले यातायात की रफ्तार सुस्त हुई और फिर जाम लग गया। यातायात प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्रा ने बताया कि नरीमन तिराहा सभी ट्रैफिक डायवर्जन का प्वाइंट है। इसके चलते यहां यातायात की रफ्तार मंद रहती है। इसके अलावा शीतलामाता मंदिर के नीचे पार्किंग की वजह से यातायात प्रभावित हुआ।

### मंदिरों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**हल्द्वानी।** नव वर्ष 2026 के पहले दिन का आगाज हो चुका है, और पूरे प्रदेश में धार्मिक आयोजनों का दौर जारी है। नए वर्ष को लेकर शहर के मंदिरों में सुबह



से ही भक्तों का तांता लगा रहा, जहां लोग भगवान से नये साल के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इनमें प्रमुख रानीबाग स्थित शीतला माता मंदिर, शनिदेव मंदिर, कालीचौड़ मंदिर, गोल्ज्यू मंदिर, हनुमानगढ़ी मंदिर, जगदंबा मंदिर, अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर, राम मंदिर, शिव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और दुग्ध अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से परिवार की सुख-शांति, प्रदेश और देश की खुशहाली की कामना की। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का सिलसिला जारी था, और लोग अपनी बारी का इंतजार करते हुए पूजा अर्चना में लीन दिखे। इस मौके पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की व्यवस्था और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे, ताकि कोई भी श्रद्धालु असु. विधा का सामना न करें। कड़ाके की सर्दी के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ, और वे सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने पहुंचे। इस दौरान मंदिरों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला, और श्रद्धालु भगवान से आशीर्वाद लेकर नए साल की शुभ शुरुआत कर रहे थे।

# 15 दिन के लिए आलू फल एसो. का धरना स्थगित

## सिटी मजिस्ट्रेट व भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंडी प्रशासन की कथित जनविरोधी नीतियों और लंबित मांगों को लेकर नवीन मंडी परिसर में गुरुवार को व्यापारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आलू फल आढ़ती व्यापारी एसोसिएशन व मर्चेंट एसोसिएशन गल्ला मंडी के तत्वावधान में बड़ी संख्या में व्यापारी एकजुट हुए और मंडी व्यवस्था को अव्यवस्थित बताते हुए आक्रोश जताया। व्यापारियों का कहना था कि मंडी परिसर में अनावश्यक निर्माण से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, जिससे किसानों के कृषि उत्पाद समय पर बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे है। उन्होंने मंडी में दुकानों व गोदामों के नए निर्माण पर रोक, लंबित लीज रेंट व गोदाम किराये की वसूली, लाइसेंस प्रक्रिया को सरल करने, फुटकर व्यापारियों को अन्यत्र स्थानांतरित करने तथा प्रवेश-निकास व्यवस्था को सुचारू करने की मांग उठाई। इसके साथ ही लगभग 40 वर्ष पुरानी जर्जर दुकानों के पुनर्निर्माण, ऊपरी मंजिल निर्माण की अनुमति और दुकान विहीन लाइसेंसधारियों को नई मंडी या बाईपास क्षेत्र में दुकान आवंटन की मांग भी रखी गई। इस बीच नवीन मंडी हल्द्वानी के सभापति एवं सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट मौके पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं को लेकर 15 दिनों के भीतर मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। जिसके बाद व्यापारियों ने अपना धरना फिलहाल 15 दिन के लिए स्थगित कर दिया। इस दौरान व्यापारियों ने मंडी परिषद के अध्यक्ष को हटाने की भी मांग की। इस दौरान आलू फल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जोशी, गल्ला मर्चेंट एसोसिएशन के महासचिव राकेश गुप्ता सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने आंदोलन को सफल बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने मंडी के आंदोलन को सफल बताया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता में बड़ी ताकत होती है। सभी व्यापारियों ने बड़े धैर्य और शांतिपूर्ण वातावरण में अपनी मांगों के लिए आंदोलन किया। मंडी समिति के प्रशासक और सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने भी गंभीरतापूर्वक व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण करने का भरोसा दिलाया।

## जश्न की आड़ में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की रही सख्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नववर्ष के जश्न की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करने के प्रयास को पुलिस ने नाकाम कर दिया। मुखानी थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान 220 पाउच लगभग 74 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुखानी सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम आम्रपाली बैरियर में चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार चालक मलकीत सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी ग्राम ककराला थाना गदरपुर जिला उधमसिंह नगर को चेक किया। उसके पास से 220 पाउच (74 लीटर) अवैध कच्ची शराब खाम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस टीम में एसआई अविनाश मौर्य, कांस्टेबल केदार नैनवाल, राजेश जोशी, होमगार्ड ईश्वर सिंह शामिल रहे।

## खेल-खेल में कसी रस्सी, गर्दन चीर कर हड्डी में फंसी, मौत

**हल्द्वानी।** खेल-खेल में रस्सी गले में कसने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। आनन फानन में परिजन बच्ची को लेकर सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। साल के आखिरी दिन परिवार में हुए इस हादसे से कोहराम मच गया। गुरूवार को पुलिस ने प्रशासन के निर्देश के बाद शव बिना पोस्टमार्टम के परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार टीपीनगर क्षेत्र में एक बैंक कर्मी अपने परिवार के साथ रहता है, और उनकी 13 साल की बेटी शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में छठवीं की छात्रा थी। बताया जा रहा कि साल के आखिरी दिन यानि बीते बुधवार की शाम बच्ची घर में ही खेल-कूद कर रही थी। जहां पर बच्ची खेल रही थी वहां पर एक रस्सी लटकी हुई थी। तभी अचानक उछल-कूद कर रही बच्ची का गला उस रस्सी में जा फंस गया। जब परिजन कमरे में पहुंचे तो बच्ची लटकी पड़ी थी। रस्सी उसके गले में बुरी तरह जकड़ गई और वो चीख भी नहीं पाई। रस्सी गले में इस कदर जकड़ी कि ऊपरी त्वचा को काटती हुई हड्डी में जकड़ गई। परिवार के सदस्य जब पहुंचे तो देर चुकी थी। आनन फानन में परिजनों द्वारा बच्ची को उपचार के लिए तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि परिवार बच्ची के पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं था। जिसके बाद परिजनों ने प्रशासन को इसकी सूचना दी और प्रशासन के निर्देश के बाद शव बिना पोस्टमार्टम के परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## ओखलकांडा में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 02 जनवरी, 2026 को विकासखंड ओखलकांडा की डालकन्या न्याय पंचायत में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस परिसर में आयोजित होगा। शिविर का उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो मौके पर ही शिकायतों का निस्तारण, आवेदन प्राप्त करने एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को शासन-प्रशासन से सीधे जोड़ने, पारदर्शिता बढ़ाने तथा सुशासन को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने क्षेत्रीय जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

## वुशू में बालिकाओं ने दिखाया दम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** छत्तीसगढ़ वुशु एसोसिएशन की ओर से 24 से 30 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ में आयोजित हुए वुशू नेशनल चैंपियनशिप में स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी की दो बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।

प्रतियोगिता में पीहू ने सब जूनियर वर्ग के 39 किलोग्राम भार वर्ग और हिमानी बिष्ट ने सीनियर वर्ग के 48 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी पिछले दो वर्षों से स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में नियमित प्रशिक्षण ले रही है। दोनों बालिकाओं की इस उपलब्धि पर उपनिदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, वुशू कोच राहुल सिंह सहित खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

# 20 सूत्रीय कार्यक्रम में जनपद नैनीताल की ऐतिहासिक छलांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में गत त्रैमास में बीस सूत्री कार्यक्रम में जनपद नैनीताल

### 13वें से तीसरे स्थान पर पहुँचा जनपद

प्रदेश में 13वें स्थान पर था। बीस सूत्री कार्यक्रम में नैनीताल जिले की अत्यंत खराब स्थिति पर जिला. धिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बीस सूत्री कार्यक्रम से जुड़े विभागों की नियमित समीक्षा करते हुए विभागों को विकास कार्यों में प्रगति लाते हुए इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए गए साथ ही नियमित समीक्षा भी की गई। इस संबंध में नियोजन विभाग उत्तराखंड से प्राप्त इस त्रैमासिक आंकड़ों के अनुसार 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। पूर्व में जहां जनपद नैनीताल 13वें स्थान पर था, वहीं बेहतर कार्य निष्पादन एवं प्रभावी निगरानी के फलस्वरूप अब जनपद ने प्रदेश स्तर पर 13वें स्थान से उन्नति करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग सहित कुल 6 विभागों का प्रदर्शन बी श्रेणी में रहा है। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं ने भी निरंतर बेहतर प्रगति करते हुए बी श्रेणी में स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि समस्त विभागों के समन्वित प्रयासों, नियमित समीक्षा एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे वर्तमान तिमाही (क्वार्टर) में अपने-अपने विभागीय लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जिससे आगामी मूल्यांकन में जनपद की रैंकिंग और अधिक सुदृढ़ हो सके। जिला. धिकारी ने अधिकारियों को आपसी समन्वय, सतत मॉनिटरिंग एवं लक्ष्य आधारित कार्यप्रणाली अपनाने के भी निर्देश दिए।

## लखपति दीदियों की आत्मनिर्भरता का उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना के तहत गुरूवार को लखपति दीदी नववर्ष कैलेंडर-2026 का लोकार्पण जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने कैंप कार्यालय, हल्द्वानी में किया। इस कैलेंडर में जनपद की लखपति दीदियों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों को प्रेरणादायक तरीके से संकलित किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर प्रोत्साहित करना है। लोकार्पण के दौरान जिलाधिकारी ने लखपति दीदियों से संवाद किया और उनकी आजीविका गतिविधियों, उत्पादन कार्यों तथा आय से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की एक बेहतरीन मिसाल है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर समाज में नई पहचान दे रही है। कार्यक्रम में अपर परियोजना निदेशक, डीटीई, बीएमएम हल्द्वानी, सहायक परियोजना निदेशक डीआरडीए चंदा फर्त्याल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, तथा अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## पवन पाण्डेय बने फार्मेसी अधिकारी संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय फार्मेसी अधिकारियों के मान्यता प्राप्त सेवा संघ, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी ने कार्यसमिति का विस्तार करते हुए वरिष्ठ फार्मेसी अधिकारी पवन पाण्डेय को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पवन पाण्डेय पहले भी संगठन के प्रदेश महामंत्री रह चुके हैं। संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती की अध्यक्षता और प्रदेश महामंत्री डा. सतीश चंद्र पाण्डेय के संचालन में आयोजित बैठक में पवन पाण्डेय को यह दायित्व सौंपा गया। नव-निर्वाचित प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पवन पाण्डेय ने इस नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य फार्मेसी प्रोफेशन को जनोपयोगी बनाना है। वे जहां दवा, वहां फार्मासिस्ट के नारे को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास करेंगे। पाण्डेय ने कहा कि फार्मेसी संवर्ग पर उचित ध्यान न दिए जाने से समाज में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इसके साथ ही बिना फार्मासिस्ट के दवाइयों का भंडारण और वितरण करने से औषधि दुष्प्रभाव जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर उस स्थान पर फार्मेसी अधिकारी की तैनाती की आवश्यकता है, जहां दवाइयों से संबंधित कार्य हो। पवन पाण्डेय के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती, महामंत्री डा. सतीश चंद्र पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश भूषण नौटियाल, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार पाण्डेय, संगठन मंत्री राहुल लखेड़ा, संयुक्त मंत्री नितिन कुंवर, कोषाध्यक्ष प्रदीप रावत, संप्रेक्षक गंगा सिंह थलवाल, मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह और मुकेश नौटियाल ने बधाई दी।



## वरिष्ठ पत्रकार राजेश सरकार को मातृशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पत्रकार राजेश सरकार की मां लक्ष्मी देवी पत्नी स्व. शिव कुमार का 72 वर्ष की आयु में बीते बुधवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। वह लंबे समय से किडनी की बीमारी से पीड़ित थीं और उनका उपचार चल रहा था। उन्होंने बुधवार की देर रात अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनके निधन पर पुत्रियों सुनीता नेगी एवं नीलम गोस्वामी व पुत्रवधू मंजू देवी समेत नाती-पोतों हैं। गुरुवार को रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट में उनका रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र राजेश ने उन्हें मुखाग्नि दी। वहीं,



### सीएम ने दुख जताया

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने माता के निधन पर दु:ख व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति और शोक. ाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। इसी के साथ ही आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल व सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने भी शोक जताया है।

### शराब पीकर छोटे भाई ने बड़े से की मारपीट

**नैनीताल।** मल्लीताल क्षेत्र में दो भाईयों में आपसी झड़प हुई तो नशे में धुत छोटे भाई ने बड़े के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में बड़े भाई के हाथ में चोट आई हैं जिसे बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार दिया गया। जानकारी के अनुसार मल्लीताल क्षेत्र निवासी पंकज थर्टी फर्स्ट की शाम काम से लौटने के बाद घर में था। इस बीच नशे में धुत छोटा भाई बच्चों के साथ मारपीट करने लगा। बड़े भाई को विरोध किया तो छोटे भाई ने पंकज के साथ ही मारपीट कर दी। परिजनों ने किसी तरह झगड़ा शांत करवाया। वीरवार को चोटिल बड़े भाई ने बीडी पांडे अस्पताल पहुंचकर उपचार करवाया। एसएसआई दिनेश जोशी ने बताया कि फिलहाल मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## संतोष पाण्डे बने आइसीएसआइ नॉर्थर्न इंडिया के चेयरमैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ के संतोष पाण्डे ने एक अहम सफलता हासिल करते हुए देश के प्रमुख वित्तीय संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआइ) की नॉर्थर्न इंडिया रीजनल काउंसिल के चेयरमैन पद पर नियुक्ति पाई है। यह नियुक्ति न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि पहाड़ के युवा वर्ग के लिए भी प्रेरणा का एक स्रोत बनकर उभरी है। यह पद पाने वाले वह सबसे युवा व्यक्ति हैं, जो अपने क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। संतोष पाण्डे, जिनका संबंध ग्राम उतौरी मिरई, अल्मोड़ा से है, का यह कार्यक्षेत्र में प्रभावी योगदान और समर्पण उनकी सफलता का कारण बना है। उनके पिता, प्रकाश चंद्र पाण्डे, भारतीय सेना से सेवा. निवृत्त हैं, और मां जानकी देवी गृहिणी हैं। उनका परिवार वर्तमान में बरेली में निवास करता है, जबकि संतोष पाण्डे खुद दिल्ली में कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पहाड़ के सभी वित्तीय पेशेवर संगठनों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



# सिखों ने श्रद्धाभाव से निकाली पांचवीं प्रभातफेरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरूवार को पांचवीं प्रभात फेरी गुरुद्वारा श्री गुरु नानक पुरा (भोटिया पड़ाव, सुभाष नगर) में श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुई। यह प्रभात फेरी सुबह 5 बजे गुरुद्वारा श्री सिंह सभा रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर नैनीताल रोड, पेट्रोल पंप, तिकोनिया, ठंडी सड़क, सुभाष नगर आवास विकास चौराहा से होते हुए खालसा स्कूल होते हुए गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा पहुंची। प्रभात फेरी में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने श्रद्धा भाव से कीर्तन किया और गुरु की बाणी गाते हुए सफर किया। प्रभात फेरी का जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। साद संगत कीर्तन करते हुए गुरुद्वारे तक पहुंची। इस अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक पुरा के मुख्य सेवादार स. हरजीत सिंह सच्चर, स. जसपाल सिंह कोहली, और स. अमरजीत सिंह आनंद ने प्रभातफेरी का स्वागत किया। अंत में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के मुख्य सेवादार वीरेंद्र सिंह चड्ढा ने इस आयोजन की सफलता के लिए संगत का आभार व्यक्त करते हुए सिख संगठन और संस्थाओं से इस विशाल गुरुपर्व के उपलक्ष पर सहयोग की अपील की। इस दौरान सिख फेडरेशन के प्रतिनिधि जैसे गुरप्रीत सिंह प्रिंस, अमरजीत सिंह साहनी, परमजीत सिंह चंडोक, अमरपाल सिंह, जगमोहन सिंह, कुलविंदर चड्ढा, कंवलजीत सिंह, हरविंदर सिंह, इस्त्री सत्संग सभा और गुरु सिंह सभा के सदस्य रिंकल चंडोक, रणजीत आनंद, रमन साहनी, बलवंत सिंह, दलीप सिंह, चरणजीत सेठी सहित अन्य बड़ी संख्या में संगत मौजूद रहे।

## 'टर्बन डे' प्रोग्राम का मुख्य आकर्षण रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरूवार को समूह संगत प्रबंधक कमेटियों, एवं यूथ संस्थाओं की तरफ से टर्बन-डे मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों एवं समूह सिख नौजवानों ने अलग-अलग रंगों की पगड़ी एवं महिलाओं ने केसकी सजा कर टर्बन-डे को बहुत खूबसूरत बना दिया। गुरूवार सुबह साढ़े 12 बजे श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में अरदास शुरू हुई। जिसके बाद गुरु तेग बहादुर साहिब स्कूल के छात्रों और सिख नौजवानों ने एक विशाल मार्च निकाला। छोटे-छोटे बच्चे बोले सो निहाल के उद्घगोश एवं सतनाम वाहेगुरु का सिमरन करते होये चल रहे थे। बड़े बच्चे और सिख महिलायें भी शब्द गायन और हाथ मे पगड़ी मेरी जान, पगड़ी मेरी पहचान' एवं ये सिर्फ पगड़ी नही गुरु का दिया ताज है'..आदि बोर्ड हाथ मे पकड़ कर समूह इलाका निवासियों को संदेश दे रहे थे। सभी संगत रंग बिरंगी पगड़ियां बांध कर पैदल चल कर तिकोनिया चौराहा-ओक होटल-सिंधी चौराहा-मीरा मार्ग बाजार होती हुई गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा पहुंची। जिसका मुख्य उद्देश्य सिख नोजवानों को दस्तार/पगड़ी की तरफ प्रेरित करना था। गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा पहुँचने पर कीर्तन कर 'अरदास' करके गुरु साहिब का धन्यवाद किया गया व पगड़ी का महत्व समझाया गया। गुरद्वारा कमेटी की तरफ से सभी संगत का धन्यवाद किया गया। सभी संगत ने गुरु का लंगर छक कर गुरु साहिब का धन्यवाद करा। उक्त प्रोग्राम में सभी गुरद्वारा कमेटी के एवं संस्थाओ के सदस्य मौजूद रहे।




### युवाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग

**बागेश्वर।** सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित होंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी गोस्वामी ने बताया कि कौशल एवं सेवायोजन विभाग उत्तराखंड के तत्वावधान में शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र में टंकण लिपिकीय व्यवसाय और समूह ग की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छह माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र का आयोजन एक जनवरी से 30 जून तक किया जा रहा है, जिसमें न्यूनतम इंटरमीडिएट उत्तीर्ण और 18 से 30 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी पात्र होंगे। पूर्व में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे अब अभ्यर्थियों के हित में विस्तारित करते हुए 25 जनवरी 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

# गंदे पानी के निकासी व स्ट्रीट लाइट न होने से स्थानीय नागरिक परेशान

**राजेश वर्मा शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के वार्ड नंबर 44 जो हरिद्वार के नगर निगम में आता है। त्रिमूर्ति नगर से लेकर वाल्मीकि बस्ती तक सड़क के दोनों तरफ नाले बने हुए हैं। क्षेत्र मे नाले बंद होने से गंदे पानी की निकासी नहीं हो रही है और ना ही स्ट्रीट लाइट का कोई प्रबंध है। स्थानीय विधायक प्रशासन व पार्षद इस क्षेत्र को अनदेखा कर रहे हैं जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपको बता दे की इस क्षेत्र से लगता जंगल भी है जिसमें जंगली जानवर कभी-कभी यहां दिखाई देते हैं। जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है। डर के कारण लोग रात के समय इस सड़क से नहीं गुजरते। सूत्रों से पता चला है कि त्रिमूर्ति नगर मंदिर से लेकर ज्वालापुर बाल्मीकि बस्ती तक रोड 50 फीट तक स्थानीय लोगों की रजिस्ट्री में लिखित दर्ज है जो मौके पर 50 फुट की जगह 40 फुट है। 10 फुट यहां की रोड



भी गायब है। अरविंद पालीवाल ने बताया कि त्रिमूर्ति नगर से बाल्मीकि बस्ती तक सड़क के किनारे दोनों तरफ नाले बने हुए हैं एक तरफ नगर निगम का नाला है और दूसरी तरफ नगर पालिका का नाला बना हुआ है । नगर पालिका नालों की सफाई कभी-कभी कर देता है परंतु नगर निगम ने तो जब से नाला बना है तब से लेकर आज तक कभी नाले की सफाई तक नहीं की लोगों ने शिकायत भी की परंतु जनता की आवाज को अनदेखा किया। नगर निगम सड़क की दोनों ओर स्ट्रीट लाइट भी नहीं है साथ लगते जंगल में जंगली जानवरों से लोग को भयभीत रहते है। अश्विनी कुमार ने बताया कि बाल्मीकि बस्ती रोड के दोनों तरफ नाले बने हुए हैं इसमें गंदे पानी की निकासी न होने के कारण गंदे पानी से बदबू आती रहती है तथा इस क्षेत्र में बीमारी फैलने की भी आशंका बनी हुई है साथ लगते जंगल में कई बार जंगली जानवर आ जाते हैं सड़क के किनारे दोनों तरफ से स्ट्रीट लाइट न होने से रात को लोग इस रोड पर चलने से कतराते हैं उन्हें जंगली जानवरों से भय बना रहता है। जनता की गुहार है की प्रशासन इस समस्या पर ध्यान दें ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में हजारों लाभान्वित

## बहादराबाद व नारसन में समस्याओं का त्वरित निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन एवं राज्य मंत्री विनय रोहिल्ला की अध्यक्षता में विकासखंड बहादराबाद की न्याय पंचायत के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज औरंगाबाद में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से 1149 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा 155 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। इस शिविर में 1590 लोगों ने प्रतिभाग किया। आयोजित शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 68 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 23 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष आपदा प्रबंधन/राज्य मंत्री विनय रोहिल्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुँचाया जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी भी आमजन को उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता ने प्रतिभाग किया है तथा 1304 लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए प्रमाण पत्र भी निर्गत किए गए। विभिन्न विभागों से संबंधित 68 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 23 का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को त्वरित कार्यवाही हेतु भेजा गया। राज्य मंत्री द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण भी किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पी.आर. चौहान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का निस्तारण कार्यक्रम के दौरान नहीं हो पाया है, उनका शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिविर में रानीपुर विधायक आदेश चौहान, खंड विकास अधिकारी मानस मित्तल सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल की अध्यक्षता में विकासखंड नारसन की न्याय पंचायत मोहम्मदपुर जट के बारात घर में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 66 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 404 लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 1480 लोगों ने प्रतिभाग किया। बहुउद्देशीय शिविर में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 29 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर) देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि शिविर में भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत बिल, जलभराव, चकरोड एवं साफ-सफाई से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दीपेंद्र सिंह नेगी ने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ. मधु सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीश गौड़, चेयरमैन सुशील राठी, जिला पंचायत सदस्य आजाद, खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी, क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विधायक आदेश चौहान ने किया किड्स जंक्शन का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शिवालिक नगर में स्थापित किए गए किड्स जंक्शन का शुभारंभ रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि किड्स जंक्शन बच्चों को सुरक्षित, अनुशासित एवं सकारात्मक वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियों तथा नैतिक मूल्यों के समन्वय के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव होती है तथा इस प्रकार के शिक्षण संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। किड्स जंक्शन की डायरेक्टर सुरभि शर्मा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए स्थापित किड्स जंक्शन प्री स्कूल एवं डे केयर सेंटर में शैक्षणिक सत्र हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्थान में प्री स्कूल, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के साथ-साथ डे केयर की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रिंसिपल शिखा अग्रवाल ने कहा कि किड्स जंक्शन में बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए एडवांस्ड करिकुलम, मॉन्टेसरी पद्धति, प्रशिक्षित एवं योग्य शिक्षक, क्रिएटिव एजुकेशनल प्लान तथा सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध है। बच्चों की सुरक्षा के लिए संस्थान में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संस्थान में इनडोर एवं आउटडोर गतिविधियां, आधुनिक शिक्षण सामग्री तथा लविंग और केयरिंग माहौल प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त एक्टिविटी सेंटर के अंतर्गत योग, जुम्बा, किड्स जिम, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, ट्यूशन क्लासेज एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट जैसी गतिविधियां भी संचालित की



जा रही हैं। रंजना शर्मा ने कहा कि शिक्षा उनकी विरासत में है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि सीमित सीटों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रवेश सुनिश्चित करें। वर्तमान में विशेष ऑफर के तहत सीमित सीटों पर प्रवेश शुल्क में छूट भी दी जा रही है। उद्घाटन समारोह में बाल कल्याण समिति हरिद्वार के दिनेश शर्मा, सुनीता चौधरी, बेबी नाज, डा.अजय भारद्वाज, कृपाल कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से रंजना शर्मा, इंदु चौहान, मधु ठाकुर, शिखा, सृष्टि शर्मा, मोनिका, सुरभि शर्मा, शिखा अग्रवाल, गौरी शर्मा, अंकित शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा, हरीश अग्रवाल, देवश्य अभिलाषा संस्था से संजू शर्मा, नोमान साबिर, श्वेता पटवाल खुशी, प्रियांशु, पूजा, रेणु, रितु, सुनीता, सिमरन, मेहनाज, स्वाति, काजल, राजकुमारी, शोभा एवं दृष्टि सहित अन्य शामिल हुए।

# नववर्ष में महा स्वच्छता अभियान की शुरुआत

## डीएम की निगरानी में 15 दिन चलेगा विशेष अभियान

- **विकास भवन परिसर में सीडीओ के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान**
- **सीएम के आदेश पर धर्मनगरी को स्वच्छ एवं सुंदर मॉडल बनाने का लक्ष्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ,सुंदर एवं क्लीन जनपद बनाने के लिए नव वर्ष 2026 के अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में महा सफाई शुरू किया गया,जिसका आज विकास भवन परिसर से मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने स्वयं सफाई करते हुए सफाई महा अभियान का शुभारंभ किया, इस सफाई अभियान में विकास भवन कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर विकास भवन परिसर में साफ सफाई करते हुए कूड़े कचरे को एकत्रित किया गया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने धर्म नगरी को स्वच्छ एवं साफ बनाए रखने के लिए उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर एवं जिलाधिकारी के मयूर दीक्षित के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में धर्मनगरी को साफ,स्वच्छ एवं क्लीन जनपद बनाने के लिए आज नववर्ष के शुभावसर पर आज से 15 दिन तक महा सफाई अभियान चलाया जाएगा,जिसमें सभी कार्यालयों से लेकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी आमजन मानस ,जनप्रतिनिधियों, धार्मिक संस्थानों, व्यापार मंडलो, गैर सरकारी संस्थाओं के सहयोग से यह अभियान चलाया जायेगा।



उन्होंने यह भी कहा कि विगत डेढ माह से जनपद में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है,जिसका असर धरातल पर दिखने लगा है।उन्होंने इस सफाई महा अभियान में सभी से भागीदारी करने की अपील की ही ताकि जनपद को साफ स्वच्छ एवं मॉडल जनपद बनाए जा सके।

इस अवसर पर सफाई अभियान में परियोजना निर्देशक उरेडा वाई एस बिष्ट, नोडल स्वजल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी, जिला उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन (रिप) संजय सक्सेना सहित विकास भवन के कर्मचारी मौजूद रहे।

नगर मजिस्ट्रेट एवं जिला सूचना कार्यालय परिसर में चलाया गया सफाई अभियान

नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने अवगत कराया है की जनपद को साफ,स्वच्छ एवं सुंदर जनपद बनाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान में आमजन सहित सभी की भागीदारी कराने के लिए आज से 15 दिन तक जनपद में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें जिलाधिकारी के निर्देश है कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय एवं कार्यालय परिसर निरंतर साफ सफाई करेंगे, जिसके लिए आज यह सफाई अभियान चलाया गया है, जिसमें नगर मजिस्ट्रेट एवं जिला सूचना कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा नगर निगम के पर्यावरण मित्रो के सहयोग से परिसर की साफ सफाई कराई गई है।

इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह, प्रोटोकॉल सहायक प्रमोद पंत, कनिष्ठ सहायक प्रभात शुक्ला, अहलमद शिव दयाल सिंह, पेशकार अंशुल सिंह चौहान, राजन सहगल, पर्यावरण पर्वेक्षक शिव कुमार, गीता राजपूत सहित पर्यावरण मित्र एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा भी चलाया गया सफाई अभियान

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने अवगत कराया है कि नववर्ष की शुभ बेला में आज कलेक्ट्रेट परिसर में आपदा प्रबंधक के कार्मिकों द्वारा स्वच्छता महा अभियान के तहत साफ सफाई का कार्य किया गया।

# नववर्ष पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत सदस्य दर्शना सिंह को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** क्षेत्र के गांव धनपुरा से अमीचंद कार्यकारिणी सदस्य भाजपा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिम्प सदस्य दर्शना सिंह को बुके देकर नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान दर्शना ने सभी लोगो का आभार व्यक्त करते हुए इस साल की रूप रेखा पर विस्तार से चर्चा की कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए बूथ स्तर पर काम करने एव भजपा सरकार की हैट्रिक लगाने के लिए काम करना होगा केंद्र से लेकर राज्य तक भाजपा की सरकार है। बीते 2025 में लगातार जिला पंचायत स्तर से क्षेत्र में सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है। 2026 में भी विकास लगातार चलता रहेगा ऐसा भाजपा के कार्य काल मे सम्भव है। इस मौके पर कार्य समिति सदस्य भजपा, अमीचन्द उर्फ गोपी, रमेश कुमार कार्य समिति सदस्य, इसम पाल, डॉ ओमपाल, डॉ नरेन्द्र नाथ अमेरिका, उर्मिला जी, आदि उपस्थित रहे।

# हर की पैड़ी पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 1 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में नगर निगम हरिद्वार द्वारा प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से हर की पैड़ी स्थित घाटों एवं पुलों से अतिक्रमण हटवाया गया। इस अभियान में 20 व्यवसायियों के सामान जब्त किए गए तथा चलानी कार्यवाही की गई। साथ ही अतिक्रमणकरियों को चेतावनी दी गई कि दुबारा उक्त स्थलों पर अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। सभी घाटों एवं पुलों से अतिक्रमण हटवाने के साथ ही साथ वहां पर साफ सफाई भी कराई गई।

# 70 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गये अभियान में अलग अलग जगहों से 70 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ तीन अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत अवैध शराब, स्मैक, चरस, गांजा, नशीली दवाई एव इंजेक्शन आदि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने बुधवार देर शाम को सुभाषगढ़ फाटक को जाने वाले रास्ते पर छापेमारी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया आरोपी से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की हैं। दूसरी ओर बुवापुर तिराहे से दो अभियुक्तों को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किए। पुलिस पूछताछ में आरोपियो ने अपना नाम लोकेश पुत्र अतर सिंह, अंकुर पुत्र सुखराम निवासीगण भुवापुर, एव प्रवीण उर्फ काला पुत्र राजेन्द्र निवासी पुरषोत्तम नगर थाना पथरी बताया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपियो को न्यायालय में पेश किया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में अलग अलग जगहों से तीन आरोपितो को 70 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। आगे भी नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।



# नाबालिग बालिका अपहरण मामले में रानीपुर पुलिस को बड़ी सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार जनपद की कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में दर्ज नाबालिग बालिका के अपहरण के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दिनांक 31.07.2025 को वादी अनुज तिवारी पुत्र हरी शंकर तिवारी, निवासी ग्राम माटूपुर थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर (हाल किरायेदार, परिक्षित सैनी रामधाम कॉलोनी रानीपुर, हरिद्वार) द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था, जिसमें रानीपुर पुलिस टीम ने पूर्व में दिनांक 26.08.2025 को नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर एक आरोपी अजय पुत्र रामविलास निवासी ग्राम गड़ा थाना दादागंज जनपद बदायूं को गिरफ्तार कर



जेल भेज दिया था, जबकि घटना में अपहरण में साथ देने वाला दूसरा आरोपी दिनेश पुत्र जगरनाथ निवासी ग्राम मर्हकरनमाथ रसूलपुर जनपद आजमगढ़ फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी करते हुए दिनांक 31.12.2025 को वांछित आरोपी दिनेश को ग्राम दादूपुर गोविंदपुर से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शान्ति कुमार, उप निरीक्षक पूजा पाण्डेय, कांस्टेबल कुलदीप तथा कांस्टेबल संजय रावत शामिल रहे।

# नैनसी फाउंडेशन ने किया भोजन प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नववर्ष के उपलक्ष्य में नैनसी फाउंडेशन की कार्यकर्ता आशा मलिक ने हरकी पैड़ी पर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित



किया और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आशा मलिक ने कहा कि मिलजुल किसी आयोजन में सम्मिलित होने से खुशीयां बढ़ती हैं। इसी के दृष्टिगत नववर्ष पर धर्मनगरी की यात्रा पर आए श्रद्धालु भक्तों को मां भगवती दुर्गा का प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि नैनसी फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश चौहान के सानिध्य में मानव कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा है। आशा मलिक ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। सभी को मानव कल्याण में योगदान के लिए तत्पर रहना चाहिए।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान एक युवक को देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार देर शाम को वाहन चौकिंग के दौरान खंड बस्ती की ओर जाने वाली सड़क से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपी की तलासी लेने पर उसके पास से एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उस्मान पुत्र फुरकान निवासी बुड़ाहेडी बताया युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जा रहा है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया एक युवक को एक 315 बोर का अवैध तमंचे व मय कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



# सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी श्रीमती संगीता शर्मा पत्नी श्री अनुज कुमार निवासी 48 राधा एनक्लेव, कुँज बिहार कॉलोनी, बहादराबाद, हरिद्वार उत्तराखंड की एक संपत्ति से संबंधित का एक असल विक्रय पत्र जो कि दिनांकित 18/11/2019 को उप-निबंधक हरिद्वार प्रथम कार्यालय में पंजीकृत हुआ है जिसका बही नंबर 1, जिल्द नंबर 5183, पृष्ठ नंबर 25-48, दस्तावेज नंबर 8248 है जो स्थित खसरा नंबर 158, क्षेत्रफल 55.76 वर्गमीटर, कुँज बिहार ग्राम मनोहरपुर, परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार, उत्तराखंड है। इस असल विक्रय पत्र के दो असल पेज नंबर 11 व 12 वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहे हैं। इस बाबत पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र के असल दो पेजों का कोई भी दुरूपयोग नहीं किया गया है। यदि उक्त वर्णित असल विक्रय पत्र के असल दो पेजों से किसी भी व्यक्ति/संस्था/बैंक इत्यादि का कोई मतलब या वास्ता हो तो अद्योहस्ताक्षरी को 15 दिन के अंदर सूचित करें। 15 दिन के बाद किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा।

द्वारा हरपाल सिंह पंवार अधिवक्ता, चैम्बर नंबर-537 रोशनाबाद, हरिद्वार मोबाइल नंबर-9719274771

# कैलाशानंद का पांचवा संन्यास दीक्षा एवं अवतरण दिवस हर्षोल्लास से मना

## सनातन धर्म व संस्कृति के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका : राजराजेश्वराश्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज का पांचवा सन्यास दीक्षा और अवतरण दिवस समारोह पूर्वक मनाया। जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज की अध्यक्षता में श्री दक्षिण काली मंदिर में आयोजित भव्य समारोह में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण, आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी, आचार्य लोकेश मुनि, स्वामी चिदानंद सरस्वती, स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी सहित तमाम प्रमुख संत और राजनीति, समाजसेवा, प्रशासनिक सेवाओं तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज को बधाई और शुभकामनाएं दी। स्वामी कैलाशानंद गिरी को सन्यास दीक्षा और अवतरण दिवस की बधाई देते हुए जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज विद्वान संत हैं। सनातन धर्म संस्कृति के देश दुनिया में प्रचार प्रसार में अहम योगदान कर रहे हैं। उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणादायी है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि वर्तमान समय सनातन का समय है। संत महापुरूषों के



सानिध्य में सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में फहरा रही है। जिसमें निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ श्रद्धालु भक्तों को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान कर कल्याण के मार्ग पर अग्रसर करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी एवं आनंद पीठाधीश्वर स्वामी बालकानंद गिरी महाराज ने भी स्वामी कैलाशानंद गिरी को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि योग्य शिष्य ही गुरू की कीर्ति को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि स्वामी कैलाशानंद गिरी का जप तप पूरी दुनिया के लिए अदभूत चमत्कार से कम नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने स्वामी कैलाशानंद गिरी को बधाई देते हुए कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने संत महापुरूषों से आशीर्वाद भी लिया। समस्त संतों व अतिथीयों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि गुरू ही परमात्मा का दूसरा स्वरूप हैं। वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। पूज्य गुरू के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए निरंजनी अखाड़े की परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ समाज को धर्म और अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर करना ही उनके जीवन का लक्ष्य है। स्वामी कैलाशानंद गिरी के शिष्य स्वामी अवंतिकानंद ब्रह्मचारी एवं पूर्व विधायक संगीत सोम ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों और अतिथीयों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन आचार्य पवनदत्त मिश्र ने किया। इस अवसर पर ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, स्वामी लोकेश मुनि, स्वामी अनंतानंद, अमेरिका से आए महामंडेश्वर स्वामी वेदव्यासानंद, स्वामी गर्व गिरी, महंत रामरतन गिरी, महंत राजगिरी, स्वामी चिदविलासानंद, यूपी के मंत्री अनिल सिंह, कपिल देव अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग व देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दादूपुर, गोविन्दपुर में दिनांक 30 दिसम्बर को हुई फायरिंग की घटना के संबंध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध 31 दिसम्बर को मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही कोतवाली रानीपुर प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया जहां से 315 बोर के दो खोखा कारतूस बरामद किए गए व रात्रि में नामजद एक आरोपी अर्श पुत्र अलीम निवासी कस्साबान को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपी की तलाश जारी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

## एक नजर

### सेवानिवृत होने पर धनेश्वर सिंह अधिकारी को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** जिला सहकारी बैंक पिथौरागढ़ में 35 वर्ष सेवा देने के उपरांत धनेश्वर सिंह अधिकारी आज सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक पिथौरागढ़ के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लिए एक विदाई समारोह रखा, जिसमें बैंक को दिए गए उनकी सेवाओं और योगदान के लिए उनकी सराहना की गई।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक पिथौरागढ़ के उप महाप्रबंधक संजीव सिंह ने कहा कि धनेश्वर सिंह ने अपनी ईमानदारी और कर्मठता से अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी जो अन्य कर्मचारियों के लिए भी अनुकरणीय है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक पिथौरागढ़ बनबसा के शाखा प्रबंधक संतोष चातुरी, टनकपुर के शाखा प्रबंधक गजेंद्र सिंह राणा, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, सोनिया, प्रमोद आदि अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर धनेश्वर सिंह अधिकारी को भावभीनी विदाई दी गई।

### पर्यावरण को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के तत्वावधान में पर्यावरण को लेकर चलाए जा रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत बनबसा क्षेत्र में अभियान चलाया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के सचिव भावदीप रावत के निर्देश पर क्षेत्र के पीएलबी और प्रो. बोनो पीएलवी द्वारा जगह-जगह विधिक साक्षरता शिविर लगाकर लोगों को बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के बारे में बताते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर लोगों को बढ़ते वायु प्रदूषण जल प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण और मृदा प्रदूषण को लेकर जागरूक किया गया। खेती-बाड़ी में लगातार प्रयोग हो रहे कीटनाशकों और रासायनिक खादो के प्रयोग से मृदा और व्यक्ति को हो रहे नुकसान के बारे में जागरुक करते हुए लोगों से खेती-बाड़ी में जैविक खादो का प्रयोग करने, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, खेतों में पराली ना जलाने का आग्रह किया। इसके अलावा लोगों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों की जानकारी प्रदान की। पर्यावरण को लेकर चलाए गए विशेष जागरूकता अभियान में पीएलबी अर्जुन सिंह, किरण जोशी, दीपा देवी, पूजा जोशी, रितु महर, हरी प्रिया जोशी, प्रो. बोनो, पीएलबी सुरेश उप्रेती, राधा चंद, मंजू पतं आदि लोग शामिल थे।

### निर्धन लोगों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** दोराहा क्षेत्र में स्थित लाडी फार्म पर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी द्वारा गुरुवार को गरीब व निर्धन लोगों को 600 कंबलों का वितरण किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

इस अवसर पर हरमिंदर सिंह लाडी ने इंसानियत का परिचय देते हुए ठंड से जूझ रहे लोगों की मदद की। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड के प्रकोप को देखते हुए यह पहल की गई है, ताकि निर्धन वर्ग को ठंड से बचाव में राहत मिल सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सामाजिक सरोकार की इस पहल की सराहना की गई।

### कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच की महत्वपूर्ण बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तरायणी कौतिक मेले को लेकर कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के पदाधिकारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तरायणी कौतिक मेला खटीमा में पिछले दो दशक से लगातार भव्य एवं दिव्या तरीके से आयोजित किया जाता रहा है।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद खटीमा से आवश्यक सहयोग के लिए आग्रह किया गया था, जिसका संज्ञान लेकर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने तत्काल निवारण किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कैप्टन ठाकुर सिंह खाती, भुवन भट्ट, बीएस मेहता, एडवोकेट केडी भट्ट, मनोज वाधवा, अजहर सिद्दीकी, शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी तथा नवल वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

### महापौर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आम जनमानस को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय का विस्तृत निरीक्षण किया।



इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रहे उपचार व सुविधाओं की जानक. ारी ली। महापौर ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में भी प्रतिभाग किया, जिसमें चिकित्सालय की खामियों को दूर करने और भविष्य की कार्ययोजना पर गंभीर मंथन किया गया।

**जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम**

इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आधुनिक और नि:शुल्क उपचार मिले। इसी विजन को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आठ आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्रों का संचालन शुरू किया है। महापौर ने कहा कि इन केंद्रों के सक्रिय होने से जिला अस्पताल में छोटी बीमारियों के लिए आने वाले मरीजों का दबाव काफी कम होगा, जिससे अस्पताल प्रबंधन और विशेषज्ञ डॉक्टर अपना पूरा ध्यान गंभीर बीमारियों के उपचार और जटिल ऑपरेशनों पर केंद्रित कर सकेंगे। महापौर ने कहा कि जिला अस्पताल में जो भी अव्यवस्थायें हैं उन्हें दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल की पार्किंग व्यवस्था को लेकर मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अब इसका संचालन नगर निगम के महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराया जाएगा।

इससे न केवल पार्किंग व्यवस्था अनुशासित होगी, बल्कि शुल्क में भी कटौती की जाएगी ताकि तीमारदारों पर आर्थिक बोझ न पड़े। निरीक्षण और बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डॉ. कपिल शर्मा जिला अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक सचिव डॉक्टर आर के सिन्हा जी महानिदेशक डॉक्टर केके पांडे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल सहित स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध कच्ची शराब के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक काशीपुर तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन में, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में चौकी दोराहा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की।31 दिसंबर को चौकी दोराहा, कोतवाली बाजपुर पुलिस टीम ने कनौरा ईदगाह के पास थाना बाजपुर क्षेत्र से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुरदेव सिंह पुत्र कृष्ण सिंह, हाल निवासी इटावा बन्नाखेड़ा तथा स्थायी पता ग्राम थारी कंदरा पोस्ट हल्दुवा जनपद नैनीताल के रूप में हुई है।

पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में रखी 25 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस टीम में उप निरीक्षक जगद. ीश तिवारी (चौकी प्रभारी दोराहा), अपर उप निरीक्षक सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, कांस्टेबल कैलाश पाण्डे शामिल रहे।

## जवाहर नवोदय के छात्र दीप सिंह बोहरा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



■ **मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी ने दीप समेत विद्यालय परिवार को दी बधाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जवाहर नवोदय विद्यालय, चम्पावत के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का क्षण है। विद्यालय के कक्षा आठ के होनहार छात्र दीप सिंह बोहरा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्वारा यह सम्मान उन्हें एआई तैयारी (कृत्रिम बुद्धिमत्ता सक्षमता) कार्यक्रम 'सोअर' के अंतर्गत प्रदान किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपति भवन में किया गया।

विद्यालय परिवार ने दीप सिंह बोहरा की इस उपलब्धि को न केवल विद्यालय, बल्कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के माडल जिले के लिए सम्मान की बात बताया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार ने छात्र दीप बोहरा समेत जवाहर नवोदय विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि माडल जिले से इस प्रकार की प्रतिभाओं का राष्ट्रपति द्वारा सम्मान किया जाना हम सबके लिए गर्व और गौरव का विषय है, वही इससे अन्य छात्र छात्राओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## प्रशासन जनता के द्वार: गर्खा में लगे शिविर में उमड़ा जनसैलाब

■ **प्रशासन जनता के द्वार में 109 मामलों का निस्तारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** विकास खंड कनालीछीना की न्याय पंचायत गर्खा में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम का भव्य एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन-प्रशासन को सीधे आमजन तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का मौके पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें





विधायक बिशन सिंह चुफाल, ब्लॉक प्रमुख महिमन कन्याल, जिलाधिकारी आशीष भटगांई एवं किशन भंडारी द्वारा संयुक्त रूप से उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अपने संबोधन में जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों ने पेयजल, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि सहित अनेक विषयों पर अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे प्रशासन के समक्ष रखे। पेयजल आपूर्ति एवं सड़क से संबंधित मुद्दे प्रमुखता से सामने आए। विधायक बिशन सिंह चुफाल एवं ब्लॉक प्रमुख महिमन कन्याल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनहित है और ऐसे शिविर प्रशासन व जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं के त्वरित समाधान में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी डीडीहाट खुशबू पाण्डेय, तहस. ीलदार पिंकी आर्या, समस्त विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## ठंड से बचाव हेतु गरीब श्रमिकों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** शक्ति जन सेवा केंद्र के कार्यालय पर भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण संघ के कुमाऊं मंडल सचिव रहमत हुसैन उर्फ राजू फाइटर के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस मौके पर जनशक्ति सेवा केंद्र के सहयोग से कड़ाके की ठंड से बचाव सुरक्षा हेतु क्षेत्र के लगभग 70 गरीब श्रमिक महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। वहीं संस्था के 20 महिला कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु स्टॉल भेटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुमाऊं मंडल प्रभारी राजू फाइटर ने कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर कार्यक्रम आयोजित कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र के गरीब श्रमिकों, महिलाओं, असहायों और जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि श्रमिक कार्ड धारक श्रमिकों को सरकार से मिलने वाली



सुविधाओं व अन्य सामग्री प्रदान कर लाभान्वित किया जाता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आगे भी हमारी संस्था द्वारा गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर मनोज बाजवा, नीलू गुप्ता, रवीश भटनागर, सौरभ, नदन्ना ग्राम प्रधान माया जोशी, पूरन जोशी, संस्था की ब्लॉक उपाध्यक्ष रानी, तहसील महासचिव प्रकाश चंद्र भट्ट, प्रमोद कुमार, रिजवान अली, ज्ञान्ती देवी तथा मंसाराम आदि मौजूद रहे।

## कच्ची शराब के साथ तीन शराब तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा नशामुक्त/अपराध मुक्त अभियान और अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कच्ची शराब के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।



प्राप्त जानकारी अनुसार सूत मिल चौकी इंचार्ज उ.नि. इंद्र सिंह ढेला द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मंडवाखेड़ा की और जाने वाली सड़क से मोटरसाइकिल UK04AE-6178 पर परिवहन करते अब्दुल जब्बार को एक सफेद रंग के कट्टे में 105 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया नादे. ही चौकी इंचार्ज उ.नि. संतोष देव. रानी द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर इण्टर कॉलेज और जाने वाली सड़क से समरपाल सिंह को एक सफेद रंग के कट्टे में 40 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। हल्का इंचार्ज उ.नि. हरीश आर्य द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर तहसील की और जाने वाली सड़क की पुलिया से सरजीत सिंह को एक नीले रंग के कट्टे में 63 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। तीनों अभियुक्तों अब्दुल जब्बार पुत्र अब्दुल खालिद निवासी गुजरातियांन थाना जसपुर, समरपाल सिंह पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी रायपुर जसपुर, सरजीत सिंह पुत्र हरवंस सिंह निवासी कालियावाला थाना जसपुर पर एफआईआर दर्ज कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम एसआई इंद्र सिंह ढेला, एसआई संतोष देवरानी, एसआई हरीश आर्य, हे.का. मनोज रावत, नवीन प्रकाश, का. अरुण कुमार, प्रविंदर सिंह, अशोक पंवार, विनीत कुमार आदि शामिल रहे।

## एकता और सेवा की सुंदर मिसाल बना टैक्सी यूनियन का भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को बाजपुर टैक्सी यूनियन की ओर से अनाज मंडी में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।भंडारे में सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता देखने को मिली। उपस्थित लोगों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं तथा एकता का संदेश देते हैं। नगर के विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए टैक्सी यूनियन के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी तरह के सामाजिक कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई। आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स और हमसे जुड़े रहें

## राउमावि खूनाबोरा में शीतकालीन कक्षाएं हुई प्रारंभ

■ **बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराने में जुटे शिक्षक उपाध्याय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राउमावि खूनाबोरा में प्रतिवर्ष की भांति शीतकालीन कक्षाओं की शुरुआत उत्साहपूर्ण माहौल के साथ हुई।

शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा विद्यालय में छात्रों की शिक्षा निरंतरता बनाए रखने और बोर्ड परीक्षा 2026 की गहन तैयारी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है। शीतकालीन अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र विद्यालय पहुंचे



और नियमित कक्षाओं में सक्रिय भागीदारी दिखाई।

कक्षाओं का संचालन शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय द्वारा किया जा रहा है। उपाध्याय छात्रों को बोर्ड परीक्षा के अनुरूप प्रैक्टिस सेट, महत्वपूर्ण प्रश्न, लेखन शैली तथा समय प्रबंधन जैसे पहलुओं की विशेष तैयारी करा रहे हैं। उन्होंने छात्रों को कठिन संबोधों को आईसीटी के उपयोग से सरल तरीके से समझाते हुए आत्मविश्वास बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया। विद्यालय प्रबंधन ने भी इस पहल को सराहते हुए कहा कि शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए यह प्रयास अत्यंत उपयोगी है। इन शीतकालीन कक्षाओं को संचालित करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि कोई भी छात्र शैक्षणिक रूप से पीछे न रह जाए और सभी विद्यार्थी आगामी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

## दुकान का ताला तोड़कर टायर चोरी करने वाला चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दुकान का ताला तोड़कर सामान चोरी करने वाले एक चोर को चोरी गये सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना नानकमत्ता क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम प्रतापपुर नंबर 7 निवासी तारा सिंह ने बीते दिवस पुलिस को एक तहरीर दी कहा की उसके घर के पास ही उसकी दुकान है, 29 दिसंबर की रात को चोरों द्वारा उसकी दुकान के शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे मोटरसाइकिल के 12 टायरो को चोरी कर लिया है।

सौंपी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस के चोरी का अभियोग पंजीकृत कर लिया,तथा मामले की जांच शुरु कर दी । पुलिस की टीम





ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी किये गये मोटरसाइकिल के 12 टायरो के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया जिसने पूछताछ में अपना नाम शेर सिंह उर्फ शेरू उर्फ सीरी पुत्र गुरप्रीत सिंह निवासी जोगीठेर प्रतापपुर नंबर 7 बताया है।चोरी की घटना में दर्ज अभियोग में धारा 317(2) बीएन एस की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । खुलासा करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र पंत, सिपाही गिरीश चंद्र, नीरज नेगी, राज कुंवर सिंह शामिल हैं।

## बुल्डोजर के खिलाफ राज्य स्तरीय सम्मेलन चार को

**रामनगर।** उत्तराखंड में बुल्डोजर द्वारा जनता के घरों को उजाड़ने पर रोक लगाने की मांग को लेकर आगामी चार जनवरी को रामनगर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति का जन संपर्क अभियान गुरुवार को भी जारी रहा। जिसके तहत ग्राम नई बस्ती पूछड़ी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था ठप हो चुकी है। वन विभाग व पुलिस प्रशासन न तो हाईकोर्ट और न ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का अनुपालन कर रहा है और न ही वह देश की संसद द्वारा पारित वनाधिकार कानून 2006 को मानने के लिए तैयार है। विगत 7 दिसंबर को गैर कानूनी तरीके से हटाए गए सैकड़ों लोग भारी सर्दी में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। जहां झोपड़ी वहीं मकान का नारा देने वाली भाजपा सरकार गरीब जनता के सर से छत भी छीन रही है। भाजपा वर्ष 2017 से 2023 के मध्य 17 लाख लोगों से भी अधिक लोगों को उनके घरों व कारोबार से बेदखल कर चुकी है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** उत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के मरियाहू-जाफराबाद सेक्शन के बीच सलखापुर हॉल्ट स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने लिए, मिट्टी का कार्य, ब्लैंकेटिंग इन फार्मेशन, छोटे पुल का विस्तार, स्टेशन बिल्डिंग और प्लेटफार्मों के निर्माण के साथ ही पी-वे के कार्य जैसे ब्रॉड-गेज ट्रैक और टर्नआउट को जोड़ना, ग्लूड जॉइंट और एस.ई.जे लगाना, मौजूदा ट्रैक और टर्नआउट को हटाना, गिट्टी की आपूर्ति और रख-रखाव, पी-वे सामग्री की ढुलाई और अन्य संबंधित कार्य करने के संबंध में। |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 (बारह) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1249.27 लाख |
| 4 | **जमा की जाने वाली जमानत राशि :** रु. 7,74,600.00 |
| 5 | **निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी :** ई-निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 31.12.2025 से 22.01.2026 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना की बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6 | **अन्तिम तिथि / ई-निविदा अपलोड करने की तिथि :** 22.01.2026 को 11:30 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 08.01.2026 से 22.01.2026 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | **ई-निविदा खुलने की तिथि व समय :** टेकनिकल कम कमर्शिअल बिड दिनांक 22.01.2026 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। योग्य टेंडरर की फाइनेन्शिअल बिड कार्यालय द्वारा दी गई दिनांक व समय की सूचना के आधार पर बाद में खोली जाएगी। |

**सं.: 1-डब्लू-टेण्डर-294-उप मु. अभि. नि. मुरादाबाद दिनांक: 31.12.2025 4039/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**कार्यालय नगर निगम रूड़की जनपद - हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**

दूरभाष नम्बर : 01332-272666 ई-मेल आई0डी0 nagarnigamroorkee@gmail-com

पत्रांक: 1206/ कर अनु0/ई0 - निविदा / न0नि0रू0/ 2025-26 दिनांक: 01/01/2026

**Press Note**

**RE-E-Tender Notice**

Nagar Nigam Roorkee invites open E-Tender in Two Bid System **"Adbertisement Right On 1300 Pol Kiosk With In Nagar Nigam Roorkee Periphery."** Tenders Details are given below.

| Sr. No. | Bid Publish Date | Bid Submission Starting Date | Bid Submission End Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 01-01-2026 | 06-01-2026 | 15-01-2026 | 16-01-2026 |

1- For More Details visit to www.uktenders.gov.in.
2- All the Bidder should read the terms & Conditions of the tender before the filling. As per the tender conditions technical analysis will be done by section.

**सहायक नगर आयुक्त**
**नगर निगम, रूड़की।**

**न्यायालय सहायक अभिलेख अधिकरी/उपजिलाधिकारी ऋषिकेश।**

**अदालती सूचना**

वाद संख्या 32/2025 मौजा गुमानीवाला।

वादी:- श्रीमती जागृति बिष्ट पत्नी श्री लखपत सिंह बिष्ट पुत्री श्री द्वारिका प्रसाद बलोदी निवासी गली नं.9 मालवीय नगर, पो0ओ0 वीरभद्र तहसील ऋषिकेश।

**बनाम**

प्रतिवादी समस्त सहखातेदार खाता संख्या-02349 मौजा गुमानीवाला गांव तहसील ऋषिकेश देहरादून।

1-हरी सिंह पुत्र कवंर सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश।, 2-चन्दन सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश।, 3-मदन सिंह पुत्र कुन्दन सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश।, 4-राजपाल सिंह पुत्र कुन्दन सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश। 5-गजेन्द्र सिंह पुत्र आलम सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश। 6-सुरेन्द्र सिंह आलम सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश। 7-श्रीमती रूकमणी देवी पत्नी आलम सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश। 8 बलवीर सिंह नेगी पुत्र शंकर सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश। 9-उदय सिंह नेगी शंकर सिंह मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश। 10 शशांक नेगी मौजा गुमानीवाला तहसील ऋषिकेश।

अन्तर्गत धारा 143 जेड0 ए0 एल0 आर0 एक्ट घोषणा पत्र

आप सभी को सूचित किया जाता है कि मौजा गुमानीवाला गाँव परगना परवादून तहसील ऋषिकेश खाता खतौनी नं0-02349 खसरा नं0-129 मि0 रकबा 0.0139 है0 भूमि को धारा 143 ज0वि0अधि0 1950 के अन्तर्गत अकृषित भूमि घोषित किये जाने बावत प्रार्थना पत्र वादी उपरोक्त द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जिस पर तहसीलदार ऋषिकेश के माध्यम से जाँच आख्या प्राप्त है। उक्त वाद में यदि कोई आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक ऋषिकेश 08/01/26 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद किसी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी। इस भूमि को वादी अकृषक भूमि घोषित कराना चाहता है। घोषणा पत्र आज दिनांक 21/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की जाये।

**(योगेश सिंह मेहरा) सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी ऋषिकेश।**



रानीखेत से दिखता हिमालय का विहंगम दृश्य। शाह टाइम्स

# रानीखेत में पर्यटन गतिविधियां यथावत

## अफवाहों पर लगा विराम, भविष्य भी उज्जवल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** छावनी परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में छावनी परिषद अध्यक्ष ब्रिगेडियर संजय यादव ने स्पष्ट किया कि रानीखेत क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं और भविष्य में भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।

उन्होंने कहा कि सेना को नियमित और सामान्य पर्यटन गतिविधियों से कोई आपत्ति नहीं है, न ही पर्यटन को रोकने का कोई इरादा है। ब्रिगेडियर यादव ने बताया कि छावनी परिषद न केवल पर्यटन गतिविधियों को लेकर सकारात्मक है, बल्कि कई योजनाओं के माध्यम से इनके प्रोत्साहन की दिशा में भी कार्य कर रही है। बैठक में मौजूद छावनी परिषद के सीईओ कुणाल रोहिला ने जानकारी दी कि आगामी समय में रानीझील का सौंदरीकरण, एनसीसी स्टेडियम का विस्तार, हेलीपेड का निर्माण एवं हेली सेवा की शुरुआत, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, सड़कों की मरम्मत तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए बेंच लगाने जैसे कार्य किए जाएंगे। बैठक के बाद सोशल मीडिया पर फैल रही उन अफवाहों पर पूर्ण विराम लग गया है, जिनमें यह दावा किया जा रहा था कि रानीखेत अब पर्यटन नगरी नहीं रहा। छावनी परिषद के अधिकारियों ने एक स्वर में इन दावों को निराधार बताया। उल्लेखनीय है कि पर्यटक नगरी रानीखेत लंबे समय से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रहा है। यहां से हिमालय की लगभग 180 डिग्री तक फैली मनोहारी श्रृंखला के दर्शन होते हैं। क्षेत्र में स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं, जो प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करती हैं। देश-विदेश से पर्यटक शांति और सुकून की तलाश में रानीखेत आते हैं। रानीखेत का गोल्फ ग्राउंड भी विश्व प्रसिद्ध है। इसके अलावा 'शिकार', 'हनीमून', 'हुकूमत' सहित कई हिंदी फिल्मों की शूटिंग यहां हो चुकी है, जिसने इस पर्यटन नगरी को विशेष पहचान दिलाई है।

# गुलदार के हमले में महिला की मौत ग्रामीणों ने हाइवे पर लगाया जाम

## तीन घंटे तक बाधित रहा यातायात, अधिकारियों के समझाने पर शांत हुआ गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड सल्ट के खाल्यों क्यारी में गुलदार हमले में महिला की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश भड़क गया है। गुरुवार को आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए। इस दौरान मोहान-रानीखेत स्टेट हाईवे में तीन घंटे जाम लगाकर उचित मुआवजा देने और आश्रित हो नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। बाद में डीएफओ सहित प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। दरअसल, ग्राम पंचायत खाल्यों क्यारी निवासी 60 वर्षीय बचुली देवी पत्नी खुशाल सिंह बुधवार शाम करीब तीन बजे चारा लेने जंगल गई थी। लेकिन देर शाम तक महिला वापस घर नहीं



लौटी। जिसके बाद परिजनों ने जंगल में महिला की तलाश की। इस दौरान जंगल में बचुली देवी का शव जंगल में बरामद हुआ। शव की स्थिति से साफ था कि बचुली देवी को गुलदार ने अपना निवाला बनाया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने देर रात हाईवे जाम कर दिया। हालांकि विभाग ने मुआवजे की घोषणा कर दी थी। इधर, गुरुवार को फिर से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे जाम कर दिया। ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर डीएफओ समेत अन्य अधिकारी पहुंचे। अधिकारियों के काफी देर समझाने के बाद ग्रामीण के माने। जिसके बाद हाइवे में आवा. जाही शुरू हो सकी। सल्ट में ग्रामीणों के आक्रोश के बाद वन विभाग व प्रशासन के बीच कई मांगों पर सहमति बनी। वहीं, मौके पर पीड़ित परिवार को छह लाख रुपये का चैक दिया गया। साथ ही मृतका के आश्रित को संविदा में नौकरी देने पर भी सहमति बनी। क्षेत्र में घटना के बाद वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाने के साथ ही जगह-जगह ट्रैप कैमरे लगाए है। वहीं, लोगों से एहतियात बरतने की अपील की जा रही है।

### बिनसर में शव मिलने से मचा हड़कंप

**अल्मोड़ा।** बिनसर के घने जंगल क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का आधा शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और जिला प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल ने बताया कि छानबीन के दौरान जंगल में पड़ी पेंट की जेब से मिले फोन नंबर से शव की शिनाख्त बागेश्वर की काफलीगैर तहसील के झिरौली निवासी 55 वर्षीय गोविंद लाल पुत्र दीवान राम के रूप में हुई। बताया कि मृतक बीते 10 अक्टूबर से लापता चल रहा था। परिजनों ने कपड़ों से मृतक की शिनाख्त की। वहीं, घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक रूप से जंगल की ओर न जाने की अपील की है।

# केपीएल सीजन 10 का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी इंटर कॉलेज के मैदान में केपीएल सीजन 10 का आयोजन गुरुवार से शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रेखा कत्यूरा ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेल का मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और खेलों में भाग लेने वाले युवा नशे और अन्य गलत आदतों से दूर रहते हैं। सीजन 10 का पहला मैच राजपुर क्रिकेट क्लब (हल्द्वानी) और बाला. जी क्रिकेट क्लब (हल्द्वानी) के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजपुर क्रिकेट क्लब ने 123 रन बनाए। जवाब में बालाजी क्रिकेट क्लब केवल 73 रन ही बना सका



और पूरी टीम आउट हो गई। राजपुर क्रिकेट क्लब के हरीश रावत को 24 रन और 4 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान अंपायरिंग की जिम्मेदारी तुषार कुमार और बिपिन छत्री ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में ताल्हा खान उपस्थित रहे। इस मौके पर आयोजक सरताज फारूकी, सभासद सरवर अली, शाकिर हुसैन, शहजाद हुसैन, जुबैर आलम और मुस्तजर फारूकी समेत कई खेल प्रेमी भी मौजूद रहे।

### जागेश्वर धाम में दर्शन को भक्तों की लगी कतार

**अल्मोड़ा।** साल 2025 को विदाई देने के बाद पहली जनवरी को अल्मोड़ा के मंदिरों में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। शिव की नगरी जागेश्वर धाम, विश्व प्रसिद्ध चितई मंदिर समेत अन्य मंदिरों में दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की कतार रही। लोगों को पूजा अर्चना करने के लिये लंबा इंतजार करना पड़ा। नंदा देवी, रघुनाथ मंदिर, त्रिपुरा मंदिर, मुरलीमनोहर बद्रीनाथ, बद्रेश्वर, देवी मंदिर खत्याड़ी चितई आदि मंदिरों में भी पूजा अर्चना के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

## एक नजर

### नेपाली मजदूर की संदिग्ध मौत

**बागेश्वर।** थर्टी फर्स्ट मनाने को बाजार निकले नेपाली मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। आस पास मौजूद लोग उसे उठाकर जिला अस्पताल ले गए, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। जिसके बाद शव मोर्चरी में रखवाया गया। बता दें कि बुधवार देर शाम करीब 8 बजे 45 वर्षीय तुला बहादुर पुत्र धन सिंह रावत निवासी दयालेख नेपाल हाल निवासी मजियाखेत अपने किराए के कमरे से बाजार को गया हुआ था। देर रात ताकुला मोटर मार्ग के समीप इंद्रलोक बियर बार के पास वह लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। आस पास मौजूद लोगों ने उसे 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखा गया। जानकारी के मुताबिक मजदूर के सिर और मुंह में गंभीर चोट आई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी गाड़ी की चपेट में आकर घायल हुआ था। इधर गुरुवार को कोतवाली पुलिस एवं मृतक के भाई तिलक बहादुर रावत व अन्य परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद शव का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। मृतक के भाई ने बताया कि वे लोग दो माह पहले नेपाल से भारत आए हुए थे। यहां मजियाखेत में किराए के कमरे में रह रहे थे। बीते रात सभी साथी खाना खाकर सो गए, लेकिन उसका भाई बाजार जाने की बात कह घर से निकला था। हालांकि अभी तक पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।

### बोनस मिलने पर डीएम का आभार जताया

**बागेश्वर।** अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को उनका दीपावली बोनस मिलने पर उन्होंने डीएम आकांक्षा कोंडे का आभार जताया। गुरुवार को उन्होंने जिलाधिकारी को आभार पत्र के साथ साथ उन्हें नए वर्ष की भी भी बधाई दी। जिले कलेक्ट्रेट में पहुंचे श्रमिकों ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से फैक्ट्री बंद होने के बाद बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। ऐसे में उनकी आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई है। डीएम कोंडे की पहल से कंपनी द्वारा उन्हें दीपावली के बोनस मिल गया है। जिसका उन्होंने आभार जताया। इसके साथ श्रमिकों ने जिलाधिकारी को एक और पत्र सौंपकर फैक्ट्री को जल्द से जल्द खिलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि डीएम के उन्हें आश्वासन दिया गया है, जिसका उन्होंने स्वागत किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1972 से क्षेत्र में कार्य कर रही फैक्ट्री में 200 से अधिक अस्थाई कर्मचारी कार्य करते हैं। फैक्ट्री के बंद होने से उनके रोजगार पर सीधा असर पड़ा है। आभार व्यक्त करने वालों में दिनेश जोशी, महेंद्र कुमार, भूपेंद्र प्रसाद, रमेश कुमार, बिशन राम, प्रमोद जोशी, सहित अन्य शामिल थे।

### नववर्ष पर मंदिरों में रही भीड़

**बागेश्वर।** नववर्ष पर सुख, समृद्धि, वैभव और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए श्रद्धालुओं ने बागनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा जिले के अन्य मंदिरों में भी सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। जिले में नूतन वर्ष के अवसर पर ठिठुरन भरी ठंड में लोग सरयू स्नान करने के बाद बाबा बागनाथ के दर्शन को पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने अपने घर परिवार में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए पूजा अर्चना करते हुए पाठ किए। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने जिले के नीलेश्वर, मां चंडिका मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, सहित अन्य देव स्थलों में पूजा अर्चना की। घरों ने मीठे पकवान आदि बनाए।

### कुमाऊं रेजीमेंट ने स्थापना दिवस मनाया

**बागेश्वर।** 20वीं बटालियन कुमाऊं रेजीमेंट ने अपना 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान वक्ताओं ने बटालियन की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि देश की रक्षा में बागेश्वर जिले के जवानों ने भी अहम भूमिका निभाई है। एक जनवरी को रेजिमेंट के सेवानिवृत सैनिक स्थानीय मंगल पैलेस में पहुंचे। यहां एक दूसरे को गले लगाते हुए नूतन वर्ष की बधाई दी। जिसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने सेना की धुन पर मार्च पास्ट किया। इस दौरान बटालियन की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बटालियन ने चार शौर्य चक्र, 13 सेना मेडल, पांच विशिष्ट सेवा मेडल, 40 थल सेनाध्यक्ष प्रशंसा पत्र, 60 जीओसीएनसी, दो फोर्स कमांडर प्रशंसा पत्र, यूएन मिशन तथा एक मेन्सन इनं डिस्पैच प्राप्त किया है। दोपहर तक चले कार्यक्रम में उन्होंने कुमाऊनी, गढ़वाली, हिंदी तथा चांचरी आदि गायन से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस मौके पर कैप्टन भूपेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, चंदन सिंह, मनोज जोशी, हयात सिंह, दीवान राम, मंगल सिंह, खुशहाल रावत, विनोद सिंह सहित दर्जनों पूर्व सैनिक मौजूद थे।

### सीएमओ को ज्ञापन सौंप वेतन भुगतान की मांग

**अल्मोड़ा।** वेतन भुगतान समेत तमाम समस्याओं के निदान को स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मी मुखर हो गए हैं। गुरुवार को आउटसोर्स कर्मियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जल्द वेतन भुगतान की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कार्मिकों को बीते तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। जिससे उनको आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। कहा कि पूर्व में भी वेतन को लेकर अधिकारियों से वार्ता की गई, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं किया गया। जिससे कार्मिकों को भारी रोष व्याप्त है। स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनको लंबित वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी। ज्ञापन देने वालो में संगठन के उपाध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, महासचिव डा. सोहन सिंह राणा, कृष्णा सिंह बिष्ट समेत अन्य मौजूद रहे।

### राजरानी गुड़िया की आंखों से मिलेगी दो लोगों को रोशनी

**काशीपुर।** प्रकाश रेजीडेंसी निवासी ब्रह्मलीन राजरानी गुड़िया ने इस संसार से विदा लेकर भी अपनी आंखों के रूप में मानवता को एक अमूल्य उपहार सौंपा है। उनके परिजनों द्वारा लिया गया नेत्रदान का यह निर्णय समाज के लिए एक 'नजीर' बन गया है। गुड़िया परिवार की सुपुत्री अंशुका पचौरी एवं दामाद विवेक पचौरी ने दु:ख की घड़ी में भी धैर्य और सेवा का परिचय देते हुए नेत्रदान की सहमति दी। वसुधैव कुटुंबकम काशीपुर के तत्वावधान में संपन्न यह 35वां नेत्रदान गुड़िया परिवार के सेवाभावी व्यक्तित्व का परिचायक है।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**काशीपुर।** राजकीय नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय कटोराताल में उदयराज हिंदू इंटर कालेज की एनएसएस शाखा इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डीके साहू ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान एनएसएस स्वयं सेवकों ने स्वागत गीत, लक्ष्यगीत समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा ने सात दिवसीय शिविर संचालन कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने लक्ष्यगीत और एनएसएस के आदर्श वाक्य 'मैं नहीं परंतु आप' को परिभाषित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शिवनंदन प्रसाद अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार अग्रवाल, अभिषेक गोयल, पूर्व प्रवक्ता शेष कुमार सितारा, राजेन्द्र कुमार शर्मा, सुनील कुमार, कौशलेश गुप्ता, मनोज कुमार विश्नोई, रणधीर सिंह, मनोज शर्मा, दिनेश चंद्र गोस्वामी, सुरेश सिंह, भावना पपनै, शुभम लोहनी समेत प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# आश्वासन के बाद किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कुछ किसानों का धान पोर्टल पर चढ़ जाने और शेष का धान चढ़ाए जाने के आश्वासन पर किसानों ने यहां जारी अपना धरना तीसरे दिन समाप्त कर दिया। कटोराताल रोड स्थित क्रय-विक्रय सहकारी समिति कार्यालय के बाहर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) से जुड़े किसानों ने धान को पोर्टल पर चढ़ाकर भुगतान की मांग को लेकर आरंभ किया गया धरना तीसरे दिन भी जारी रखा इसके बाद शाम को आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया। किसानों का कहना था कि बीते अक्टूबर माह में तौल केंद्र पर तौले गए धान को अभी तक पोर्टल पर नहीं चढ़ाया गया है, जिसके चलते किसानों के 12 हजार कुंतल धान के मूल्य का भुगतान नहीं हो पाया है। काशीपुर ब्लॉक में 12 तौल केंद्र पर ये धान तोले गए थे। मौके पर पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि किसानों का भुगतान समय से नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन फिर से किया जाएगा।

भाकियू युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने कहा कि धान पोर्टल पर अपलोड नहीं होने से उनका भुगतान नहीं मिल रहा है। उन्होंने धरना स्थल पर पहुंचे विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा से मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की। मंडी समिति की रीजनल मार्केटिंग ऑफिसर लता मिश्रा ने भी किसानों से वार्ता की और राइस मिलर्स की बैठक बुलाई। इसके बाद कुछ किसानों का धान पोर्टल पर चढ़ जाने और शेष का धान चढ़ाए जाने के आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया। भाकियू युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने बताया कि धरना स्थगित किया गया है, खत्म नहीं। इस दौरान मनप्रीत सिंह, अविनाश सिंह, लवप्रीत सिंह, गुरविंदर सिंह, उदित शर्मा, सतनाम सिंह, गुरमुख सिंह, गुरमीत सिंह, दिलबाग सिंह, समर पाल सिंह, ज्ञान सिंह, सुखबीर सिंह, प्यारा सिंह, दलवीर सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान बंधु मौजूद रहे।

## 24 लाख 70 हजार रुपये की ठगी

**काशीपुर।** प्लॉट खरीद के नाम पर 24 लाख 70 हजार रुपये की ठगी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महेन्द्र सिंह पुत्र पृथ्वी निवासी मोहल्ला पतेहउल्लागंज ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह काशीपुर में प्लॉट खरीदना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंकज त्यागी पुत्र सुरेश कुमार त्यागी निवासी प्रेमनगर, देहरादून हाल निवासी मोहल्ला टांडा उज्जैन काशीपुर, अंकित चौहान पुत्र हदेश कुमार चौहान तथा जगरूप पुत्र बलकार सिंह निवासी छीनाफार्म से हुई। इन लोगों ने उसे रमेश सिंह पुत्र डालचंद तथा उसके पुत्र आकाश उर्फ भोला व पवन निवासी ग्राम ढकिया गुलाबो, थाना काशीपुर से मिलवाया। आरोप है कि रमेश सिंह की ग्राम सरवरखेड़ा स्थित सिटी होम कंपनी में एक संपत्ति पीड़ित को दिखाई गई। संपत्ति पसंद आने पर 4940 वर्ग फीट भूमि का सौदा 24 लाख 70 हजार रुपये में तय हुआ। आरोपियों ने पूरी रकम पंकज त्यागी, अंकित और जगरूप को देने के लिए कहा और रकम मिलने के बाद बैनामा कराने का आश्वासन दिया। पीड़ित के अनुसार उसने 22 जनवरी 2020 से 8 जुलाई 2020 के बीच अलग-अलग तिथियों में पूरी रकम अदा कर दी। बैनामा कराने की मांग की तो आरोपी टालमटोल करते रहे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 15 मार्च 2025 को जब उसने दोबारा बैनामा कराने या रकम वापस करने को कहा तो आरोपियों ने न केवल इनकार कर दिया, बल्कि जान से मारने और शव ढेला नदी में दबाने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पंकज त्यागी, अंकित चौहान, जगरूप, रमेश, आकाश उर्फ भोला और पवन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सैनेटरी की दुकान में चोरी

**काशीपुर।** रामनगर रोड स्थित एक सैनिटरी की दुकान में नववर्ष की पूर्व रात्रि अज्ञात चोरों ने दीवार तोड़कर लाखों रुपये के कीमती सामान और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप चोरी के खुलासे की मांग की है। लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी मोनीश सैफी पुत्र मोहम्मद दीन ने कटोराताल चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रामनगर रोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के समीप उनकी द टाइल गैलरी नाम से सैनिटरी की दुकान है। बुधवार को मोनीश सायं करीब चार बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह लगभग दस बजे जब उन्होंने दुकान का शटर खोलकर देखा तो अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने दुकान के पीछे बने वॉशरूम की दीवार तोड़कर भीतर प्रवेश किया और कीमती ब्रास टोटियां, मिक्सर, टाइवेजर सहित लाखों रूपये का सैनिटरी सामान चोरी हुआ।

## बिट्टू कर्नाटक ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने गुरुवार को ग्राम पंचायत कनेरी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें



विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर कर्नाटक ने मौके पर सक्षम अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में गैस का वाहन नहीं आने के कारण उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही ग्रामीणों ने पूर्व दर्जा राज्य मंत्री कर्नाटक को कई समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर कर्नाटक ने अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य है कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जो जनहितकारी योजनाएं हैं इसका लाभ लेने से कोई भी वंचित न रहे। यहां प्रधान नंदकिशोर उपाध्याय, क्षेत्र पंचायत सदस्य गोविंद सलाल, देवेंद्र कर्नाटक, सुरेश कांडपाल, हरीश चंद्र जोशी, भूपेंद्र सिंह भोज, रमेश जोशी, हयात सिंह बिष्ट, गौरव कांडपाल, सूरज सिंह मेहता, सूरज सलाल आदि मौजूद रहे।

# कूड़ा एकत्रीकरण व्यवस्था का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिलापंचायत ने ग्रामीण बाजारों में कूड़ा एकत्रीकरण व्यवस्था का नव वर्ष पर शुभारंभ किया। जिलाधिक. ारी, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक बागेश्वर, अपर जिला पंचायत अधिकारी ने संयुक्त रूप से 4 कूड़ा एकत्रीकरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर उनके गंतव्य को भेजा। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जनपद बागेश्वर के 35 प्रमुख ग्रामीण बाजारों में कूड़ा एकत्रीकरण, परिवहन एवं पृथकीकरण कार्य का शुभारंभ गुरुवार को जिला पंचायत परिसर से किया गया। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने कहा कि जिला पंचायत बागेश्वर द्वारा चयनित ग्रामीण बाजारों में रवाईखाल,



गागरिगोल, गंगोली, घाघली, लोबाज, कोसानी, देवनाई, बज्यूला, पिंगलो, सिरकोट, मनकोट, घिंगारूतोला, काण्डा पड़ाव, काण्डा स्टेशन, विजयपुर, कमेड़ीदेवी, जोशीगांव, दानुछीना, कठपुड़िया छीना, चौगांवनछीना, पौड़ी बैंड, चौरा, दो फाड़, बनलेख, रीमा, हरसीला, असो, शामा, फरसाली, चौक, सोंग, बिनायक टॉप एवं खाती से रोस्टर के अनुसार कूड़े का एकत्रीकरण व परिवहन किया जाएगा। एकत्रित कूड़े को जनपद के तीनों विकासखण्डों मेलाडूंगरी, उतरोड़ा एवं मंगरूपहरी में स्थापित कॉम्पेक्टर शेडों में कॉम्पैक्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण बाजारों में नियमित कूड़ा एकत्रीकरण एवं पृथकीकरण से स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने कहा कि जिला पंचायत आने वाले दिनों में जिले के पर्यटन स्थल पिंडारी ग्लेशियर, सुंदर दुंगा ग्लेशियर, कफनी ग्लेशियर, कौसानी आदि स्थानों में भी अभियान चलाने के साथ साथ लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवाल, जिला पंचायत सदस्य नीमा गड़िया, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अनिल जोशी सहित जिला पंचायत के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनुसंधान गतिविधियों को और सशक्त बनाना होगा

## विश्वविद्यालय में नववर्ष कार्यक्रम एवं शोध परिषद की चौथी वार्षिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय में शोध निदेशालय द्वारा नववर्ष कार्यक्रम और विश्वविद्यालय की रिसर्च काउंसिल की चौथी वार्षिक बैठक गांधी हाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने की।

इस अवसर पर कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक शोध डा. एसके वर्मा और संयुक्त निदेशक शोध डा. पीके सिंह भी मंच पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफ़ेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय में अनुसंधान गतिविधियों को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध से न केवल कृषि और समाज की समस्याओं का



समाधान होता है, बल्कि विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान भी सुदृढ़ होती है। उन्होंने सभी से अनुसंधान कार्यों को व्यावहारिक उपयोग से जोड़ने और तकनीकों के व्यवसायीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत में, निदेशक शोध डा. एसके वर्मा ने वर्ष 2025 के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित प्रमुख अनुसंधान उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के शोध केंद्रों पर विभिन्न फसली प्रजातियों से 7540 कुंतल प्रमाणित बीज का उत्पादन किया गया और 190 शोध पत्र प्रकाशित किए गए। इसके अलावा, 26 पेटेंट दाखिल किए गए, जिनमें से 2 पेटेंट विश्व. विद्यालय को प्राप्त हुए। वर्तमान में विश्वविद्यालय में 320 अनुसंधान परियोजनाएं चल रही हैं, जिनकी कुल लागत 7853 लाख रुपये है। इसके साथ ही 435 लाख रुपये की बायो-एफीकेसी परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। डा. दीपा विनय ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी को पुरानी बातों को पीछे छोड़कर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से विद्यार्थियों में तनाव को कम करने और उनके भविष्य के कल्याण के लिए उदार भावना से कार्य करने की अपील की। इस दौरान डा. सुमित चतुर्वेदी, डा. अर्चना कुशवाहा और डा. रविन्द्र कुमार को डा. राधाकृष्णन बेस्ट टीचर-रिसर्चर अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विश्वविद्यालय के 64 वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त निदेशक शोध डा. अनिल कुमार ने किया और अंत में डा. पीके सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक का समापन विश्वविद्यालय में अनुसंधान को नई दिशा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और किसान-केंद्रित शोध को प्राथमिकता देने के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## सूर्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित ग्राम गौरव खेल महोत्सव सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा ग्राम करनपुर में सात दिवसीय कार्यक्रम ग्राम गौरव खेल महोत्सव का विधिवत समापन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नरेंद्र सह विभाग प्रचारक नैनीताल विभाग, चरणजीत सिंह जिला पंचायत सदस्य काशीपुर, कामेश्वर दलाई सूर्या फाउंडेशन ट्रस्टी, डॉ. प्रशांत एडवोकेट



हाई कोर्ट, रवि साहनी प्रबंधक सरस्वती शिशु मंदिर करनपुर, हरिओम सुधा ग्राम प्रधान करनपुर, विनोद फौजी ग्राम प्रधान टीला, हिमांशु क्षेत्र प्रमुख सूर्या फाउंडेशन, भरत साह सूर्या फाउंडेशन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस खेल महोत्सव के अंतर्गत 50 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 1 किलोमीटर दौड़, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, सूर्या नमस्कार प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कबड्डी की प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया इसमें टीला गांव की टीम करनपुर को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम किया उसी प्रकार वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दुर्गापुर की टीम करणपुर की टीम को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम किया। कार्यक्रम में कृषि कार्य प्रमुख सुनील कुमार, सूर्या कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर टीचर अमनदीप कौर, सूर्या यूथ क्लब शिक्षक प्रियांशु जोशी, संध्या कोहली, प्रिया लोहनी, हेमा रानी आदि प्रमुख रूप रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों ने महाकालेश्वर के दर्शन किए

**उज्जैन, वार्ता।** नव वर्ष के अवसर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख खिलाड़ियों ने गुरुवार तड़के श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रातष्कालीन भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाक. ालेश्वर के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। श्री महाकाल पवन समिति द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्मृति मंधाना, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, राधा यादव, शेफाली वर्मा एवं रेणुका सिंह ठाकुर ने भस्म आरती में सहभागिता कर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन के उपरांत मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस-एन-सोनी ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

### मांडविया ने अरुणाचल की अंडर-16 टीम से सूरत हवाई अड्डे पर की मुलाकात



**सूरत, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ- मनसुख मांडविया ने गुरुवार को सूरत हवाई अड्डे पर अरुणाचल प्रदेश की अंडर-16 टीम से मुलाकात की। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अरुणाचल प्रदेश की विजय मर्चेंट ट्रॉफी खेलने आई अंडर-16 टीम से सूरत एयरपोर्ट पर अचानक मुलाकात हुई। उनसे मिलकर हृदय आनंदित हो गया।

# मिचेल मार्श करेंगे टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी

## मिचेल के अलावा कई सीनियर खिलाड़ियों ने टीम में वापसी की




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका और भारत में सात फरवरी से शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के लिए 15 सदस्यों की प्रोविजनल टीम की घोषणा की है। मिचेल मार्श को टीम का कप्तान बनाया है साथ ही कई सीनियर खिलाड़ियों ने टीम में वापसी की है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, चयनकर्ताओं ने महाद्वीप की स्थिति का अनुभव रखने वाले और बहुमुखी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को देखते हुए विश्व कप के लिए टीम का चयन किया है। टीम में पैट कमिस, कैमरन ग्रीन और कूपर कोनोली की वापसी हुई है। इस टीम में स्पिन की तरफ भी साफ झुकाव है, जिसमें एडम जम्पा को मैथ्यू कुहनेमन, कोनोली और स्पिन-कैपेबल ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट को जगह दी गई है। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इस प्रारुप में टीम की लगातार सफलता के कारण स्पष्टता के साथ विश्व कप के लिए योजना को अंजाम दिया है। बेली ने कहा कि टी-20 टीम ने हाल ही में काफी सफलता हासिल की है, जिससे पैनल को श्रीलंका और भारत में अलग-अलग तरह के हालात के हिसाब से खिलाड़ियों के चयन में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पैट कमिस, जॉश हेजलवुड और टिम डेविड अच्छा खेल रहे हैं, और हमें भरोसा है कि वे विश्व कप के लिए उपलब्ध होंगे। यह शुरुआती टीम है, इसलिए अगर बदलाव करने की जरूरत पड़ी, तो वे सपोर्ट पीरियड से पहले किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से संन्यास और स्पेंसर जॉनसन के चोटिल होने के बाद प्रोविजनल ग्रुप में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को शामिल नहीं करने का फैसला किया है। नतीजतन, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया गया है और चयनकर्ताओं ने उन्हें बेन ड्वारशुइस जैसा एक विकल्प चुना है। ऑस्ट्रेलियाई प्रोविजनल टीम इस प्रकार है:- मिशेल मार्श, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिस, टिम डेविड, कैमरन, नाथन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश, मैथ्यू कुहनेमन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा शामिल हैं। विश्व कप से पहले पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अलग टीम की घोषणा अभी होनी है।

# भारतीय क्रिकेट जगत में नए साल की बधाई के साथ 2026 का किया स्वागत

● **आईसीसी के अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, फैंस को बाउंड्री से भरे साल की शुभकामनाएं दी और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने बड़ा स्कोर करेंगे**




**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट के बड़े नामों ने गुरुवार को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, और उम्मीद, हिम्मत और सकारात्मकता के संदेशों के साथ 2026 का स्वागत किया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को नए साल की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, फैंस को बाउंड्री से भरे साल की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि 2026 में सपने बड़ा स्कोर करेंगे। पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने एक प्रेरणा देने वाला संदेश साझा किया, जिसमें लोगों से खुद पर विश्वास बनाए रखने और अपना बेस्ट देने की कोशिश करते रहने की अपील की। युवराज ने कहा कि जब दिन मुश्किल हो, तो आप पीछे नहीं हटते, आप उठते हैं और इसे फिर से करते हैं। उन्होंने कहा कि वह उन पलों, लोगों और अनुभवों के लिए शुक्रगुजार हैं जिन्होंने बीते साल को बनाया। पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने सभी को नए साल की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नई शुरुआत और सभी के लिए 2026 खुशहाल हो। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इस जश्न में शामिल हुए और उन्होंने एक पर्सनल नोट पोस्ट करके नए साल का स्वागत 'अपने पसंदीदा लोगों के साथ हाथ में हाथ डालकर' किया, साथ ही सभी को 2026 की शुभकामनाएं दीं।

# ऑस्ट्रेलिया के लिए ऐशज के 5वें टेस्ट में स्टीव स्मिथ करेंगे कप्तानी



**5वें एशेज टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम**

**स्टीव स्मिथ** (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड और ब्यू वेबस्टर शामिल हैं।

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी एशेज टेस्ट की 15 सदस्ईय टीम के लिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया है। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चार जनवरी से शुरु होने वाले टेस्ट मैच में नियमित कप्तान पैट कमिस की गैरमौजूदगी में, सीनियर बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे।

कमिंस, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट नहीं खेल पाए थे, एडिलेड टेस्ट में वापस आए और ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी की। टीम प्रबंधन ने कमिंस के वर्कलोड को मैनेज करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले उनकी फिटनेस सुनिश्चित करने के लिए सीरीज के बाकी मैचों के लिए इस तेज गेंदबाज को आराम देने का फैसला किया है। कमिस को पहले ही इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम में शामिल किया जा चुका है। उस्मान ख्वाजा ने, अपने टेस्ट भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच, सिडनी टेस्ट के लिए टीम में अपनी जगह बनाए रखी है। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के पहले पसंद के सलामी बल्लेबाज के तौर पर की थी, लेकिन उनका अभियान काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर पाए, ब्रिसबेन टेस्ट में पूरी तरह से बाहर रहे और स्मिथ की बीमारी के कारण नंबर चार पर बल्लेबाजी करने के लिए वापस बुलाए जाने से पहले उन्हें शुरू में एडिलेड में टीम से बाहर रखा गया था।

# मर्फी की नजर सिडनी में स्पिनरों के लिए बड़ी भूमिका पर



● **मुझे नहीं लगता कि सीरीज शुरू होने से पहले ऐसी कोई प्लानिंग या विचार नहीं था कि स्पिन की कोई भूमिका नहीं होगी: मर्फी**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज सीरीज में स्पिन का ज्यादा रोल नहीं रहा है, लेकिन ऑफस्पिनर टॉड मर्फी को उम्मीद है कि सीरीज के आखिरी टेस्ट में ऐसा नहीं होगा, जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है, यह एक ऐसा मैदान है जिसने ऐतिहासिक रूप से स्पिनरों का साथ दिया है। जबकि इंग्लैंड ने अब तक चार टेस्ट में अपने मुख्य स्पिनर शोएब बशीर को खिलाने के लालच से खुद को रोका है, वहीं नाथन लियोन की भी ऑस्ट्रेलिया के लिए सीमित भूमिका रही है। हालांकि, लियोन के चोटिल होने और सिडनी में मर्फी के लिए मौके की उम्मीद के साथ, ऑफस्पिनर के पास यह मानने के कारण हैं कि घरेलू टेस्ट में उनकी बड़ी भूमिका होगी। मर्फी ने गुरुवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि सीरीज शुरू होने से पहले ऐसी कोई प्लानिंग या विचार था कि स्पिन की कोई भूमिका नहीं होगी।मुझे लगता है कि यह बस ऐसा ही हुआ है। मुझे लगता है कि यह साल दर साल बदलेगा। अगले साल यह पूरी तरह से अलग हो सकता है। मर्फी ने अब तक 7 टेस्ट में 22 विकेट लिए हैं, जिनमें से सभी घर से बाहर लिए गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आखिरी मैच फरवरी 2025 में गाले में हुआ था। घर पर, फरवरी 2023 में डेब्यू करने के बाद से, उन्हें लियोन के स्पिन विभाग की अगुवाई करने के कारण अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा है। लेकिन यह इंतजार उनके लिए कोई हैरानी की बात नहीं थी। मर्फी ने कहा कि जब मैंने डेब्यू किया तब शायद मैं समझ गया था कि यह मेरे लिए कभी भी सीधा नहीं होने वाला है। जब नाथन वापस आएंगे तो मैं टीम में अपनी जगह नहीं बना पाऊंगा और मुझे हमेशा शील्ड क्रिकेट में वापस जाकर खुद को बेहतर बनाना होगा। उस समय मैं सिर्फ 23 साल का था, इसलिए मुझे अभी भी लगता था कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए लंबा रास्ता तय करना है। मुझे अभी भी लगता है कि मैं भी वही खोजने की कोशिश कर रहा हूं और लगातार बेहतर हो रहा हूं। पिछले कुछ सालों से मैं वहीं काम कर रहा हूं और खुद का सबसे अच्छा वर्जन ढूंढने की कोशिश कर रहा हूं। मर्फी को आखिरकार पांचवें टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के स्पिन अटैक को लीड करने का मौका मिल सकता है।

# अधिनियम के चयनित प्रावधानों के लागू होने की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 के चयनित प्रावधानों के लागू होने की अधिसूचना जारी की है। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 (25 ऑफ 2025) को 18 अगस्त, 2025 को आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित किया गया था। अधिनियम की धारा 1(2) में प्रावधान है कि अधिनियम उस तिथि से लागू होगा जो केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियुक्त करे, और अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के लिए अलग -अलग तिथियां नियुक्त की जा सकती हैं। तदनुसार, राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2026 को वह तिथि नियुक्त की है जिस दिन उक्त अधिनियम की धारा 1 से 3, धारा 4 की उपधारा (1), (2) और (4), धारा 5 की उपधारा (1) और (2), धारा 8 की उपधारा (5), धारा 11 की उपधारा (1), धारा 14 और 15, धारा 17 की उपधारा (1) से (7) और (10), धारा 30 और 31 तथा धारा 33 से 38 के प्रावधान लागू होंगे। लागू किए गए प्रावधानों में राष्ट्रीय खेल निकायों की स्थापना और शासन ढांचा शामिल है, जिनमें राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, एनपीसी, राष्ट्रीय खेल संघ और क्षेत्रीय खेल संघ, राष्ट्रीय खेल बोर्ड का गठन, मान्यता प्राप्त खेल संगठनों पर लागू अनुपालन आवश्यकताएं, मान्यता प्राप्त खेल संगठनों के विशेषाधिकार और कर्तव्य, राष्ट्रीय खेल न्याय अधिकरण का गठन और केंद्र सरकार की नियम बनाने की शक्तियां शामिल हैं।

# 2026 में पूरी तरह फिट रहना चाहते हैं सितसिपास




● **एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर-3 खिलाड़ी 2025 सीजन के दूसरे हाफ में पीठ की चोट से जूझ रहे थे**

**पर्थ, वार्ता।** एटीपी रैंकिग में पूर्व नंबर 3 खिलाड़ी 2025 सीजन के दूसरे हाफ में पीठ की चोट से जूझ रहे थे और सितम्बर में डेविस कप में ग्रीस के लिए दो सिगल्स मैच खेलने के बाद उन्होंने फिर से कोई मुकाबला नहीं खेला। सितसिपास ने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ब्रेक लिया और अब पर्थ में आराम और तरोताजा महसूस कर रहे हैं, जहां वह सीजन की शुरुआत में होने वाले यूनाइटेड कप में टीम ग्रीस का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी कर रहे हैं। त्सित्सिपास ने गुरुवार को टीम ग्रीस की टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने ठीक होने में कुछ समय बिताया। मैं लंबे समय तक कोर्ट से दूर रहा। सीजन के आखिरी तीन या चार टूर्नामेंट में मैं मुश्किल से खेल पा रहा था। इसलिए यह महत्वपूर्ण था कि कुछ ऐसा किया जाए जिससे मैं फिर से स्वस्थ होकर वापस आ सकूं। उन्होंने कहा कि मैंने ठीक होने और वापस उसी स्थिति में आने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए। तो अब तक मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा फीडबैक है, यह जानते हुए कि मैंने अपना पूरा प्री-सीजन बिना किसी दर्द, बिना किसी परेशानी के पूरा किया है।

मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा ही रहेगा और मैं यूनाइटेड कप से इसकी शुरुआत करूंगा और उम्मीद है कि 2026 सीजन के लिए भी ऐसा ही रहेगा। 12 बार के टूर-लेवल चैंपियन सितसिपास ने 2025 में 22-16 का रिकॉर्ड बनाया। 27 वर्षीय खिलाड़ी उस शारीरिक बुनियाद को फिर से बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिस पर उनका जबरदस्त खेल हमेशा आधारित रहा है। सितसिपास ने कि जिस चीज को लेकर मैं सबसे ज्यादा उत्साहित हूं, वह है पिछले कुछ हफ्तों में की गई अपनी असल ट्रेनिग को देखना और यह देखना कि यह मेरी पीठ के मामले में कैसा रिस्पॉन्स देती है, क्योंकि मेरी सबसे बड़ी चिता यह रही है: क्या मैं सच में एक मैच पूरा कर पाऊंगा? उन्होंने कहा कि पिछले छह से आठ महीनों से मेरे मन में यही चल रहा था।

मैं लगातार सोच रहा था, 'अगर मैं कोई मैच जीतता हूं, तो क्या मैं अगले दिन वापस आकर बिना दर्द के दूसरा मैच खेल पाऊंगा? यूएस ओपन में अपनी पीठ की चोट के कारण हारने के बाद मैं सच में बहुत डर गया था, क्योंकि मैं दो दिनों तक चल भी नहीं पा रहा था। जब ऐसी चीजें होती हैं, तो आप अपने करियर के भविष्य के बारे में फिर से सोचने लगते हैं। मुझे बस उम्मीद है कि 2026 में ऐसा कुछ नहीं होगा। मैं असल में दुनिया के सबसे अच्छे स्पोर्ट्स डाक्टरों में से एक के पास गया था, और उन्होंने अब तक मुझे ठीक करने का वादा किया है।

# एबॉट-बाबर की मदद से सिक्सर्स ने रेनेगेड्स के खिलाफ जीत का सिलसिला कायम रखा

● **पाकिस्तान के बाबर आजम ने 46 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए**

**मेलबर्न, वार्ता।** सिडनी सिक्सर्स ने मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ लगातार 10वीं बीबीएल जीत हासिल की, और नए साल के दिन मार्वल स्टेडियम में छह विकेट से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। 2019 से रेनेगेड्स से न हारने का सिक्सर्स का रिकॉर्ड खतरे में था, जब वे 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में 69 रन पर 2 विकेट गंवा चुके थे।

लेकिन पाकिस्तान के स्टार बाबर आजम (46 गेंदों में नाबाद 58) और कप्तान मोइसेस हेनरिक्स (23) की शानदार पारी की मदद से सिक्सर्स ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की। हेनरिक्स के आउट होने के बाद जोएल डेविस (15 गेंदों में नाबाद 34) ने अपनी बीबीएल की सबसे बड़ी पारी खेलते हुए एक महत्वपूर्ण कैमियो खेला, जिससे बाबर पर से दबाव कम हुआ, जिन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत में धीमी बल्लेबाजी की थी। अंत में दोनों ने आसानी से जीत हासिल की, बाबर ने पांच गेंद शेष रहते हुए एक ऊंचा कवर ड्राइव लगाकर चार रन बनाकर जीत दिलाई। बीबीएल में अपने शुरुआती दौर में धीमी शुरुआत के बाद, पाकिस्तान के इस बल्लेबाज ने पिछले तीन मैचों में दो अर्द्धशतक लगाकर फॉर्म में वापसी की है। मार्वल स्टेडियम में मुश्किल पिच और बहुत धीमी आउटफील्ड पर, बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद रेनेगेड्स ने सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन के जरिए बढ़त बनाने की कोशिश की। बेन ड्वार्शुइस के पहले ओवर - पारी के तीसरे ओवर - में 22 रन लेने के बाद, ब्राउन ने 19 गेंदों में 43 रन बनाए, जिसमें चार छक्के शामिल थे।

# प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एसए20 में जीत दर्ज की

● **न्यूलैंड्स में खेले गए मुकाबले में कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से हराते हुए बोनस प्वाइंट जीत दर्ज की**

**गक्वेबेरहा, वार्ता।** न्यू ईयर ईव प्रिटोरिया कैपिटल्स के लिए खुशकिस्मत साबित हुई, जब उन्होंने बुधवार को अपनी पहली जीत दर्ज कर एसए20 सीजन 4 में विजय का खाता खोला। इसी दिन पार्ल रॉयल्स ने भी अपनी पहली जीत हासिल की।

न्यूलैंड्स में खेले गए मुक. ाबले में कैपिटल्स ने एमआई केप टाउन को 85 रन से हराते हुए बोनस प्वाइंट जीत दर्ज की। इस जीत के नायक रहे विंडीज के ऑलराउंडर शरफेन रदरफोर्ड, जिनके लिए यह न्यू ईयर ईव बेहद यादगार रही। रदरफोर्ड ने 15 गेंदों में 6 छक्कों की मदद से नाबाद 47 रन बनाए, जबकि डेवाल्ड ब्रेविस ने 13 गेंदों पर नाबाद 36 रन (1 चौका, 4 छक्के) जड़े। दोनों ने बल्लेबाजी में आतिशी प्रदर्शन किया। इसके बाद रदरफोर्ड ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/24 दर्ज किया। कैपिटल्स के 220/5 के विशाल स्कोर के जवाब में एमआई केप टाउन की पूरी टीम 135 रन पर सिमट गई। 'स्काई ब्लूज' की इस जोड़ी ने मात्र 27 गें. दों में 86 रन की विस्फोटक साझेदारी कर खराब पावरप्ले की भरपाई की। इससे पहले फिट होकर लौटे रबाडा ने शुरुआती झटके देते हुए कैपिटल्स को 36/3 की स्थिति में ला दिया था। अंतिम पांच ओवरों में कैपिटल्स ने केवल एक विकेट के नुकसान पर 92 रन जोड़े। इस दौरान रन रेट 18-2 रहा। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौकों-छक्कों की होड़ लगी रही, लेकिन पारी का सबसे रोमांचक पल तब आया जब रदरफोर्ड ने पेनल्टीमेट ओवर में डेवाल्ड प्रिटोरियस पर लगातार चार छक्के जड़ दिए। यह सिलसिला कुल छह लगातार छक्कों का था, जिसकी शुरुआत पिछले ओवर में ब्रेविस के दो छक्कों से हुई थी। इन दोनों के शानदार प्रदर्शन ने न्यूलैंड्स में मौजूद दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। यह शानदार अंत तब देखने को मिला, जब इससे पहले शाई होप (30 गेंदों पर 45 रन, 3 चौके, 2 छक्के) और विहान लुब्बे (36 गें. दों पर 60 रन, 7 चौके, 2 छक्के) ने पारी को संभालते हुए मजबूत आधार दिया था। प्लेयर ऑफ द मैच के लिए चार दावेदार थे-डेवाल्ड ब्रेविस, विहान लुब्बे, केशव महाराज और शरफेन रदरफोर्ड। फैन वोटिंग में 77-4 प्रतिशत मत हासिल कर रदरफोर्ड ने यह पुरस्कार जीता। एमआई केप टाउन की जीत की उम्मीद पूरी तरह उनके सलामी बल्लेबाजों रिकेल्टन (17 गेंदों पर 33 रन) और रासी वान डर डुसेन (20 गेंदों पर 28 रन) पर निर्भर थी। दोनों ने पावरप्ले में 60 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि, दोनों के जल्दी-जल्दी आउट होने से एमआई केप टाउन की पारी लड़खड़ा गई। इसके बावजूद निकोलस ने केशव (3/28) पर लगातार चार छक्के जड़ते हुए 6 गेंदों में 25 रन बनाए।

# नेक्स्ट जेन एटीपी स्टार जोडर बने प्रो

**नई दिल्ली, वार्ता।** राफेल जोडर ने पिछले महीने जेद्दा में पीआईएफ द्वारा प्रस्तुत अपने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल में प्रभावित किया, और 19 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने अब 2026 सीजन से पहले प्रो बनने के अपने फैसले की घोषणा की है। जोडर ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके घोषणा की कि वह 2024 और 2025 में वर्जीनिया यूनिवर्सिटी हूजयिर्स का प्रतिनिधित्व करने के बाद अपने अमेरिकी कॉलेज करियर को खत्म कर देंगे। 19 साल के जोडर ने दिसम्बर में जेद्दा में 2-1 का स्कोर किया, जब उन्होंने ग्रुप-स्टेज में टॉप सीड और आखिरकार चैंपियन लर्नर टिएन और मार्टिन लैंडालूस के खिलाफ जीत हासिल की। जोडर ने लिखा कि गहरे विचार-विमर्श, सावधानीपूर्वक सोच और अपने परिवार और कोचों के साथ कई बातचीत के बाद, मैंने यूवीए में अपनी बची हुई कॉलेज एलिजिबिलिटी को छोड़ने और 2026 से अपने प्रोफेशनल टेनिस करियर को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कॉलेज में मेरे समय ने एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में मेरे विकास में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है, और अब मुझे लगता है कि मैं यह अगला कदम उठाने और अपने जीवन में एक नई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हूं। 2025 में तीन एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद, जोडर एटीपी रैंकिंग में नंबर 168 के रूप में एक प्रो के रूप में अपना जीवन शुरू करेंगे। वह नवम्बर की शुरुआत में अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिग नंबर 166 पर पहुंचे थे।

# एमबाप्पे की चोट रियल मैड्रिड के लिए झटका

● **क्लब ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई**



**मैड्रिड, वार्ता।** रियल मैड्रिड को 2025 के अंत में बुरी खबर मिली है, क्लब ने पुष्टि की है कि टॉप स्कोरर किलियन एमबाप्पे को ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई है। इस वजह से वह रविवार को बेटिस के खिलाफ घर पर होने वाले ला लीगा मैच से बाहर रहेंगे और सऊदी अरब में होने वाले स्पेनिश सुपरकप में भी उनके खेलने पर संदेह है।

क्लब ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर बताया कि हमारे खिलाड़ी किलियन एमबाप्पे पर रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज द्वारा आज किए गए टेस्ट के बाद, उनके बाएं घुटने में मोच का पता चला है। जैसा कि रियल मैड्रिड के साथ आम तौर पर होता है, मेडिकल रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया कि फांसीसी स्ट्राइकर कब वापसी करेंगे, बस इतना कहा गया कि उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी। हालांकि, यह तथ्य कि रियल मैड्रिड 8 जनवरी को जेद्दा में सुपरकप के दूसरे सेमीफाइनल में एटलेटिको के खिलाफ खेलेगा, इसका मतलब है कि उनके पास ठीक होने के लिए बहुत कम समय है और उन्हें इस प्रतियोगिता के लिए एक बड़ा संदिग्ध माना जाना चाहिए, जिसका फाइनल 11 जनवरी को है। ज्यादातर लोगों का मानना है कि सऊदी अरब में रियल मैड्रिड के कोच जाबी अलोंसो की नौकरी दांव पर लगी है और टीम अपने स्टार खिलाड़ी के बिना अलोंसो के भविष्य के लिए खेल सकती है। एमबाप्पे ने इस सीजन में रियल मैड्रिड के 25 मैचों में से 24 में खेला है, जिस एकमात्र मैच में वह नहीं खेले थे, उसमें चैंपियंस लीग में मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ घर पर 2-1 से हार मिली थी। उन्होंने 18 ला लीगा मैचों में 18 गोल (रियल मैड्रिड के कुल 36 गोल का आधा) और पांच चैंपियंस लीग खेलों में नौ और गोल किए हैं।

## मंगलौर नगर पालिका ने कस्बे से हटवाया अवैध अतिक्रमण

# जेएम व ईओ के नेतृत्व में चली जेसीबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** नगर क्षेत्र में मुख्य मार्ग को अतिक्रमण से मुक्ति के लिए कार्य जोरो पर शुरू हो चुका है। जहां ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने मौके का निरीक्षण कर जल्द कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका ने जेसीबी के माध्यम से अतिक्रमण भी हटाया।

मंगलौर में प्रतिदिन लगने वाले जाम को लेकर केंद्र सरकार द्वारा मंगलौर गुड़ मंडी से लेकर अब्दुल कलाम चौक तक सड़क का चौड़ीकरण व ओवर ब्रिज का कार्य प्रगति पर है। जिसके पूरा होने से मंगलौर में लगने वाले जाम से लोगों को काफी हद तक राहत मिलेगी। उक्त निर्माण के निरीक्षण के लिए गुरुवार को रूडकी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचन्द्र सेट मंगलौर पहुँचे और एनएच के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय पुलिस कर्मी



और नगर पालिका प्रशासन और एनएच के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जल्द से जल्द कार्य को पूरा किया जाए। साथ ही नगर पालिका परिषद के अधिकारियों के साथ हाईवे के किनारे किये गए अतिक्रमण को जेसीबी के द्वारा

**❖गुडमंडी से अब्दुल कलाम चौक तक अतिक्रमण पर रहेगी पैनी नजर**

हटवाया और आगे से दोबारा हाईवे पर अतिक्रमण न करने की चेतावनी भी दी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने बताया कि मंगलौर में लगातार चलते जाम से निजात दिलवाने को लेकर कार्य किया जा रहा है। कहां कट रहेगा और कहां यूटर्न देना है उसको भी देखा जा रहा है जल्द ही अभी व्यवस्थाओं को जाँच परख कर हाईवे को जाम से मुक्ति मिलेगी।

# नए साल पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस का कड़ा प्रहार, 8 युवक पकड़े, वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने थर्टी फस्ट के नाम पर हुडदंग करने वाले के विरूध्द का कडा प्रहार करते हुए 08 वाहन सीज करते हुये नशे मे वाहन चलाने वाले व्यक्तियो को किया गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रूडकी पुलिस ने थर्टी फस्ट के नाम पर हुडदंग करने वाले के विरूध्द का कडा प्रहार किया है। दिनाँक 31.12.2025 को नये वर्ष के आगमन पर प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय कोतवाली रूडकी व प्रभारी निरीक्षण यातायत की संयुक्त टीम द्वारा आम जन मानस की सुरक्षा हेतु रूडकी क्षेत्र मे जगह जगह ड्युटी ड्युटी नियुक्त की गयी थी ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न हो। नये वर्ष पर अधिकांश लोग शराब का सेवन कर गलत तरीके से वाहन आदि को चलाते है लोगो की सुरक्षा का ध्यान रखते हुये गलत तरीके से वाहन को चलाने वाले 08 व्यक्तियो को गिरफ्तार कर उनके वाहनो को सीज की कार्यवाही की गयी। एक वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन मे हूटर लगाकर हूटर अनावश्यक रूप से बजाकर शहर मे घूम रहा था जिसके वाहन को सीज करते हुये हूटर भी जब्त किये गये।

'ड्रिंक एण्ड ड्राइव मे गिरफ्तार व्यक्तियो व सीज वाहनो का विवरण' 1.जोशी उर्फ हर्ष पुत्र अमन कुमार निवासी आसफनगर मंगलौर 2.मनोज कुमार पुत्र फूल सिह निवासी नई बस्ती आलमसपुर मुजफ्फर 3.साकिब पुत्र सफदर अली निवासी मोहल्ला किला मंगलौर वाहन संख्या 5024 4.मोहित चंचल पुत्र स्व0 राममूर्ति चंचल निवासी जटवाडापुल घास मण्डी ज्वालापुर 5.नदीम पुत्र शफीक निवासी माहीग्रान रूडकी वाहन संख्या 0280 6.सलमान पुत्र मो0 सलाम निवासी तेल्लीवाला पाडली गुर्जर 7.मुकेश कुमार पुत्र बनवाली लाल निवासी रूडकी वाहन संख्या 6387 8. अनिल कुमार पुत्र किशनपाल निवासी खंजरपुर रूडकी कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

# विधायक ने नए साल पर सड़क पर निकाल कर जनता का जाना हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नववर्ष के अवसर पर रुड़की नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर और बाजारों में जाकर लोगों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने आमजन से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और नववर्ष को आपसी सौहार्द एवं विकास के संकल्प के साथ मनाने का संदेश दिया।विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि "जनता का स्नेह और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। नए वर्ष में रुड़की के विकास को नई गति देना हमारी



प्राथमिकता रहेगी। उनकी इस पहल से क्षेत्रवासियों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# बहुउद्देशीय शिविर में राज्यमंत्री देशराज ने सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** राज्य मंत्री देशराज कर्णवाल की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के न्याय पंचायत मोहम्मदपुर जट के बारात घर में 'जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 66 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 404 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 1480 लोगों ने प्रतिभाग किया।

बहुउद्देशीय शिविर में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 29 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर)देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों



तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।शिविर में विभिन्न विभागों की जन-कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 75 समस्याएं दर्ज कराई गईं, जिनमें से 29 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दीपेंद्र सिंह नेगी ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बहुउद्देशीय शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

# शुगर मिल कर्मचारियों का डेढ़ साल से वेतन न मिलने पर धरना प्रदर्शन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** शुगर मिल इकबालपुर में कार्यरत कर्मचारी को पिछले 16 माह से वेतन नहीं मिलने से शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा वही मिल कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री सहित अन्य कहीं अधिकारियों को पत्र भेजकर उनका वेतन दिलाने की मांग की गई है

जानकारी के अनुसार झबरेड़ा के इकबालपुर शुगर मिल में लगभग 300 कर्मचारी कार्यरत है ।शुगर मिल कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें 16 महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। वेतन नहीं मिलने से उनकी पारिवारिक स्थिति दयनीय हो गई है। बच्चों की स्कूल फीस खाने का खर्च तथा दवाइयां के खर्च के लाले पड़ गए हैं ।राशन की दुकानों से भी उधार मिलना बंद हो गया है। शुगर मिल प्रबंधन 16 माह से बार-बार वेतन देने का झूठा आश्वासन दे रहा है। पेराई सत्र 2025-2026 अभी तक शुरू नहीं हो पाया है । तक उन्हें वेतन नहीं मिल जाता तब तक वे शुगर मिल परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। इस दौरान धरना प्रदर्शन में नवीन कुमार मुकेश कुमार नाजिम अली महकार सिंह प्रदीप नवीन सैनी मनोज भूलकर प्रदीप शर्मा जगत सिंह सरदार ऋषि कुमार विनोद सतेंद्र सिद्धार्थ नरेंद्र सरदार ईश्वरपाल शामिल रहे।

## सीढ़ियों पर चढ़ते वक्त व्यक्ति नीचे गिरकर हुआ घायल

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति मकान की छत पर चढ़ते समय सीडियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उपचार के चलते चार दिन बाद उक्त की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव निवासी 47 वर्षीय आजाद सिंह 26 दिसंबर की देर शाम अपने मकान की छत पर जाने के लिए सीडियां चढ़ रहा था किसी तरह सीड़ी से पैर फिसलने के कारण नीचे गिर गया तथा गंभीर रूप से घायल हो गया ।परिजनों द्वारा उक्त को इलाज हेतु जॉली ग्रांट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार देरात्रि उक्त की उपचार के चलते मौत हो गई। मृतक के शव को ग्राम झबरेड़ी में लाया गया जहाँ अंतिम संस्कार कर दिया गया । परिजनों का रो होकर बुरा हाल है।मृतक के यहां कोई सँतान नही थी।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पुलिस ने अवैध चाकू लेकर घूमने वाले युवक को गिरफ्तार किया है जो किसी घटना को अंजाम देने की फिराक मे था। पुलिस ने किया घटना से पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध चाकू बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रूडकी पुलिस के हेकानि0 संदीप व कानि0 गोविन्द रात्रि गश्त मे रवाना थे उपरोक्त कर्मगण गश्त करते हुये ढण्डेरा फाटक के पास पहुँचे तो एक व्यक्ति फाटक के सामने ग्राउण्ड मे दिखाई दिया। जो पुलिस पार्टी को संदिग्ध होने पर कर्म गणों के द्वारा उक्त व्यक्ति रोकाने का प्रयास करने लगा जो अचानक से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस पार्टी द्वारा तुरन्त ही भागने का मौका दिये बिना ही पकड लिया। जिसके कब्जे से अवैध नाजायज चाकू बरामद हुया। जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम समीर पुत्र शहनवाज उर्फ बुध्दु निवासीग्राम ढण्डेरा रूडकी कोतवाली रूडकी बताया जो चाकू से लोगो को डरा धमकाकर लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक मे था। अभियुक्त समीर पर कोतवाली रूडकी पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 25(1-ख)(ख) आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। 'गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध चाकू बरामद कर लिया है। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में हेकानि0 संदीप कोतवाली रूडकी कानि0 अमित रावत कोतवाली रूडकी कानि0 प्रदीप डंगवाल कोतवाली रूडकी आदि शामिल रहे।

## दो प्रदेशों की पुलिस ने चेक किए वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** नए साल की पूर्व संध्या पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नारसन बॉर्डर पर हरिद्वार और मुजफ्फरनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। कई चालकों ने चेकिंग को देखकर वैकल्पिक मार्गों का सहारा लिया। अभियान का उद्देश्य बॉर्डर क्षेत्र से अपराधियों, संदिग्धों और हुड़दंगियों की आवाजाही पर रोक लगाना था। मंगलौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि र यूपी पुलिस के साथ मिलकर बॉर्डर पर चेकिंग की गई है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी हुई है। पुलिस पूरी तरह सतर्क है।

# एनएसएस छात्रों ने ग्रामीणों को किया मतदान के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम साबतवाली में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया ।शिविर के पहले दिन ग्राम वासियों को सवयं सेवियो द्वारा ग्राम वासियों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

ग्राम साबतवाली में चौधरी भरत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के शुभारम में कालेज प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी ने शिविर में भाग ले रही स्वयं सेवायों को अनुशासन में रहकर कार्य करने को कहा गया। शिविर में 58सवम सेवियां उपस्थिति रही ।शिविर के प्रथम दिन स्वयं सेवियों द्वारा ग्राम वासियों को अपने मत का प्रयोग करने के महत्व को बताते हुए जन जागरूकता अभियान चलाया गया ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरवन कुमार बारू सिंह एनसीसी कमांडेड सुशील कुमार आशीष कुमार गुंजन पूनम कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार वह ओमपाल सिंह उपस्थित रहे।

# एआरटीओ ने ग्यारह लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** नए साल के जश्न में डूबे लोगों के बहकाने पर एआरटीओ ने मानवता की मिसाल पेश की है। दो दिन चले अभियान में 11 चालक ऐसे मिले जो बेसुध हालत में थे। सड़क दुर्घटना को कम करने और जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरटीओ की टीम ने उन्हें हरिद्वार के विभिन्न स्थानों पर स्थित उनके घर पहुंचाया।

देर रात तक अभियान में यातायात नियमों को उल्लंघन करने पर सीज और चालान की कार्रवाई होती रही। जिलेभर में चेकिंग होने से वाहन चालकों में भी अफरातफरी का माहौल रहा। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे और कई लोगों के घरों में देर रात तक नए साल का जश्न मनाया गया। इस बीच जश्न में कई लोग इतना डूब गए कि वह वाहन चलाने में असमर्थ होने लगे। इस बीच एआरटीओ की शहर और देहात की टीम ने जिलेभर में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान में 11 वाहन चालक ऐसे मिले जो नशे की हालत में थे। मौके पर परिस्थितियों को देखते हुए टीम ने इन लोगों को उनके घर सुरक्षित पहुंचाया। इस बीच करीब 35 वाहनों को ड्रिंक एंड ड्राइव में सीज किया गया। रुड़की, भगवानपुर, नारसन में सचल दल और बाइक स्क्वॉड ने भी यातायात नियमों का पालन कराया। एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्ण चंद्र पलड़िया ने बताया कि 11 चालक ज्यादा नशे की हालत में मिले थे जो सही से वाहन नहीं चला पा रहे थे। मौके की परिस्थितियों और आमजन की जानमाल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बहादराबाद, कनखल, ज्वालापुर, कलियर, रहमतपुर और रुड़की क्षेत्र में रहने वाले 11 लोगों को उनके घर सकुशल पहुंचाया गया। अभियान में 35 वाहन ड्रिंक एंड ड्राइव में सीज किए गए।

# अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा एक जिंदा बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को चेकिंगके लिए निर्देशित किया था जिसमें उच्च अधिकारियों के आदेश पर चेकिंग के दौरान 31 दिसंबर 2025 को पुलिस में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया उसके कब्जे एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम आसिफ पुत्र कामिल निवासी ग्राम भारापुर थाना बहादराबाद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला हेड कांस्टेबल मनोज मिनान कांस्टेबल अनूप पोखरियाल शामिल है पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नाले में पलटा ट्रक मजदूर घायल

**भगवानपुर।** क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर के पास बने नाले में ट्रक पलटने से उसमे सवार एक मजदूर घायल हो गया। घायल को राहगीरों की मदद से बाहर निकालकर रुड़की के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यमुनानगर निवासी मोहम्मद सुहेल बुधवार को ट्रक में सामान भरकर भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में पहुंचा था। दोपहर बाद सामान खाली करने के बाद वह ट्रक लेकर लौट रहा था। जैसे ही ट्रक ग्राम सिकंदरपुर के पास पहुंचा दूसरे वाहन को ओवरटेक करने के दौरान अचानक ट्रक का एक टायर नाले में चला गया जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक में बैठा मजदूर राजेश कुमार, निवासी यमुनानगर ट्रक में फंस गया और घायल हो गया।

# गोदाम में लगी आग लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** फायर स्टेशन रुड़की को एक रिहायशी क्षेत्र में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी रुड़की के नेतृत्व में फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर फायर यूनिट द्वारा हाई प्रेशर वाहन से होज रील फैलाकर पंपिंग की गई और घर के स्टोर में लगी आग को कड़ी मेहनत एवं सूझबूझ के साथ पूर्ण रूप से बुझाया गया। फायर यूनिट की समय रहते की गई कार्रवाई से आग को फैलने से रोका गया। यदि समय पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो पास में स्थित आवासीय भवनों के लिए यह आग गंभीर खतरा बन सकती थी। फायर यूनिट रुड़की के त्वरित रिस्पांस टाइम, सतर्कता एवं कुशल कार्यवाही से एक बड़ी जनधन हानि टल गई। आग की चपेट में आने से उक्त मकान के स्टोर में रखे बीड़ी, माचिस, सिगरेट के अनेक डिब्बे, बैग, इनवर्टर, खिड़की-दरवाजे, एक मोटरसाइकिल एवं एक साइकिल जलकर नष्ट हो गए। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मकान स्वामी श्री पंकज गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चंद्र गुप्ता, निवासी राजपूताना, निकट पूर्व मेयर आवास, कोतवाली गंगनहर रुड़की, अपने परिवार सहित मौके पर मौजूद रहे। कोतवाली गंगनहर की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर उपस्थित रही। अग्निशमन कार्य पूर्ण होने के उपरांत घटना की सूचना कंट्रोल रूम रुड़की को दे दी गई। घटनास्थल पर पहुंची फायर टीम में शामिल रहे: अग्निशमन अधिकारी बंश नारायण यादव, लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा,चालक विपिन सिंह तोमर, फायरमैन जगवीर सिंह, फायरमैन हरिश्चंद्र राणा, फायरमैन शंकर कुमार, फायरमैन सुनील सिंह शामिल रहे।

## नववर्ष पर कलियर पुलिस का जनता को बड़ा तोहफा

# 82 खोए मोबाइल मालिकों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** सनव वर्ष 2026 के पहले ही दिन हरिद्वार पुलिस ने आमजन को राहत और खुशियों की सौगात देते हुए एक सराहनीय कार्य किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे "ऑपरेशन रिकवरी" के तहत थाना कलियर पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के 82 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे।

बरामद किए गए मोबाइलों की कुल बाजार कीमत करीब 16 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। ये मोबाइल उत्तराखण्ड सहित अन्य राज्यों से कलियर दरगाह में जियारत के लिए आए जायरीन एवं स्थानीय निवासियों के थे, जो मोबाइल खोने के बाद उम्मीद लगभग छोड़ चुके थे। मोबाइल वापस मिलने पर उनके चेहरों पर खुशी साफ झलकती दिखाई दी।

थाना कलियर पुलिस ने यह सफलता बम्प्त पोर्टल की प्रभावी मदद से हासिल की। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष में भी थाना कलियर पुलिस द्वारा बम्प्त पोर्टल एवं अन्य माध्यमों से करीब 220 मोबाइल फोन (लगभग 33 लाख रुपये मूल्य) बरामद कर मोबाइल स्वामियों को लौटाए जा चुके हैं। इस सराहनीय कार्य में क्षेत्राधिकारी नरेन्द्र पंत, थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, बबलू चौहान, हेड कांस्टेबल



सोनू चौधरी एवं होमगार्ड ललित की महत्वपूर्ण भूमिका रही। हरिद्वार पुलिस का यह प्रयास न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में है, बल्कि आमजन के प्रति पुलिस की संवेदनशील और जनहितैषी छवि को भी सुदृढ़ करता है।

# लक्सर पुलिस ने नए साल पर 15 नशेड़ी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा 150 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमे अलग-अलग क्षेत्र में पुलिस टीम बनाई गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग क्षेत्र से 15 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 150 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ पर उन्होंने अपने नाम समीर उर्फ गुड्डू पुत्र जुल्फिकार निवासी रसूलपुर कंकर खाता विकास पुत्र राकेश निवासी उपरोक्त अमर उर्फ अमन पुत्र जाती राम निवासी अकबरपुर ऊद सोहेल पुत्र जहीर निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी गुरमीत पुत्र प्रेम सिंह निवासी टीकमपुर सोनू कुमार पुत्र रिशिपाल निवासी उपरोक्त ओम प्रकाश उर्फ ओमपाल निवासी मोहम्मदपुर बुजुर्ग अमित पुत्र महेंद्र निवासी प्रीतपुर अमरपाल पुत्र फूल सिंह निवासी टांडा भागमाल छोटा पुत्र कलीराम निवासी भोगपुर त्रिलोक पुत्र करपाल निवासी टांडा भागमल अब्बास पुत्र रियाज निवासी बहादुरपुर फाटक महेश कुमार पुत्र जमुना प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 5 लक्सरी अमित पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम भूरना थाना कोतवाली लक्सर उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह रविंद्र नागर



प्रदीप कनौजिया मनोज मिनान कांस्टेबल महेंद्र सिंह चौहान अनिल वर्मा अरविंद चंदेल गंगा सिंह संदीप रावत सतपाल किशोर नेगी रघुनाथ सिंह अमित रावत अरविंद चौहान रविंद्र मनोज शर्मा राजेंद्र दिगंबर अजीत तोमर देवेंद्र सिंह आशीष पांडे शामिल रहे पकड़े गए नशा तस्करों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए सभी नशा तस्करों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 2 जनवरी 2026

# नहीं रुक रहे हमले

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जिसमें खोकन चंद्र दास नामक व्यक्ति को भीड़ ने घेर लिया और किसी तरह उन्होंने सड़क किनारे स्थित एक तालाब में कूदकर जान बचाई, बाद में स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिए भेजा। खोकन चंद्र मोबाइल बैंकिंग का कारोबार करते हैं। निसंदेह इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। यह देखना और भी दुखद है कि इस तरह की घटनाओं का क्रम पिछले कुछ दिनों से थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारत सरकार भी अपना विरोध दर्ज करा चुकी है। जाहिर है यह सीधे-सीधे नफरत की सोच है और इस तरह की सोच एक दिन में पैदा नहीं होती। बेशक भारत अपना विरोध दर्ज करा रहा है और हमें कराना भी चाहिए, लेकिन हमें यह भी देखना चाहिए कि इस तरह की घटनाएं खुद भारत में भी जन्म ले रही हैं। बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की निंदा करते समय हमें अपने यहां होने वाली घटनाओं की भी निंदा करनी चाहिए। यह देखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि बांग्लादेश से हमारे संबंध निरंतर खराब होते जा रहे हैं। उसका कारण बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का उभार है। जो निरंतर बढ़ता जा रहा है। विशेषकर शेख हसीना की हुकूमत जाने के बाद, तो इस तरह की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है। भारत में भी इस तरह की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। जिससे सामाजिक तनाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है। सबसे बड़ी तो यही है कि हम सभी को समझना होगा कि इंसानियत की दुश्मन की मानसिकता से किसी का भला नहीं होने वाला। इस रास्ते पर चलकर विकास नहीं विनाश की ही सौगात मिलती है। जरूरत आज इस बात की है कि हम कट्टरपंथी विचारधारा को त्यागकर मानवता से प्रेरित विचारधारा को तरजीह दें। तभी इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। केवल कानूनों के सहारे इस तरह की घटनाओं को नहीं रोका जा सकता। राजनीति भी इस तरह की घटनाओं के लिए कम जिम्मेदार नहीं है। राजनीतिज्ञों को भी सोचना होगा कि कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने से उनको क्षणिक लाभ तो प्राप्त हो सकता है, लेकिन इस तरह की घटनाएं समाज व देश का बहुत नुकसान करती हैं। एक बार स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा भी था कि सरकारें तो आती जाती रहती हैं, लेकिन देश बने रहना चाहिए। बात बिल्कुल सही है। सबको समझना होगा कि देश सर्वोपरि है और यदि वास्तव में हम देशप्रेमी हैं, तो हमें सबसे पहला काम यही करना होगा जिससे हमारे सामाजिक ताने-बाने में मजबूती आए। कोई भी देश उतना ही मजबूत होता है जितना उसका सामाजिक तानाबाना मजबूत होता है। जहां तक बात बांग्लादेश की है यह देश इस समय विदेशी शक्तियों के हाथों खेल रहा है। चीन-पाकिस्तान इस समय वहां काफी दखल दे रहे हैं, ऐसे में बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे विकास का लाभ



आम लोगों की दिन-प्रतिदिन की जिंदगी डर, दबाव और जटिल नियम-कानूनों से मुक्त होकर सरल और सहज होनी चाहिए, बहुजन समाज के लिए अपने बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष जारी रखना आज भी जरूरी है, विकास का लाभ संविधान की भावना के अनुरूप सभी जरूरतमंदों तक पहुंचे, न कि केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रहे, सही विकास वही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में भी वास्तविक बदलाव दिखाई दे, कानून का राज केवल सख्ती से नहीं, बल्कि निष्पक्षता और बिना भेदभाव के कार्रवाई से ही संभव है, देश में नफरत, घृणा और हिंसा का माहौल खत्म करना नए साल की बड़ी जरूरत है, सभी नागरिकों के जान-माल और सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# जलवायु परिवर्तन के समाधानों को और अधिक व्यापक बनाना जरूरी

अजरबैजान के बाकू नगर में नवम्बर 11 से 22 तक 2024 जलवायु परिवर्तन का 29वां महासम्मेलन (जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र संघ फ्रेमवर्क कंवेंशन का सम्मेलन) आयोजित हुआ। इस महासम्मेलन से पहले संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम (यूनेप) ने अपनी वार्षिक उत्सर्जन रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार विश्व स्तर पर ग्रीनहाऊस गैसों के उत्सर्जन में जो कमी लानी है, उसकी रफ्तार को पहले से कहीं अधिक बढ़ाना होगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम ने बताया कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो ग्रीनहाऊस गैसों (कार्बन डाईऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड व कुछ फ्लोरिनेटिड गैसों) को कहीं अधिक तेजी से कम करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया तो इस शताब्दी में तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित न रहकर 2.6 से 3.1 डिग्री सेल्सियस तक होगी। सवाल यह है कि महासम्मेलन में इस उद्देश्य के अनुरूप एजेंडा कहां तक तैयार हो सकेगा। जलवायु बदलाव के सम्मेलनों का नियमित समय पर होते रहना तो खैर अपनी जगह पर उचित है, पर साथ में इस सच्चाई का सामना भी करना पड़ेगा कि ऐसे 28 महासम्मेलनों के बावजूद हम जलवायु बदलाव के नियंत्रण के लक्ष्य से पिछड़ते जा रहे हैं। ग्रीन हाउस गैसों पर समय रहते समुचित नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर, जलवायु बदलाव का बेहतर सामना कर पाने के लिए जरूरी अनुकूलन उपायों में भी समुचित सफलता नहीं मिल पा रही है बल्कि कुछ बदलाव तो ऐसे आ रहे हैं जिनसे अनुकूलन की स्थिति और विकट हो जाएगी। उदाहरण के लिए, कृषि क्षेत्र में व्यावसायिक हितों व बहुराष्ट्रीय कंपनियों का नियंत्रण विश्व के एक बड़े भाग में बढ़ता जा रहा है व छोटे साधारण किसानों व किसान परिवारों की स्थिति कमजोर होती जा रही है, जो अनुकूलन की दृष्टि से चिंता का विषय है क्योंकि यदि छोटे किसान वैसे ही आर्थिक दृष्टि से कमजोर होंगे तो प्रतिकूल मौसम की परिस्थितियों का सामना उनके लिए और कठिन हो जाएगा। यदि अभी तक की विफलताओं का संतुलित आकलन किया जाए तो स्पष्ट होगा कि बड़ी कठिनाई दो अवरोधों के कारण आ रही है। ये दोनों समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई भी हैं। पहली समस्या यह है कि विश्व के सबसे धनी देशों में स्थित कुछ बहुत शक्तिशाली व साधन-संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने संकीर्ण स्वार्थ साधने के लिए जलवायु एजेंडा में गड़बड़ कर रही हैं। सबसे बड़ी जरूरत यह रही है कि जीवाश्म ईंधन को तेजी से कम किया जाए व इसके स्थान पर शाश्वत ऊर्जा स्रोतों को विकसित किया जाए। किंतु जीवाश्म ईंधन की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां तरह-तरह की तिकड़में कर रही हैं ताकि उन्हें अपना व्यवसाय कम न करना पड़े (अपितु वे इसे और बढ़ा सकें), इसका प्रतिकूल असर जलवायु बदलाव नियंत्रण के प्रयासों पर पड़ रहा है। उसी तरह का व्यवहार कुछ अन्य बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी कर रही हैं। दूसरी बड़ी समस्या यह है कि धनी देशों में अभी यह सोच सही ढंग से नहीं आ पाई है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए विलासिता भरी जीवन-शैली को कम करना भी जरूरी है।



शराब, तंबाकू, हथियार, जहरीले रसायन से सम्बंधित कई उद्योग वैसे भी बहुत हानिकारक हैं व साथ में पर्यावरण की बहुत क्षति भी करते हैं, ग्रीनहाऊस उत्सर्जन भी बहुत करते हैं, पर इन हानिकारक उत्पादों को बहुत कम करने को पर्यावरण रक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बनाया गया है। इस तथ्य को अधिक धनी देशों में या तो ठीक से समझा नहीं जा रहा है या इसकी अनदेखी की जा रही है कि यदि विलासिता के उत्पाद तेजी से बढ़ते रहे व अनेक हानिकारक उत्पाद भी बढ़ते रहे तो पर्यावरण की रक्षा कठिन है व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करना कठिन होगा। इतना ही नहीं, अन्य देशों के अभिजात्य वर्ग में भी प्रायः यही प्रवृत्ति देखी गई है। चूंकि आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग की बुनियादी जरूरतों को तो बेहतर ढंग से पूरा करना ही चाहिए, अतः कटौती तो विलासिता के उत्पादों व हानिकारक उत्पादों की ही करनी होगी, पर शक्तिशाली तत्व इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते पर्यावरण रक्षा व जलवायु बदलाव नियंत्रित करने में बाधाएं आ रही हैं। अतः यह जरूरी है कि जलवायु बदलाव के संसाधनों को अधिक व्यापक बनाया जाए व विकास की ऐसी राह तलाशने का प्रयास किया जाए जो बुनियादी तौर पर पर्यावरण रक्षा के अनुकूल हो। अभी स्थिति बहुत चिंताजनक बनी हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि बुनियादी तौर पर जीवन शैली बदलने, औद्योगीकरण आधारित विकास का मॉडल बदलने, उत्पादन व उपभोग में बड़े बदलाव लाने व समता तथा सादगी का आदर्श अपनाने की दृष्टि से जो मूल सुधार चाहिए, उस दिशा में दुनिया नहीं बढ़ रही है। जलवायु बदलाव के इस दौर में भी उपभोगवाद छाया हुआ है। ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन अधिक करने वाले उद्योगों के लिए किसानों की उपजाऊ भूमि को उजाड़ा जा रहा है, वनों और चारागाहों का विनाश किया जा रहा है। अब समय आ गया है कि जलवायु बदलाव का संकट कम करने की दृष्टि से पूरे विकास के मॉडल को बदलने पर गंभीरता से विश्व स्तर पर विचार किया जाए। अब यह पहले से और भी जरूरी है कि समता और सादगी को विकास का मूल आधार बनाया जाए। यह भी पहले से और जरूरी हो गया है कि बड़े उद्योग और शहर आधारित अर्थव्यवस्था की अपेक्षा खेती-किसानी व गांव आधारित अर्थव्यवस्था को कहीं अधिक महत्व दिया जाए। हथियारों के उत्पादन व युद्ध की संभावना को न्यूनतम करना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। विश्व स्तर पर ऐसी योजना बनाना जरूरी है जो ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में पर्याप्त कमी और सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्यों को जोड़ सके।

**शराब, तंबाकू, हथियार, जहरीले रसायन से सम्बंधित कई उद्योग वैसे भी बहुत हानिक.ारक हैं व साथ में पर्यावरण की बहुत क्षति भी करते हैं, ग्रीनहाऊस उत्सर्जन भी बहुत करते हैं, पर इन हानिकारक उत्पादों को बहुत कम करने को पर्यावरण रक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं बनाया गया है। इस तथ्य को अधिक धनी देशों में या तो ठीक से समझा नहीं जा रहा है या इसकी अनदेखी की जा रही है कि यदि विलासिता के उत्पाद तेजी से बढ़ते रहे व अनेक हानिकारक उत्पाद भी बढ़ते रहे तो पर्यावरण की रक्षा कठिन है व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को भी कम करना कठिन होगा। इतना ही नहीं, अन्य देशों के अभिजात्य वर्ग में भी प्रायः यही प्रवृत्ति देखी गई है।**

**-साभार बीडी**
**(स्रोत फीचर्स)**

# कीटों के चिन्ह उजागर करते हैं पत्ते

**हम जानते हैं कि कई कीट प्रजातियां बहुत विशिष्ट होती हैं, केवल एक निश्चित पौधे पर ही रहती हैं और यदि यह पौधा विलुप्त हो जाता है तो कीट प्रजाति भी उसके साथ विलुप्त हो जाती है। हैरानी की बात है कि हम इन अंतर्क्रियाओं के बारे में बहुत कम जानते हैं। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों के बारे में तो हम यह अच्छे से जानते हैं, लेकिन बाकी कीट प्रजातियों के बारे में नहीं पता। यह तरीका पौधों से नमूना लेने और पौधे पर रहने वाले कीटों को पहचानने में मदद कर सकता है। आम तौर पर हर्बेरियम संग्रह बहुत कीमती होते हैं और शोधकर्ता नमूनों को पीसकर नुकसान पहुंचाए बिना डीएनए को सावधानीपूर्वक निकालने के तरीके विक.सित कर रहे हैं।**

वर्षों से शोधकर्ता यह पता लगाते रहे हैं कि किसी क्षेत्र में कौन सी प्रजाति रहती थीं। इसके लिए वे कैमरा ट्रैप जैसे कई पारंपरिक तरीकों के अलावा हाल के वर्षों की नई विधियों का उपयोग करते हैं जो उन्हें उस क्षेत्र की हवा, पानी, मिट्टी वगैरह जैसी चीजों से भी जीवों के डीएनए (पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए) ढूंढने और निकालने में मदद करती हैं। हाल ही में बायोलॉजी लेटर्स में प्रकाशित अध्ययन में ई-डीएनए के एक सर्वथा नए स्रोत, पौधों की सूखी पत्ती वगैरह, के बारे में बताया गया है। शोधकर्ताओं को सूखी चाय पत्ती के पाउच के विश्लेषण से कीटों की सैकड़ों प्रजातियां की उपस्थिति का पता चला है।

ट्रायर यूनिवर्सिटी के पारिस्थितिकी आनुवंशिकीविद और अध्ययन के लेखक हेनरिक क्रेहेनविन्केल ने दी साइंटिस्ट को बताया है कि दरअसल यह समझने के लिए कि कीटों में परिवर्तन कैसे हुए हमें लंबे समय के डैटा की आवश्यकता है। जब कीटों की प्रजातियों में गिरावट सम्बंधी अध्ययन पहली बार प्रकाशित हुए थे, तो कई लोगों ने यह शिकायत की थी कि इसका कोई वास्तविक दीर्घकालिक डैटा नहीं है। वे आगे बताते हैं कि ट्रायर यूनिवर्सिटी में नमूना बैंक है जिसमें पिछले 35 सालों से जर्मनी के विभिन्न पारिस्थितिक तंत्रों से विभिन्न पेड़ों के पत्ते एकत्रित किए जा रहे हैं। विचार यह आया कि क्या इन पत्तों पर रहने वाले कीटों के डीएनए को इन पत्तों से प्राप्त किया जा सकता है? चूंकि ये नमूने तरल नाइट्रोजन में सहेजे गए थे इसलिए इनमें डीएनए अच्छी तरह



संरक्षित होने की संभावना थी। इसलिए पहले तो इन नमूनों से डीएनए अलग किए गए, और इस डीएनए की मदद से इन पर आते-जाते रहने वाले संधिपादों (आर्थ्रोपोड) को पहचानकर उनका वर्गीकरण करने का प्रयास किया गया। पूरी तरह से फ्रोजन पत्तों से ई-डीएनए निकालने में सफलता के बाद सवाल आया कि क्या अन्य सतहों/परतों (सबस्ट्रेट्स) से भी डीएनए प्राप्त किए जा सकते हैं और क्या अन्य तरह के सबस्ट्रेट्स पर डीएनए सलामत होंगे? कीटों में परिवर्तन कैसे हुए इसे समझने के लिए क्या संग्रहालयों में सहेजे गए पौधे मददगार हो सकते हैं? कई अध्ययन बताते हैं कि यदि कोई कीट पत्ती कुतरता है तो वह अपनी लार के माध्यम से डीएनए अवशेष उस पर छोड़ जाता है परंतु कई अध्ययन यह भी बताते हैं कि ये डीएनए बहुत टिकाऊ नहीं होते, ये पराबैंगनी प्रकाश में खराब हो जाते हैं या बारिश में धुल जाते हैं, लेकिन हर्बेरियम में तो डीएनए को सहेजे रखने के लिए आदर्श स्थितियां होती हैं-सूखा और अंधेरा माहौल। हर्बेरियम रिकॉर्ड पर काम शुरू करने से पहले शोधकर्ताओं ने सोचा कि किसी ऐसी चीज का अध्ययन करना चाहिए जो हर्बेरियम रिकॉर्ड जैसी ही हो और संरचना के हिसाब से चाय (पत्ती) हर्बेरियम रिकॉर्ड के जैसी ही है। ये सूखी पत्तियां होती हैं जिन्हें अंधेरे में रखा जाता है। परीक्षण में चाय पत्ती में काफी जैव विविधता दिखी। लगभग 100-150 मिलीग्राम के टी-बैग में कीटों की लगभग 400 प्रजातियों के डीएनए मिले। ये नतीजे चौंकाने वाले थे, क्योंकि ये नमूने महीन पावडर थे। तो चाय बागान के सभी हिस्सों के ईडीएनए पूरी चाय पत्ती में वितरित हो गए थे। उम्मीद है कि इससे कीटों में हुए परिवर्तनों को समझने में मदद मिलेगी और हमें ऐसे नए पदार्थ मिलेंगे जो अतीत के समय की जानकारी दे सकें। आप चाहें तो फूलों को इकट्ठा कर लें और इन्हें सिलिका जेल की मदद से सुखा लें। फूल को एक छोटे से लिफाफे में रखकर इसे जिपलॉक फ्रीजर बैग में थोड़े से सिलिका जेल के साथ रखें तो एक दिन में फूल पूरी तरह सूख जाएगा। यानी सिद्धांतः हम कमरे के तापमान पर भी नमूनों को सहेज सकते हैं, तरल नाइट्रोजन वगैरह की जरूरत नहीं होगी। शोधकर्ता बताते हैं कि केवल यह जानना पर्याप्त नहीं है कि किसी क्षेत्र में कौन सी या कितनी प्रजातियां मौजूद थींय यह भी पता लगाना होगा कि ये कीट किस तरह अंतर्क्रिया करते हैं और क्या खाते हैं।

**...स्रोत फीचर्स**

# घर में इस पौधे को रखने का नव वर्ष पर लें प्रण, रहेंगे स्वस्थ

वृक्ष तथा विभिन्न वनस्पतियां धरती पर हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। भारतीय संस्कृति में भी प्राचीन समय से ही वृक्षों तथा वनस्पतियों को पूजनीय माना जाता रहा है। विभिन्न वनस्पतियां हमारे स्वास्थ्य की रक्षा में भी सहायक सिद्ध होती हैं। ऐसा ही एक छोटा परन्तु बहुत महत्वपूर्ण पौधा होता है तुलसी का।

हजारों वर्षों से विभिन्न रोगों के इलाज के लिए औषधि के रूप में तुलसी का प्रयोग किया जा रहा है। आयुर्वेद में भी तुलसी तथा उसके विभिन्न औषधीय प्रयोगों का विशेष स्थान है। आपके आंगन में लगे छोटे से तुलसी के पौधे में अनेक बीमारियों के इलाज करने के आश्चर्यजनक गुण होते हैं। सर्दी के मौसम में खांसी, जुकाम होना एक आम समस्या है। इनसे बचे रहने का सबसे सरल उपाय है तुलसी की चाय। तुलसी की चाय बनाने के लिए, तुलसी की ताजी पत्तियां लें और धोकर कुचल लें फिर उसे एक कप पानी में डालें। उसमें पीपरामूल, सौंठ, इलायची पाउडर तथा एक चम्मच चीनी मिला लें।

इस मिश्रण को उबालकर बिना छाने सुबह गर्मागर्म पीना चाहिए। इस प्रकार की चाय पीने से शरीर में चुस्ती, स्फूर्ति आती है और भूख बढ़ती है। जिन लोगों को सर्दियों में बार-बार चाय पीने की आदत है उनके लिए यह तुलसी की चाय बहुत लाभदायक होगी जो न केवल उन्हें स्वास्थ्य लाभ देगी अपितु उन्हें साधारण चाय के हानिक.ारक प्रभावों से भी बचाएगी। सर्दी, ज्वर, अरूचि, सुस्ती, दाह, वायु तथा पित्त संबंधी विकारों को दूर करने के लिए भी तुलसी की औषधीय रचना का अपना महत्व है। इसके लिए तुलसी की दस-15 ग्राम ताजी धुली पत्तियों को लगभग 150 ग्राम पानी में उबाल लें। जब लगभग आधा या चौथाई पानी ही शेष रह जाए तो उसमें उतनी ही मात्रा में दूध तथा जरूरत के अनुसार मिश्री मिला लें यह अनेक रोगों को तो दूर करता ही है साथ ही क्षुधावर्धक भी होता है। इसी विधि के अनुसार, काढ़ा बनाकर उसमें एक-दो इलायची का चूर्ण और दस-15 सुधामूली डालकर सर्दियों में पीना बहुत लाभकारी होता है। इसमें शारीरिक पुष्टता बढ़ती है। तुलसी के पत्ते का चूर्ण बनाकर मर्तबान में रख लें। जब भी चाय बनाएं तो दस-15 ग्राम इस चूर्ण का प्रयोग करें। यह चाय ज्वर, दमा, जुकाम, कफ तथा गले के रोगों के लिए बहुत लाभकारी है। तुलसी का काढ़ा बनाने के लिए तीन-चार काली मिर्च के साथ तुलसी की सात-आठ पत्तियों को रगड़ लें और अच्छी तरह मिलाकर एक गिलास द्रव तैयार करें। 21 दिनों तक सुबह लगातार खाली पेट इस काढ़े का सेवन करने से मस्तिष्क की गर्मी दूर होती है और उसे शक्ति मिलती है, क्योंकि यह काढ़ा हृदयोत्तेजक होता है इसलिए यह हृदय को पुष्ट करता है और हृदय संबंधी रोगों से बचाव करता है। एसिडिटी, संधिवात, मधुमेह, स्थूलता, खुजली, यौन दुर्बलता, प्रदाह आदि अनेक बीमारियों के उपचार के लिए तुलसी की चटनी बनाई जा सकती है। इसके लिए लगभग दस-दस ग्राम धनिया, पुदिना लें उसमें थोड़ा सा लहसुन, अदरख, सेंधा नमक, खजूर का गुड, अंकुरित मेथी, अंकुरित चने, अंकुरित मूंग, तिल और लगभग पांच ग्राम तुलसी के पत्ते मिलाकर महीन पीस लें। अब इसमें एक नींबू का रस और लगभग 15 ग्राम नारियल की छीन डालें। इस चटनी को रोटी के साथ या साग में मिलाकर खाया जा सकता है।



चटनी से कैलशियम, पौटेशियम, गंधक, आयरन, प्रोटीन तथा एन्जाइम आदि हमारे शरीर को प्राप्त होते हैं। एक बात ध्यान रखें यह चटनी दो घंटे तक ही अच्छी रहती है अतः इसका प्रयोग सदा ताजा बनाकर ही करें। दो घंटे के बाद इसके गुण में परिवर्तन आ जाता है। इस चटनी को कभी फ्रिज में न रखें। शीत ऋतु में तुलसी का पाक भी एक गुणकारी औषधि के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसके लिए तुलसी के बीजों को निकाल कर आटे जैसा बारीक पीस लें। अब लगभग 125 ग्राम चने के आटे में मोयन के लिए देसी घी व थोड़ा सा दूध डालकर उसे लोहे या पीतल की कड़ाही में घी डालकर धीमी आंच पर भुनें। बाद में लगभग 125 ग्राम खोआ डालकर उसे भुनें। इसके बाद उसमें बादाम की गिरि व तुलसी के बीजों का चूर्ण मिला लें। जब लाल हो जाए, तो इसमें इलायची व काली मिर्च डालकर इस मिश्रण को तुरंत उतार लें। अब मिश्री की चाशनी में केसर डालकर इस मिश्रण को उसमें डाल दें, अच्छी तरह मिलाएं, गाढ़ा होने पर थाली में ठंडा कर टुकड़े करें। सर्दी में प्रतिदिन 20 से 100 ग्राम मात्रा दूध के साथ खाने से बल वीर्य बढ़ता है। इससे पेट के रोग, वातजन्य रोग, शीघ्रपतन, कामशीतलता, मस्तिष्क की कमजोरी, पुराना जुकाम, कफ आदि में बहुत लाभ होता है।

अरिष्ट आसव बनाने के लिए 100 ग्राम बबूल की छाल को लगभग डेढ़ किलो पानी में तब तक उबालें जब तक कि पानी एक चौथाई न हो जाए। अब इसे छानकर इसमें लगभग 80 ग्राम तुलसी का चूर्ण, पांच सौ ग्राम गुड़, दस ग्राम पीपल तथा 80 ग्राम आंवले के फूल मिला दें। काली मिर्च, जायफल, दालचीनी, शीतलचीनी, नागक.ेसर, तमालपत्र तथा छोटी इलायची, प्रत्येक की दस-दस ग्राम मात्रा को कूट पीसकर इसमें मिला दें। इस मिश्रण को एक डिब्बे में बंदकर लगभग एक माह के लिए रखें। इसके बाद आसव को छानकर प्रयोग करें। प्रतिदिन सुबह इसकी एक चम्मच मात्रा के सेवन से खांसी, वीर्यदोष, निर्बलता तथा भूख न लगने जैसी बीमारियां दूर हो जाती हैं। आपके आंगन में लगे तुलसी के पौधे का न केवल धार्मिक महत्व होता है अपितु यह स्वास्थ्य लाभ भी देता है। किसी इमारत के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले लोग गमले में तुलसी लगा ही सकते हैं।



**नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस से पहले कर्तव्य पथ पर पूर्वाभ्यास के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के अधिकारी और जवान।**

# पाक-चीन गठजोड़ व धार्मिक कट्टरता को लेकर चेतावनी

## बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर एके अब्दुल मोमेन ने विश्व समुदाय को किया आगाह

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर एके अब्दुल मोमेन ने आगाह किया है कि यदि बंगलादेश पाकिस्तान और चीन के साथ अत्यधिक नजदीकी बढ़ाता है और धार्मिक कट्टरवाद पनपने देता है तो देश एक खतरनाक भू-राजनीतिक और वैचारिक भंवर में फंस सकता है।

उन्होंने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव, कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जताई है। वर्ष 2019 से 2024 तक बांग्लादेश के विदेश मंत्री रहे प्रो. मोमेन ने विशेष साक्षात्कार में कहा कि बंगलादेश-पाकिस्तान-चीन का उभरता गठजोड़ न केवल ढाका के लिए बल्कि समूचे दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में गहरी अस्थिरता पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ के कारण कई तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं जिनमें अमेरिका की ओर से दबाव या प्रतिबंध, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विश्वसनीयता में गिरावट, भारत और अन्य उदार पड़ोसी देशों से दूरी, और सबसे गंभीर रूप से जिहादी कट्टरवाद तथा अधिनायकवादी शासन की ओर बढना शामिल है। इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने इसी महीने कहा था कि 'रणनीतिक रूप' से यह संभव है कि बंगलादेश पाकिस्तान के साथ किसी ऐसे क्षेत्रीय समूह में शामिल हो सकता है जिसमें भारत न हो। यह सर्वविदित है कि दिवंगत प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के शासनकाल के दौरान बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चीन और पाकिस्तान दोनों से करीबी संबंध थे और उन्होंने उस समय पाकिस्तान की खुफिा एजेन्सी आईएसआई को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को अस्थिर करने के उद्देश्य से आतंकी शिविर चलाने की अनुमति दी थी। प्रो. मोमेन ने कहा कि बांग्लादेश की पहचान दांव पर लगी है जो 1971 में रक्त रंजित मुक्ति संग्राम के बाद अस्तित्व में आया, जिसकी नींव धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और भाषाई गौरव पर रखी गई थी। यह देश उन परिस्थितियों का सामना कर सकता है जहां उसे एक ऐसे जिहादी देश के रूप में ढाला जा सकता है जहां महिलाओं को द्वितीय श्रेणी का नागरिक बना दिया जाए और लोकतांत्रिक संस्थाओं को खोखला कर दिया जाए। उन्होंने यूनीवार्ता से कहा कि बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन गठजोड़ की प्रकृति के आधार पर यह हो सकता है कि ढाका को भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिसके गंभीर नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, जिनमें सीमा पर संघर्ष और घुसपैठ तक शामिल हैं। साथ ही चीन पर निर्भरता और निकटता के आधार पर अमेरिका की ओर से बढ़ते दबाव या प्रतिबंध झेलने पड़ सकते हैं, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उसकी स्वीकार्यता कम हो सकती है, और देश एक ऐसे जिहादी राष्ट्र में बदल सकता है जहां महिलाओं को द्वितीय श्रेणी का नागरिक माना जाएगा। प्रोफेसर मोमेन की यह चेतावनी सुशेख हसीना के सत्ता से अपदस्थ किए जाने के बाद बांग्लादेश की राजनीतिक दिशा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। सुहसीना ने दो दशकों से अधिक समय तक देश की राजनीति पर वर्चस्व बनाए रखा था। उन्होंने कहा कि सुहसीना भले ही आलोचकों के प्रति असहिष्णु रही हों लेकिन वह अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में एक दुर्लभ स्थिरता का प्रतीक थीं। वह एक धर्मनिरपेक्ष, गैर-सांप्रदायिक नेता थीं, जिन्होंने धार्मिक और जातीय भेदभाव से ऊपर उठकर आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता दी।

**■ मोमेन ने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जताई**



## मानवीय सहायता संगठनों से प्रतिबंध हटाए इजरायलः यूएन एजेंसियां

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की कई एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने बुधवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इजरायल से गाजा पट्टी और पश्चिमी तट में अंतर्राष्ट्रीय सहायता संगठनों के संचालन पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने का आह्वान किया है। बयान में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय सहायता संगठन गाजा और पश्चिमी तट में मानवीय कार्यों में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं और सालाना लगभग एक बिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 8990 करोड़ रुपये) की सहायता प्रदान करते हैं। गाजा में सर्दी के कारण परिवारों की मुश्किलें बढ़ रही है, खाद्य असुरक्षा गंभीर बनी हुई है और जीवन रक्षक सहायता की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है, ऐसे में सहायता समूहों पर प्रतिबंध लगाने से युद्धविराम के दौरान हुई मामूली प्रगति को नुकसान पहुंच सकता है। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए इसके और भी विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रूस के खेरसॉन में ड्रोन हमला, 24 की मौत, 50 से अधिक लोग घायल

**मॉस्को।** रूस के खेरसॉन क्षेत्र में एक कैफे और होटल पर तीन यूक्रेनी ड्रोन हमले में 24 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हैं। गवर्नर व्लोदोमिर साल्दो ने गुरुवार तड़के टेलीग्राम पर लिखा कि दुश्मन ने एक ऐसी जगह पर लक्षित ड्रोन हमला किया जहां नागरिक नए साल का जश्न मना रहे थे। तीन यूएवी ने खोरली में काला सागर तट पर एक कैफे और एक होटल पर हमला किया। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार इन हमलों में 24 लोग मारे गए और 50 से अधिक लोग हैं और हैं।

### दक्षिणी ब्राजील में गोलीबारी में पांच लोगों की मौत

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के पराना राज्य में हुई दो संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में एक मृतक और चार सशस्त्र संदिग्धों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। एक व्यक्ति का शव कॉर्नेलियो प्रोकोपियो के एक मोहल्ले में मिला, जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह शहर राज्य की राजधानी कुरुतिबा से लगभग 380 किमी और अर्जेंटीना और पैराग्वे के साथ ब्राजील की सीमा से लगभग 520 किमी दूर स्थित है।

### सीरिया के अलेप्पो में आत्मघाती बम हमले में एक की मौत

**दमिश्क।** उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर के बाब अल-फराज इलाके में बुधवार को एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस गश्ती दल को निशाना बनाया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सीरिया के आंतरिक सुरक्षा बलों के कई सदस्य घायल हो गए। कई सरकारी मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। साना समाचार एजेंसी ने बताया कि हमलावर ने आंतरिक सुरक्षा बलों के गश्ती दल के पास खुद को उड़ा लिया।

# ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बने

## कुरान पर हाथ रखकर शपथ ली, न्यूयॉर्क के इतिहास में ऐसा पहली बार, ममदानी का परिवार शामिल हुआ

**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयार्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयार्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयार्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं।

ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हाल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली। इनमें एक उनके दादा की कुरान और दूसरी जेब में रखी जाने वाली छोटी कुरान थी। कहा जा रहा है कि पाकेट साइज कुरान 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की की है। यह कुरान न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के शाम्बर्ग सेंटर फार रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे। इन कुरानों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी रमा दुवाजी ने किया है। इस काम में उनकी मदद करने वाली एक स्कालर के अनुसार, शपथ के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ए कुरान शहर की बड़ी और लंबे समय से मौजूद मुस्लिम आबादी को दर्शाता है। बता दें कि चुनाव अभियान के दौरान ममदानी ने महंगाई को प्रमुख मुद्दा बनाया था। साथ ही उन्होंने अपने धार्मिक विश्वास भी खुलकर सामने रखे। उन्होंने शहर के मस्जिदों का दौरा किया और पहली बार मतदान करने वाले कई दक्षिण एशियाई और मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन हासिल किया। ममदानी जिस पाकेट साइज कुरान पर शपथ ली, वह न्यूयार्क पब्लिक लाइब्रेरी के शाम्बर्ग सेंटर फार रिसर्च इन ब्लैक कल्चर के संग्रह का हिस्सा है। शाम्बर्ग सेंटर में मौजूद पाकेट साइज कुरान अश्वेत प्यूर्टो रिकन इतिहासकार आर्तुरो शाम्बर्ग के संग्रह का हिस्सा थी। यह स्पष्ट नहीं है कि यह कुरान ममदानी के पास कैसे पहुंची, लेकिन स्कालर्स का मानना है कि यह अमेरिका और अफ्रीका में इस्लाम और अश्वेत संस्कृतियों के ऐतिहासिक संबंधों में उनकी रुचि को दर्शाती है। यह कुरान सादे डिजाइन की है। कुरान पर गहरे लाल रंग की जिल्द लगी है और फूलों की आकृति बनी है। अंदर काले-लाल स्याही में लिखा गया है। इससे पता चलता है कि इसे सिर्फ प्रदर्शनी के लिए नहीं, बल्कि रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बनाया गया था। चूंकि कुरान पर तारीख या लेखक का नाम नहीं है, इसलिए इसकी उम्र का अनुमान इसके लेखन और जिल्द के आधार पर लगाया गया। माना जाता है कि यह उस्मानी दौर में, 18वीं सदी के अंत या 19वीं सदी की शुरुआत में तैयार हुई, उस क्षेत्र में जो आज के सीरिया, लेबनान, इजरायल, फिलिस्तीनी इलाके और जार्डन में शामिल है। न्यूयॉर्क पब्लिक लाइब्रेरी की क्यूरेटर हिबा आबिद के अनुसार, इस कुरान की न्यूयार्क तक की यात्रा ममदानी के बैकग्राउंड से मेल खाती है। ममदानी भारतीय मूल के न्यूयार्कवासी हैं, जिनका जन्म युगांडा में हुआ, जबकि उनकी पत्नी अमेरिकी-सीरियाई हैं। ममदानी ने 4 नवम्बर को न्यूयार्क शहर के मेयर का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया था। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर हैं। ममदानी मानसून वेडिंग और सलाम बाम्बे जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाली भारतीय मूल की मीरा नायर के बेटे हैं। चुनाव में जीत के बाद ममदानी ने ब्रुकलिन पैरामाउंट थिएटर में समर्थकों को संबोधित किया था। अपनी विक्ट्री स्पीच में उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को दिए गए 'ट्रिस्ट विद डेस्टिनी' का जिक्र किया था।



**■ दूसरे शपथ ग्रहण समारोह में ममदानी अपने दादा और दादी, दोनों की कुरानों का इस्तेमाल करेंगे**
**■ शपथ ग्रहण के लिए कुरान का चयन ममदानी की पत्नी ने किया**

## मादक पदार्थ ले जा रही नौकाओं पर अमेरिकी हमले में आठ की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में दो दिनों के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के संदेह में पांच नौकाओं को नष्ट किया, जिनमें सवार आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य जान बचाने के लिए समुद्र में कूद गए। यह जानकारी बुधवार को अमेरिकी दक्षिणी कमांड ने दी। कमांड की वेबसाइट पर जारी बयान के अनुसार युद्ध सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर जॉइंट टास्क फोर्स 'सदर्न स्पीयर' ने सोमवार को 'नामित आतंकवादी संगठनों' द्वारा संचालित तीन नौकाओं पर और बुधवार को दो अन्य नौकाओं पर हमले किए। कमांड ने बताया कि सोमवार को हुए पहले हमले में पहली नौका पर सवार तीन लोग मारे गए। बयान में कहा गया कि शेष नार्को-आतंकवादियों ने अन्य दो नौकाओं को छोड़कर बिना देर किए समुद्र में छलांग लगा दी। जिसके बाद संबंधित नौकाएं डूब गईं। एक अन्य प्रेस विज्ञप्ति में कमांड ने बताया कि बुधवार को की गई कार्रवाई के दौरान पांच लोगों की मौत हुई, जिनमें पहली नौका पर तीन और दूसरी नौका पर दो लोग शामिल थे।

# मणिपुर-मिजोरम के 5800 ब्नेई मेनाशे लोगों की इजरायल वापसी

**चुराचंदपुर।** मणिपुर और मिजोरम में बसे ब्नेई मेनाशे समुदाय (यहूदी) के करीब 5800 लोगों की इजरायल वापसी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इजरायली कैबिनेट की ओर से ढाई सौ करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से समुदाय को इजरायल ले जाया जाएगा। 2026 तक समुदाय के 1,200 लोग इजरायल भेजे जाएंगे।

जबकि, 2030 तक पूरी 'घर वापसी' का लक्ष्य रखा गया है। पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ियों में बसा यह समुदाय खुद को बाइबिल की 'दस खोई हुई जनजातियों' में से मेनाशे का वंशज मानता है। 2700 साल पहले असिरियन निर्वासन के बाद वे पूर्व की ओर बढ़े और अंत में भारत में बस गए। इजरायल सरकार की नई योजना से उनकी 'घर वापसी' तेज हो रही है। इसके तहत 2030 तक पूरी कम्युनिटी को इजरायल में बसाया जाएगा। हालांकि इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है। भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12000 थी। लेकिन, अब मणिपुर में करीब 4000 और मिजोरम में करीब 1800 बचे हैं। इनमें ज्यादातर चुराचंदपुर (मणिपुर) और आइजोल (मिजोरम) में है। ज्यूइश एजेंसी फार इजरायल की ओर से इनके स्क्रीनिंग के लिए दिसम्बर 2025 में आईजोल में 9 रब्बियों की टीम पहुंची थी। जाने वाले सदस्यों को इजरायल में शांति और सुकून की उम्मीद है। मिजोरम के कम्युनिटी लीडर जेरेमिया एल. ह्वामते कहते हैं, हम 'प्रामिस्ड लैंड' लौट रहे हैं। मणिपुरा हिंसा ने हमें मजबूर किया, पर यह हमारी जड़ों की पुकार है। एक युवा सदस्य ने कहा, 'यहां सुरक्षा नहीं, इजरायल में परिवार मिलन, नौकरी, आवास और हिब्रू शिक्षा मिलेगी।' मणिपुर में मई 2023 में मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। यह 2025 के शुरुआती महीनों तक जारी रही। हिंसा के दौरान कई इलाकों में आगजनी, लूट और हत्याओं की घटनाएं हुईं। हजारों लोग विस्थापित हुए और राहत शिविरों में रहने को मजबूर हुए।

**■ इस साल 1200 जाएंगे 2700 साल पहले असिरियन साम्राज्य में निर्वासित होकर आए थे भारत**
**■ इस तेजी के पीछे मणिपुर की जातीय हिंसा की त्रासदी भी छिपी बताई जा रही है**
**■ भारत में ब्नेई मेनाशे की कुल आबादी कभी 12000 थी**

## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी

**तेहरान।** ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ शुरू हुआ प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी हैं। देश के कई बड़े शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शन के चलते 31 दिसम्बर को एक 21 साल के पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं।

ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। रियाल की कीमत गिरने के चलते लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। वहीं एक व्यापारी ने कहा कि पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है। ईरान के बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की हैं। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। प्रदर्शन के दौरान लोग सरकार और ईरान की लीडरशिप के खिलाफ नारे भी लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारी 'मुल्लाओं को जाना होगा' और 'तानाशाही नहीं चलेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं।

**■ एक पुलिसकर्मी की मौत, 13 घायल, 'मुल्लाओं को जाना होगा' के नारे लगे**

## पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सड़क हादसा, 14 की मौत, 16 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में बुधवार को एक बस और वैन के आमने-सामने की टक्कर में कम से कम 14 यात्रियों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। झंग जिले के उपायुक्त अली अकबर ने मीडिया को बताया कि बस 'यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज' के खिलाड़ियों को एक खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लाहौर ले जा रही थी, तभी झंग जिले में उसकी एक वैन से टक्कर हो गई। अकबर ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब एक वाहन ने तेज गति से दूसरे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की।

# यूनुस सरकार में लगी इस्तीफों की झड़ी

## अब स्वास्थ्य सलाहकार सैयदुर रहमान ने भी छोड़ा पद

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में एक हफ्ते के भीतर दूसरे वरिष्ठ अधिकारी के इस्तीफे से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बांग्लादेश में मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार को उस समय झटका लगा, जब स्वास्थ्य मंत्रालय से जुड़े विशेष सलाहकार सैयदुर रहमान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब सरकार कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक फैसलों को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही है। मंगलवार रात कैबिनेट डिवीजन की ओर से जारी गजट अधिसूचना में बताया गया कि राष्ट्रपति ने सैयदुर रहमान का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उनके इस्तीफे के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं की गई है। वहीं, रहमान का कहना है कि उन्होंने एक महीने पहले ही इस्तीफा दे दिया था और मंगलवार को उसे औपचारिक मंजूरी मिली। उनका यह भी कहना है कि उसी दिन उनका सरकारी कार्यकाल समाप्त हो गया था। सैयदुर रहमान बांग्लादेश के एक वरिष्ठ चिकित्सक और प्रशासक रहे हैं। वे इससे पहले बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति रह चुके हैं। नवम्बर में उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए मुख्य सलाहकार का विशेष सहायक नियुक्त किया गया था और उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया था। उनके अचानक इस्तीफे ने सरकार की स्थिरता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। सैयदुर रहमान का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब इससे पहले 24 दिसम्बर को गृह मंत्रालय से जुड़े विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी ने भी पद छोड़ दिया था। इस तरह एक हफ्ते के भीतर अंतरिम सरकार के दो अहम चेहरे बाहर हो चुके हैं, जिससे प्रशासनिक अस्थिरता की चर्चा तेज हो गई है। खुदा बख्श चौधरी का इस्तीफा सरकार की कानून-व्यवस्था को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच हुआ था।



**■ नवम्बर में उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए मुख्य सलाहकार का विशेष सहायक नियुक्त किया गया था**

# भारतीय रिफाइनरियों के समक्ष नई चुनौतियां

## वेनेजुएला के 'शैडो फ्लीट' पर अमेरिका के नए प्रतिबंधों से बढ़ेंगी परेशानियां

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी वित्त विभाग द्वारा बुधवार को वेनेजुएला में निकोलस मादुरो की सरकार के 'शैडो फ्लीट' से जुड़ी चार शिपिंग कंपनियों और चार तेल टैंकरों पर नए प्रतिबंधों की घोषणा के बाद निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियां आपूर्ति श्रृंखला में फिर से व्यवधान से निपटने की तैयारी कर रही हैं।

शैडो फ्लीट, जिसे डार्क फ्लीट के नाम से भी जाना जाता है, टैंकरों और सहायक जहाजों के एक समूह को दर्शाता है जो प्रतिबंधित या उच्च जोखिम वाली वस्तुओं को स्थानांतरित करने के लिए भ्रामक शिपिंग विधियों का इस्तेमाल कर वास्तविक मूल, स्वामित्व या गंतव्य को छिपाते हैं। ट्रम्प प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 'अधिकतम दबाव' अभियान के तहत इस कदम का उद्देश्य वेनेजुएला सरकार की वित्तीय आपूर्ति को अवरुद्ध करना है। दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता भारत के लिए यह निर्णय पहले से ही नाजुक ऊर्जा सुरक्षा परिदृश्य को और अधिक जटिल बना सकता है। ये प्रतिबंध उन जहाजों को निशाना बनाते हैं जिन पर वेनेजुएला के भारी कच्चे तेल के परिवहन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को दरकिनार करने का आरोप है। हालांकि भारत हाल के वर्षों में अपने तेल भंडार में काफी विविधता लाया है फिर भी वेनेजुएला का कच्चा तेल रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी निजी क्षेत्र की भारतीय रिफाइनरियों के लिए एक मूल्यवान कच्चा माल बना हुआ है। ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते, भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई हैं। उद्योग विश्लेषकों का मानना है कि इन विशिष्ट टैंकरों को 'अवरुद्ध संपत्ति' सूची में शामिल करने से उपमहाद्वीप के लिए सभी निर्धारित माल परिवहन तत्काल रोक दिया जाएगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वित्तीय विभाग राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा मादुरो शासन पर दबाव बनाने के अभियान को जारी रखेगा।

**■ ये रिफाइनरी विशेष रूप से सस्ते, भारी ग्रेड के तेल को संसाधित करने के लिए डिजाइन की गई**











